आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

सास-ससुर की चाकुओं से हत्या! बहू की आंखों के सामने बर्षा...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शुक्रवार 04 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 259

www.janexpresslive.com/epaper

पीएम मोदी का घाना की संसद में संबोधन... 12

## यूपी कैबिनेट का अहम फैसला जेपीएनआईसी का संचालन करेगा लखनऊ विकास प्राधिकरण, प्रस्ताव को दी मंजूरी

# यूपी रोजगार मिशन का होगा गठन

- एक वर्ष में देश के अंदर एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार निजी रोजगार के अवसर दिलाने का लक्ष्य
- योगी कैबिनेट ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, हर हाथ को काम देने की दिशा में निर्णायक पहल
- प्रदेश के युवाओं को मिलेगा वैश्विक अवसर, अब सीधे भेजा जा सकेगा विदेशों में रोजगार पर
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया। इस मिशन का उद्देश्य न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नियोजन के अवसर दिलाना है वह भी अब सीधे राज्य सरकार के माध्यम से। कैबिनेट की बैठक के बाद सरकार के इस निर्णय की जानकारी दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह दूरदर्शी पहल न केवल प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाएगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को भारत का वैश्विक मानव संसाधन आपूर्ति केंद्र बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी।

### मिशन की संगठनात्मक संरचना

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां गठित की जाएंगी।

1. शासी परिषद
2. राज्य संचालन समिति
3. राज्य कार्यकारिणी समिति
4. राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई
5. जिला कार्यकारिणी समिति

### मिशन की प्रमुख गतिविधियां

- देश-विदेश में रोजगार मांग का सर्वेक्षण
- प्रतिष्ठित कंपनियों की सूची तैयार कर उनसे मांग एकत्र करना
- स्किल गैप का आकलन और आवश्यक प्रशिक्षण
- भाषा प्रशिक्षण और प्रि डिपार्चर ओरिएंटेशन
- करियर काउंसलिंग और कैम्पस प्लेसमेंट
- प्लेसमेंट के बाद सहायता व फॉलोअप सेवा

### इन प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

- बैठक में बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलमेंट अथॉरिटी एरिया रेगुलेशन 2025 को मंजूरी दी।
- औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति - 2022 के अंतर्गत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की दिनांक 20 मार्च, 2025 एवं 27 मार्च 2025 को सम्पन्न बैठक में की गई संस्तुतियों का अनुमोदन किया गया।
- उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशंस - 2025 लागू करने को मंजूरी।
- राज्य सरकार की समेकित वित्तीय प्रणाली प्रबंध प्रणाली (इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम)के उन्नयन हेतु इलेक्ट्रिनकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक संस्था-सेंटर फार डेवलपमेंट आफ एडवान्स कम्प्यूटिंग को नामांकन के आधार पर अनुबंधित किए जाने को मंजूरी।
- यूपी में निजी क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर, गाजियाबाद की स्थापना को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली 1975 में संशोधन को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग वेटनरी फार्मासिस्ट सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मंजूरी।

### प्रदेश को मिलेगा नया लिंक एक्सप्रेसवे, लखनऊ से प्रयागराज-वाराणसी-गाजीपुर का सफर होगा सुगम

योगी कैबिनेट ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया है। लगभग 49.96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा।



परियोजना पर अनुमानित 4775.84 करोड़ रुपये का व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच आवागमन और अधिक सुगम, त्वरित और बाधारहित हो सकेगा। खासकर राजधानी लखनऊ के भीतर होने वाले भारी यातायात दबाव को कम करने और यात्रा समय को घटाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि प्रदेश में अब तक विकसित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे आपस में मिलकर एक एक्सप्रेसवे ग्रिड तैयार कर रहे हैं। यह ग्रिड प्रदेश के किसी भी कोने तक यात्रा को तेज, सुरक्षित और निर्बाध बनाएगा।

### हर हाथ को काम देने के संकल्प को मिलेगी नई ताकत

कैबिनेट बैठक के बाद श्रम मंत्री अनिल राजभर ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। उन्होंने बताया कि मिशन का लक्ष्य एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को सेवायोजित करने का रखा गया है।

### विदेशी रोजगार में अब नहीं लेनी पड़ेगी अन्य संस्थाओं की मदद

अनिल राजभर ने बताया कि अब तक विदेशों में रोजगार के लिए राज्य को रिक्रूटिंग एजेंट (आरए) लाइसेंसधारी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे अब बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार पर भेजा जा सकेगा। श्रम मंत्री ने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्स, कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा।

### महिला सशक्तिकरण को मिला बल, शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं भी कर सकेंगी काम

योगी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित था। 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही उन्हें कार्य की अनुमति दी गई थी, जबकि हाल ही में 4 और श्रेणियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। अब ताजा निर्णय में उन्हें सभी 29 कारखानों में काम की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनज़र लिया गया है। महिला श्रमिकों की स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही नियमों में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी बहनें उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सहभागी बनें, यही हमारा लक्ष्य है।

# जनता हॉस्पिटल का काला सच उजागर करने पर तिलमिलाया स्वास्थ्य माफिया

## दरोगा और माफिया की जुगलबंदी ने किया पत्रकार को धमकाने का प्रयास

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/हरदोई

हरदोई के बेनीगंज क्षेत्र में संचालित जनता हास्पिटल के अंदरूनी काले कारनामों की परतें जब जन एक्सप्रेस ने एक-एक कर के उधेड़नी शुरू कीं, तो सच्चाई सामने आने से बौखलाए अस्पताल संचालक और उनके सरपरस्त अब पत्रकार की आवाज दबाने की कोशिशों में जुट गए हैं। हैरानी की बात ये नहीं कि अस्पताल भ्रष्ट है, बल्कि हैरानी इस बात की है कि इस भ्रष्टाचार की फेहरिस्त में अब खाकी भी शामिल दिख रही है।




### धमकी, दबाव और लोकतंत्र की आवाज को कुचलने की कोशिश

पत्रकार ने जब दोबारा 3:43 पर दरोगा को कॉल किया, तो जवाब मिला वो लोग कप्तान के यहां चले गए हैं और कॉल काट दी गई। इसके बाद रात 10:36 पर दरोगा फहीम खान ने फिर से पत्रकार को कॉल किया और लगभग 12 मिनट की बातचीत में पत्रकार ने हास्पिटल द्वारा की गई जबरन वसूली, इलाज में लापरवाही और अस्पताल संचालक की खुलेआम धनउगाही की कहानी विस्तार से बताई। लेकिन हैरान कर देने वाली बात यह रही कि पत्रकार की पूरी बात सुनने के बाद दरोगा ने अंतिम तौर पर धमकाने वाले शब्दों में कहा, आज के बाद जनता हास्पिटल की कोई भी खबर ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम या किसी भी न्यूज ग्रुप में नहीं डालोगे। क्या अब लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत स्वतंत्र पत्रकारिता को स्थानीय पुलिस के जरिए दबाया जाएगा? क्या भ्रष्ट हॉस्पिटल माफिया के खिलाफ आवाज उठाना अपराध हो गया है?

### अशोक सिद्धार्थ की माफिया शैली और वसूली का खेल

पत्रकार के भाई को इलाज के नाम पर भर्ती कर दस हजार रुपये की डिमांड की गई, जबकि पहले ही तीन हजार जमा कर लिए गए थे। जब पत्रकार ने इलाज का बिल और दवाओं के पर्चे मांगे, तो हास्पिटल संचालक अतुल सिद्धार्थ भड़क गए और कहा, हमें ऊपर तक देना पड़ता है, पैकेज यही है। पत्रकार ने सीएमओ कार्यालय के कर्मी से बातचीत भी करवाई, बावजूद इसके बिना 6000 रुपए लिए मरीज को छोड़ा नहीं गया। दवाओं के नाम पर वीगो, सामान्य एंटीबायोटिक इंजेक्शन, 8 बोतल एनएस, यूरिन पाइप और नाक में नली लगाने जैसे बेहद सामान्य उपचार देकर 10 हजार की मांग कर दी गई। इस पैकेज में क्या जहर निकालने की कोई सर्जरी हुई? क्या कोई विशेष जांच की गई? इन सवालों का जवाब हास्पिटल के पास नहीं था।

### सवालों के घेरे में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग

- जनता हास्पिटल के खिलाफ सीएमओ स्तर की जांच से पहले ही दरोगा फहीम खान ने पत्रकार को क्यों धमकाया?
- दरोगा की भाषा और समय-समय पर कॉल करके डराने की कोशिश किसके इशारे पर हो रही थी?
- बिना इलाज के पर्चे, बिल और मेडिकल रिकॉर्ड दिए, इतनी बड़ी रकम कैसे वसूली गई?
- क्या स्वास्थ्य विभाग, खासकर हरदोई के सीएमओ इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराएंगे?
- जनता अब जानना चाहती है -* पत्रकारिता अगर सवाल पूछे, तो क्या उसे पुलिसिया धमकियों से चुप कराया जाएगा?
- अगर मरीज से इलाज के नाम पर जबरन वसूली हो रही है, तो क्या प्रशासन मूकदर्शक बना रहेगा?
- क्या दरोगा फहीम खान पर विभागीय जांच शुरू होगी या उन्हें भी 'अपने लोगों' का संरक्षण प्राप्त है?

### दरोगा फहीम खान की भूमिका सवालों के घेरे में

2 जुलाई की दोपहर 1:16 बजे पत्रकार के निजी नंबर पर थाना बेनीगंज के एसआई फहीम खान ने फोन किया और सीधे पुलिसिया रौब में आकर सवाल किया जनता हास्पिटल के खिलाफ खबरें क्यों छापी जा रही हैं? सब अपने लोग हैं। जब पत्रकार ने अपनी आपबीती बताने की कोशिश की, तो दरोगा साहब ने बातचीत काटते हुए धमकी भरे लहजे में कहा, सारी बात फोन पर नहीं होगी, थाने आइए। पत्रकार ने पूछा क्या कोई तहरीर है? तो जवाब मिला हां, तहरीर कोतवाल साहब के पास है, कल तक थाने पहुंचिए। इसके बाद दरोगा ने पत्रकार की बात पूरी होने से पहले ही कॉल काट दी। एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी का यह रुख साफ इशारा करता है कि या तो वे जनता हास्पिटल संचालक अशोक सिद्धार्थ गौतम के इशारे पर काम कर रहे हैं या फिर खुद इस भ्रष्ट सिस्टम का हिस्सा हैं।

### जन एक्सप्रेस मांग करता है कि...

- दरोगा फहीम खान के खिलाफ तत्काल विभागीय जांच हो।
- जनता हास्पिटल में इलाज के नाम पर हो रही अवैध वसूली और फर्जी पैकेज सिस्टम की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।
- पत्रकार को दी गई धमकियों की स्वतंत्र जांच हो और दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए।
- सीएमओ हरदोई तत्काल जनता हास्पिटल का लाइसेंस निलंबित कर जांच टीम भेजें।

## परिसंपत्ति के लंबित मामलों पर योगी के साथ बैठक करेंगे सीएम धामी

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच परिसंपत्तियों के बंटवारे को लेकर जो मामले लंबित रह गए हैं, उनके समाधान के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में दोनों राज्यों के बीच अवशेष परिसंपत्तियों एवं दायित्वों के मामलों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में दोनों राज्यों के बीच पिछली बैठक में सहमति बनी थी, उनमें से जिन मामलों में कार्रवाई गतिमान है उन्हें लेकर उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक कर उनका जल्द समाधान किया जाए। बैठक में बताया गया कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की पिछली बैठक के बाद जिला ऊधमसिंह नगर एवं हरिद्वार में स्थित जलाशयों व नहरों में वाटर स्पोर्ट्स की अनुमति दी जा चुकी है। सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश ने बिजली बिलों का 57.87 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। उत्तर प्रदेश मत्स्य निगम ने उत्तराखंड मत्स्य पालन विकास अभिकरण को 3.98 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वन विकास निगम उत्तराखंड को दी जाने वाली देयताओं का आंशिक भुगतान हुआ है। परिवहन निगम की अवशेष राशि का भुगतान भी हो चुका है।

# यात्रा में बाधा बना मौसम

## सीएम धामी बोले, यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता



जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी

यमुनोत्री घाटी में रातभर बारिश होने से यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह बंद हो गया है। स्याना चट्टी में यमुना नदी पर बनी झील का जलस्तर बढ़ने से कई होटलों की निचली मंजिल जलमग्न हो गई हैं। इसके साथ ही स्याना चट्टी में यमुनोत्री हाईवे पर बना मोटर पुल खतरे की जद में आ गया है। यमुनोत्री हाईवे पर कई जगहों पर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। आवाजाही ठप हो गई है। यमुनोत्री धाम समेत आसपास के डेढ़ दर्जन गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट गया है। उधर, गंगोत्री हाईवे संगलाई हेलगूगाड में बंद हो गया है। यहां यात्री सुबह से फंसे हैं। वहीं, भटवाडी में हाईवे का करीब 10 मीटर का हिस्सा धंस गया है।

### सीएम बोले, यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता

वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भविष्य में मौसम के अनुसार यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। कहा कि यात्रा



के दौरान हमारी प्राथमिकता सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा है। हमारे सभी जिला अधिकारी, आपदा प्रबंधन दल, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ पूरी तरह से तैयार हैं। स्थानीय लोगों ने इसे सिस्टम की उदासीनता और लापरवाही बताया है। जयपाल सिंह रावत, प्रवीण राणा, चित्रमोहन सिंह ने कहा कि स्याना चट्टी के लोग आज रातभर जगे रहे। जयपाल सिंह रावत ने कहा कि पहली मंजिल पर यमुना नदी का पानी घुसने से सारा सामान बर्बाद हो गया है। लाखों का नुकसान हो गया है। लोगों का कहना है सिस्टम अभी भी न चेता तो स्याना चट्टी में होटल भवन के साथ ही यमुना नदी पर बना मोटर पुल ध्वस्त होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# सपा तुष्टिकरण की राजनीति से प्रदेश को फिर दंगों में झोंकना चाहती है: ब्रजेश पाठक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आज समाजवादी पार्टी पर जबरदस्त हमला बोलते हुए कहा कि ÷सपा के डीएनए में तुष्टिकरण और दंगों की राजनीति है।÷ उन्होंने आरोप लगाया कि सपा प्रदेश में 'सरिया का कानून' लागू करना चाहती है और समाज को जाति-धर्म के नाम पर बांटने की साजिश रच रही है। डिप्टी सीएम ने दो टूक कहा, तुष्टिकरण समाजवादी पार्टी का पुराना इतिहास रहा है। अब फिर वही चाल चलकर प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने की कोशिश कर रही है। लेकिन हम हर कीमत पर कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाएंगे।

### श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि

ब्रजेश पाठक ने साफ किया कि सरकार का उद्देश्य सभी धर्मों का



सम्मान करते हुए हर पर्व और धार्मिक कार्यक्रम को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है। धर्म-कर्म के लिए जा रहे किसी भी भाई को कोई दिक्कत नहीं होने देंगे। व्रत रखने वालों को शुद्ध और साफ खानपान मिले, इसकी जिम्मेदारी हमारी है।

### विक्रेता कौन है, जानना हर ग्राहक का अधिकार

डिप्टी सीएम ने खाद्य सामग्री बेचने वालों पर नाम उजागर करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा, जब आप कुछ खरीद रहे हैं, तो यह जानना हर ग्राहक का अधिकार है कि बेचने वाला कौन है। इसमें छिपाने जैसी क्या बात है?

### मुख्य बातें

- सपा की राजनीति = तुष्टिकरण + दंगे- ब्रजेश पाठक
- सरिया जैसा कानून लागू करना चाहती है सपा
- श्रद्धालुओं को व्रत में मिलेगी शुद्ध सामग्री की गारंटी
- विक्रेता की पहचान सार्वजनिक करना जरूरी
- हर धर्म का सम्मान, हर आयोजन सकुशल संपन्न

### कानून का राज कायम रहेगा

ब्रजेश पाठक ने दोहराया कि सरकार हर स्थिति में कानून-व्यवस्था को बनाए रखेगी और कोई भी अराजक तत्व प्रदेश की शांति में खलल नहीं डाल पाएगा।

# अब यूपी में नहीं चलेगा खनन माफियाओं का खेल, सरकार ने उतारी टेक्नोलॉजी की फौज!

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सोचिए... एक ऐसी खुदाई जो नदियों को सुखा दे, ज़मीन को बंजर कर दे और सरकार को अरबों रुपये का नुकसान पहुँचा दे! यही है अवैध खनन, जो वर्षों से उत्तर प्रदेश के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ था। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं - क्योंकि अब नज़रें सिर्फ इंसानों की नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), ड्रोन, और उपग्रह निगरानी की भी हैं!

### अब तकनीक है तैयार, चोरी की कोई गुंजाइश नहीं!

योगी सरकार ने अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए अब उच्च तकनीक (हाई टेक्नोलॉजी) को मैदान में उतार दिया है। अब कोई भी ट्रक चोरी-छिपे मिट्टी, रेत या पत्थर नहीं निकाल सकता। ड्रोन से हो रही है वॉल्यूम विश्लेषण (वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस) और हर ट्रक पर लगी एआईएस140 जीपीएस प्रणाली हर गतिविधि पर नज़र रख रही है। अगर कोई वाहन तय रूट से हटता है - तो तुरंत सतर्कता अलर्ट जारी होता है। यानी अब चोरी करना आसान नहीं, नामुमकिन है।



### चप्पे-चप्पे पर निगरानी 57 जगह लगे एआई और टीवोटी चेकगेट्स

प्रदेश भर में 57 स्थानों पर स्थापित स्मार्ट जांच चौकियों ए आई और टीओटी चेकगेट्स) से ओवरलोडिंग रोकने का काम किया जा रहा है। इन चेकगेट्स में लगी गतिशील वजन जांच तकनीक राइट इमोटिकॉन्स से ट्रक के बिना रुके ही उसका वजन और नंबर प्लेट स्कैन हो जाता है। यानी अब न कोई बहाना चलेगा, न ही कोई रियायत। अगर ट्रक तय वजन से अधिक भरा हुआ है तो तुरंत कार्रवाई तय है।

### सैटेलाइट और डेटा विश्लेषण से हर गतिविधि पर पैनी नज़र!

खनन विभाग की पीसीआरईएस लैब अब गूगल अर्थ लाइंस आईबी एआरसी जीआईएस जैसे उपग्रह आंकड़ों की मदद से न केवल अवैध खनन की पहचान कर रही है, बल्कि नए खनिज क्षेत्रों की खोज भी कर रही है।

### 21,477 ट्रक किए गए ब्लैकलिस्ट, जवाबदेही तय!

अब तक 21,477 ओवरलोड और अवैध रूप से चलने वाले ट्रकों को ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है। इसका मतलब है कि अब न कोई अनदेखी होगी, न ही कोई छूट। सरकार का रुख बिल्कुल साफ है हर स्तर पर जवाबदेही और पारदर्शिता। पर्यावरण और कानून-दोनों से कोई समझौता नहीं होगा।

### पर्यावरण संरक्षण है सरकार की प्राथमिकता

अवैध खनन सिर्फ आर्थिक अपराध नहीं है, यह पर्यावरण की सीधी बर्बादी है। इससे, नदियों का कटाव होता है, भूजल स्तर गिरता है, ज़मीन की उर्वरता खत्म होती है, यानी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से खिलवाड़ होता है। लेकिन अब टेक्नोलॉजी के सहारे सरकार इस अपराध को जड़ से खत्म करने की ओर बढ़ रही है।

### अब चोरी नहीं चलेगी अब एआई चलेगा!

अगर आप भी चाहते हैं कि हमारी नदियाँ, हमारी ज़मीन और हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहें - तो इस सख़्त कार्रवाई का समर्थन कीजिए। लोगों को बताइए कि अब नज़र आसमान से है और वो भी 24×7! अब यूपी में न तो अवैध खनन होगा, न ही माफियाओं की मनमानी चलेगी - अब चलेगा कानून, और साथ में चलेगा एआई।

# मोटे अनाजों के उत्पादन के लिए किसानों को करें प्रेरित: डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



नीति आयोग के इंडिकेटर्स एवं फंड सम्बन्धी बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने नीति आयोग के इंडिकेटर्स की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के जिन क्षेत्रों में माइक्रो इरिगेशन का प्रयोग किया जा रहा है, उसकी ब्लॉक व ग्राम पंचायत वार सूची उपलब्ध कराएं। जिला उद्यान अधिकारी व उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि पानी की समस्या को देखते हुए अधिक से अधिक किसानों को माइक्रो इरिगेशन के बारे में जागरूक करते हुए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर की सुविधा दी जाए। साथ ही किसानों को फसल बीमा योजना के प्रति भी प्रचार कर जागरूक करें। कहा कि किसानों को नवीनतम बीज उपलब्ध कराएं तथा सब्जियों की खेती के लिए प्रेरित करें, ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही खरीफ सीजन में किसानों को मोटे अनाजों के उत्पादन को प्रेरित करें। निर्देश दिए कि किसानों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराएं, जिससे मृदा परीक्षण के आधार पर किसान संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। डीएम ने किसान क्रेडिट कार्ड के ऋण वितरण के संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को बैंकों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। आईटीआई प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि स्किल डेवलपमेंट के संबंध में रोजगार मेले का आयोजन करते रहें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जो पंचायत सहायक की ट्रेनिंग के बाद टेस्ट भी कराएं। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिया गया लक्ष्य सर्वे कराकर पूर्ण कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि बाल विकास पुष्टाहार योजना के अंतर्गत समय पर पुष्टाहार का वितरण कराएं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी की सूची उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों सहित घरों में होने वाली डिलीवरी की सूची प्रेषित करें। कहा कि टीवी मुक्त भारत के संबंध में संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े एवं इसका प्रचार-प्रसार कराएं। निर्देश दिए कि नीति आयोग द्वारा दिए गए सभी जो इंडिकेटर्स को प्रगति कराएं ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, अपर अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएल यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गाड़ी चालक के साथ हुए विवाद के मामले में छह आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में एसओजी एवं थाना मानिकपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने लूट के प्रयास के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 29 जून की रात्रि प्रयागराज जनपद के थाना पूरामुफ्ती के बम्हरौली उपरहार निवासी मनीष पासी पुत्र कंचन प्रसाद पासी ने सूचना दी कि 29 जून की रात्रि को चालक राजकुमार व खलासी पंकज पिकअप लेकर सतना जा रहे थे। इस दौरान झरी रेलवे फाटक के पास कुछ अज्ञात व्यक्ति पिकअप को रास्ते में रोककर लूटने का प्रयास कर रहे थे, जिससे डरकर चालक व खलासी जनपद प्रयागराज के एयरपोर्ट थाने पहुंच गए। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा मामले के खुलासे के लिए क्षेत्राधिकारी मऊ, एसओजी, थाना मानिकपुर एवं चौकी सरैंया की कुल चार टीमों को लगाया गया। मामले की छानबीन करने व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने इस घटना के छह आरोपियों थाना मानिकपुर के गोविन्द नगर निवासी आशीष द्विवेदी, थाना मानिकपुर के गांधीनगर निवासी विद्या सागर उर्फ मुक्कू, बिहार के जिला सोनपुर निवासी (हाल पता रेलवे कालोनी मानिकपुर) अमित कुमार, थाना मानिकपुर के पटेल नगर निवासी सतेन्द्र पाल व नागेन्द्र पाल तथा थाना मानिकपुर के जवाहर नगर निवासी हिमांशु मिश्रा को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी आशीष द्विवेदी ने बताया कि वह अपने साथी सुधांशु के साथ अपनी मोटर साइकिल में पेट्रोल डलाने जा रहा था। इस दौरान मारकुण्डी तिराहे के पास सरैया की तरफ से आ रहे लोडर से मोटरसाइकिल में धक्का लग गया। इस पर आशीष द्विवेदी ने अपने अन्य साथियों नागेन्द्र पाल, विद्यासागर, सत्येन्द्र पाल, अमित व हिमांशु के साथ तीन मोटर साइकिलों से लोडर को रोकने के लिए उसका पीछा करने लगे तथा इस दौरान लोडर के बगल में पहुंचने पर आशीष को हल्का धक्का लग गया, जिससे वह गिर गया। इसके बाद फिर से वह अपने दोस्तों के साथ लोडर का पीछा किया लेकिन तब तक चालक लोडर लेकर झरी फाटक के पास जंगल की तरफ मोड़कर भाग गये। इसके बाद सभी आरोपियों सहित लोडर के मालिक, चालक व खलासी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में मानिकपुर थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव, उपनिरीक्षक नीरज, रमेश्वर प्रसाद, कम्प्यूटर आपरेटर रोहित यादव, आरक्षी धीरेन्द्र किशोर व गजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# सरकारी स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27000 सरकारी स्कूलों का विलय कर बंद करने के आदेश के खिलाफ गुरुवार को जिला कांग्रेस समिति ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। साथ ही इस सम्बन्ध में राजपाल को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार कर्वी को सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सरकारी स्कूल बंद कर दलित व पिछड़ा वर्ग के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है। जिसका कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक विरोध करेगी। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार स्कूलों को बंद कर शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन कर रही है। इस आदेश से बहुत से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। इसके साथ ही नौजवान भी रोजगार से वंचित हो जाएंगे। इस फैसले के विरोध में कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक विरोध करेगी। वरिष्ठ नेता गज्जू प्रसाद फौजी व शिव गुलाम वर्मा ने कहा भाजपा सरकार दलित पिछड़ा विरोधी सरकार है तथा सरकार द्वारा गरीबों के साथ किए जा रहे इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से नौजवान व किसान परेशान है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, कामता प्रसाद द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, सविता पाल, नरवेश सचान, जिला सचिव भगवानदीन, समदरिया, राजेश सिंह, प्रशांत गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, अकबरी बेगम, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, कमलाकांत शुक्ला, यमुना शुक्ला, पुणेनदु पांडेय, युवा कांग्रेस चंद्रकली गुप्ता, अतुल राजपूत, जग जाहिर पटेल, रावेन्द्र सिंह पटेल, इंद्रजीत उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह, अजीत मिश्रा, रामकृपाल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अमित रैकवार, अभय यादव, प्रदीप कुमार गुप्ता, राधेश्याम साहू, अभय यादव, हरिओम पांडेय, योगेंद्र रैकवार आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों को बंद करने के निर्णय का डटकर विरोध करेगी कांग्रेस: पंकज

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी प्राईमरी स्कूलों को मर्ज कर बंद करने की नीति के विरोध में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग ने सरकारी स्कूल बचाओ चैपाल व पदयात्रा का आयोजन किया गया।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पूरे देश में प्राईमरी स्कूलों की स्थापना की। भाजपा सरकार उन स्कूलों को बंद कर गरीबों, दलितों, पिछड़ों, वव आदिवासियों के शिक्षा के मूल अधिकार पर डाका डालने का काम कर रही है। जिसका कांग्रेस डटकर विरोध करेगी और भाजपा सरकार को निर्णय को वापस लेने के लिए बाध्य करेगी। कहा कि सरकार ने 27000 स्कूलों को चिंहित किया है, जिसमें से अभी तक 5000 स्कूलों को मर्ज किया जा चुका है। सरकार के इस फैसले से बच्चे शिक्षा से वंचित होंगे तथा बेरोजगारी भी बढ़ेगी। कहा कि सरकार को स्कूलों को मर्ज करने की बजाय विभिन्न संसाधनों से लैस कर शिक्षा का सरलीकरण करना चाहिए, जिससे शिक्षा का स्तर सुधारेगा। कहा कि कांग्रेस सरकार के निर्णय का विरोध करते हुए सड़कों पर उतरेगी।

# दोस्तों के साथ घूमने गया लैबटेक्नीशियन तेज बहाव की चपेट में आकर डूबा, मौत

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

मौदहा बांध में दोस्तों के साथ घूमने गया राठ के जे एस नर्सिंगहोम में कार्यरत युवक की नहाने के दौरान तेज बहाव की चपेट में आकर गहरे पानी में डूबने से हुई मौत, घटना की जानकारी मिलते ही राठ पुलिस ने मौके पर पहुँचकर गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश शुरू की, रातभर तलाश के बाद एसडीआर एफ की टीम ने करीब 20 घंटे बाद डूबे युवक के शव को ढूंढ निकाला। जबकि मृतक टैक्नीशियन के भाई ने उसकी हत्या कर लाश को डैम में फेंकने का आरोप लगाया है। वही घटना की जानकारी देते हुये राठ सीओ ने बताया कि राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकौना निवासी 24 वर्षीय बंशगोपाल उर्फ रोहित पुत्र आशाराम पाठक अपने दोस्तों के साथ विर्मा नदी पर छानी बुजुर्ग के सरसेदा माफ गाँव में बने मौदहा बांध घूमने गया था, घूमने के दौरान डैम में नहाते वक्त वो तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया।

युवक के डूबने की जानकारी मिलते ही एसडीएम, सीओ सहित राठ पुलिस मौके पर पहुंचकर डैम में डूबे युवक को गोताखोरों की मदद से ढूंढने की रातभर कोशिश की गई, लेकिन उन्हें शव ढूंढने में कामयाबी नहीं मिली। वही एसडीआर एफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को ढूंढ निकाला, जबकि मृतक के भाई ने राठ के जेएस नर्सिंग होम के संचालक के खिलाफ टैक्नीशियन युवक की हत्या कर शव को बांध में फेंकने का आरोप लगाया।

## मारपीट में हुई युवक की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/डकोर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया में सोमवार की देर रात कुसमिलिया निवासी ख्याली राजपूत के 34 वर्षीय अविवाहित पुत्र रामपाल द्वारा शराब के नशे में गांव के ही एक युवक मनोज अहिरवार को गाली-गलौज करते हुए चप्पल मार दी थी। गुस्से में आकर आरोपी युवक ने रामपाल पर चारपाई के पटिया से सीने और पेट पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गंभीर हालत में परिजनों ने रामपाल को अस्पताल पहुंचाया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था और पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस को तहरीर नहीं दी थी। जबकि बुधवार रात को मृतक के भाई धर्मपाल ने आरोपी मनोज और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिस आधार पर पुलिस ने मनोज व दो अन्य लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की और मुख्य आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर लिया। जिसे पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दो के विरुद्ध की गई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट** अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दो आरोपियों के विरुद्ध यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

इस अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आरोपी शिवकान्त निवासी ठर्री चौकी शिवरामपुर कोतवाली कर्वी तथा बरगढ़ थसाना प्रभारी शिवआसरे द्वारा आरोपी अंकुर मिश्रा निवासी ग्राम कोनिया थाना बरगढ़ के विरुद्ध यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# भाजपा सरकार युवा बेरोजगारों के प्रति उदासीन: अरविंद

जन एक्सप्रेस । उरई



जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को देते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवा बेरोजगारों के प्रति उदासीन रवैया अपनाएं हुये है, और उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर ने कहा कि अभी हाल ही में प्रदेश की सरकार ने पांच हजार प्राइमरी व जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का निरणय लिया है जो युवा छात्र बेरोजगारों विरोधी निरणय है। कई जिलों में आज से ही मर्ज कर दिये गये है। इसका दुष्परिणाम सुदूर गांव के बच्चों पर पड़ेगा और इन्हें दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा। जिससे उन्हें और उनके अभिभावकों को भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस निर्णय को समाप्त किये जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से उठाई है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, वीरपाल सिंह, नसीब पठान, गुड्डू रिजवी, शब्बीर अंसारी, चौ. श्याम सुन्दर, रेहान सिददीकी, अयूब अंसारी, प्रमोद राजपूत, मजहर खान, आदित्य कुमार मिश्रा, देवेंद्र बाल्मीकि, अखिलेश चौधरी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# पुलिस ने 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश किए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़




कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात महाराजपुरा पुल के पास खड़े 25-25 हजार के दो इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तलाशी में उनके पास से दो हजार रूपये बरामद किए गए।

कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह को सूचना मिली कि दो संदिग्ध लोग पुल के पास किसी वारदात को अंजाम देने के लिए खड़े है। सूचना मिलने पर कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह, दरोगा शिवकरन सिंह, दरोगा सदींप सिंह, पुलिस फोर्स के साथ महाराजपुरा पुल पर पहुंच गए।पुलिस को देख इनामी भागने लगे लेकिन पुलिस ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पूछने पर अपना नाम मध्यप्रदेश के भिंड क्षेत्र के थाना इंडोरी के गांव भूरे का पुरा निवासी राजकुमार गुर्जर, व दलवीर सिंह बताया। तलाशी में उसके पास से पुलिस को दो हजार रूपये मिले। कोतवाल का कहना है कि दोनों लोगों पर कोतवाली में 3 चोरी के मामले दर्ज है। जिनपर इनाम भी घोषित किया गया था और दोनों 2 साल से वांछित चल रहे थे। बताया कि मध्यप्रदेश के थाना मिहोना, रौन व लहार में लगभग 23 मामले दर्ज है।

# डीएम ने जल रोधक बांध के कार्य में पाई कमी, दिए शीघ्र सुधार और रिकवरी के निर्देश



जन एक्सप्रेस । उरई

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, मिट्टी कटाव रोकथाम एवं स्थानीय जल संचयन को बढ़ावा देने हेतु बनाए जा रहे जल रोधक बांधों की गुणवत्ता पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ने ग्राम हरदोई राजा व बीरपुरा में हो रही वर्षा के बीच स्थल पर पहुंचकर ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित बांधों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बारिश में कीचड़ भरे खेतों के बीच स्वयं पैदल चलकर निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति देखी, जो उनकी कार्यप्रणाली की संवेदनशीलता और सजगता को दर्शाता है।

निरीक्षण में पाया गया कि बांध निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। यह बांध वर्षा जल को निचले इलाकों में बहने से रोकने, मिट्टी के कटाव को कम करने एवं जल संचयन के लिए निर्मित किया गया था, किंतु इसकी गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही रिकवरी की कार्रवाई के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार के जल प्रबंधन व आपदा सुरक्षा मिशन में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भविष्य में सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत आदि सिहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हमीरपुर की जलालपुर पुलिस ने अवैध असलहे के साथ फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हमीरपुर की जलालपुर पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम बिलगांव मु0अ0सं0 88/2025धारा 118(2) बीएनएस फरार चल रहे पुरैनी निवासी 35 वर्षीय अभियुक्त अरविन्द राजपूत पुत्र प्रभूदयाल को कांवर डेरा मार्ग पुलिया के पास एक अदद अवैध असलहा 315 बोर और एक अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। जलालपुर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 89/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अदालत में पेश किया।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई रमाकान्त, एस आई रवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह सहित कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे।

# आमने-सामने बाइक भिड़ंत में पोस्टमैन की मौत, तीन रेफर

जन एक्सप्रेस । उरई

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुरा के पास लोडर को बचाने के प्रयास में दो बाईकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पोस्टमैन की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

कानपुर देहात के थाना मूसानगर क्षेत्र के ग्राम शेरपुर गुढा निवासी दिव्यांशु उर्फ सनी यादव 25 वर्ष पुत्र राजकिशोर यादव उरई में रहकर पोस्ट आफिस से डाक उठाने का काम करता था। बताया गया कि गुरूवार की दोपहर वह जगम्मनपुर से डाक लेकर लौट रहा था। पोस्टमेन की बाइक जैसे ही रजपुरा के पास पहुंची थी कि तभी लोडर को बचाने के प्रयास में सड़क से निकल रहे रजपुरा निवासी महेश दीक्षित 64 वर्ष की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसपर सवार राकेश 63 वर्ष, फूल सिंह 62 वर्ष व महेश व पोस्टमैन सहित चारों लोग रोड के दूसरी ओर जा गिरे और घायल हो गए।महेश दीक्षित 64 वर्ष की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसपर सवार राकेश 63 वर्ष, फूल सिंह 62 वर्ष व महेश व पोस्टमैन सहित चारों लोग रोड के दूसरी ओर जा गिरे और घायल हो गए। ग्रामीणों ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने दिव्याशु उर्फ सनी यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।फिलहाल घटना की जानकारी मृतक व घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

# जिला स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । उरई

जिले के गौरी पैलेस में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माधौगढ़ विधायक व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। गोष्ठी में 32 स्टालों की कृषक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, लीड बैंक, यूपी एग्रो सहित निजी क्षेत्र की संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। उप कृषि निदेशक ने सोलर पंप, सोलर फेंसिंग, कृषि यंत्र, बीज एवं उर्वरक वितरण तथा ऑनलाइन किसान पंजीकरण की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी। कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. मो. मुस्तफा ने खरीफ में दलहनी व तिलहनी फसलों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. विस्टर जोशी ने प्राकृतिक खेती को अपनाने का आग्रह किया। माधौगढ़ विधायक ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि किसान हितैषी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। साथ ही नहर विभाग को निर्देशित किया गया कि नहरों एवं नलकूपों को पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि पिछली खरीफ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 48455 किसानों को 4465.01 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति




वितरित की गई, जो जनपद की अब तक की सर्वाधिक राशि है। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान बन्धु हैं, इसलिए बीज, उर्वरक, विद्युत आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। गोष्ठी में बलराम सिंह लंबरदार ने समय पर बीज उपलब्ध कराने की अपील की, राजबीर सिंह जादौन ने किसानों से अनुरोध किया कि वे खरीफ फसलों को नुकसान से बचाने हेतु अपने पशुओं को अन्ना न छोड़ें, जबकि साहब सिंह चौहान ने नहरों की सिल्ट सफाई और टेल तक पानी पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी कुमुदेन्द्र कलाकर सिंह, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला सहित जनपद के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।



### दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर बैन हटा...

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर लगा बैन हटा लिया गया है। इसे लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखा और राजधानी में एक जुलाई से लागू हुए एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) वाहनों... पढ़ें पेज 12 पर...

# ठाकुरगंज मवेशीखाने से 3,000 में मवेशी रिहा!


- रसीद के नाम पर लूट, सिस्टम की जेब में कैश-नगर निगम से जवाब दो!

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ नगर निगम के अधीन संचालित ठाकुरगंज मवेशीखाने से भ्रष्टाचार की जबरदस्त बदबू उठ रही है। जन एक्सप्रेस के हाथ लगे एक रिहाई पास ने मवेशी रिहाई के नाम पर कैश वसूली के काले खेल का भांडा फोड़ दिया है। महज 24 घंटे में 3,000 की मोटी रकम वसूल कर मवेशी छोड़ा गया–बिना कोई वैध विवरण, बिना कोई पारदर्शिता!

### कौन है प्रभारी? नाम गायब, मुहर गायब, ज़िम्मेदारी गायब!

रिहाई पास पर मवेशीखाना प्रभारी के हस्ताक्षर हैं–लेकिन नाम स्पष्ट नहीं, अधिकारी की मुहर नहीं, न ही रसीद




नंबर से कोई लिंक। यही ढीलापन भ्रष्टाचार की ढाल बना हुआ है।

### एक दिन में 3,000–किस नियम के तहत?

नगर निगम के नियमों के अनुसार, मवेशी के लिए प्रतिदिन ?250 से ?500 तक की अधिकतम शुल्क सीमा तय है। ऐसे में केवल 24 घंटे में 3,000 की वसूली कानून का मज़ाक नहीं तो और क्या है? कोई अधिसूचना नहीं, कोई स्लैब नहीं, केवल हस्तलिखित 3,000, सरकारी खाते में जमा? या जेब में गया?

### कागज़ का नाम रसीद, असल में भ्रष्टाचार की पर्ची!

1 जुलाई 2025 को मवेशी को मवेशीखाने में रखा गया, और 2 जुलाई को 11:50 बजे रिहा कर दिया गया। रिहाई पास (बुक नं. 24, क्रमांक 77) में लिखा है जुर्माना 3000, लेकिन कहीं नहीं बताया गया कि यह रकम किस आधार पर वसूली गई।

- खुराक कॉलम पूरी तरह खाली
- जुर्माना लिखा 3,000–कोई विवरण नहीं
- नाम, हस्ताक्षर, मुहर—तीनों अधूरे और संदिग्ध
- ये दस्तावेज़ रसीद कम, लूट की रजिस्ट्री ज़्यादा लगते हैं।

### अंकित कुमार पुत्र सतीश कुमार, नाम है या कोई मुखौटा?

रिहाई कराने वाले का नाम दर्ज है अंकित कुमार पुत्र सतीश कुमार, पर पता अधूरा, पहचान गायब, कोई दस्तावेज़ नहीं। सवाल उठता है...

- क्या यह कोई फर्जी नाम है?
- क्या नगर निगम में दलालों की फौज काम कर रही है?
- क्या मवेशियों की रिहाई अब रेट कार्ड पर होती है?

### जन एक्सप्रेस की मांग, जवाब चाहिए, कार्रवाई चाहिए!

जन एक्सप्रेस यह मांग करता है कि...

- 3,000 की वसूली किस आधार पर की गई?
- यह रकम किस खाते में जमा हुई, उसका प्रमाण दिखाया जाए।
- अंकित कुमार की असली पहचान सार्वजनिक की जाए।
- ठाकुरगंज मवेशीखाने की पिछले एक वर्ष की सभी रिहाइयों का ऑडिट कराया जाए।

### यह मामला नहीं, मॉडल ऑफ करप्शन है!

यह महज एक रसीद नहीं, भ्रष्टाचार का जिंदा सुबूत है। अगर एक दिन में इतनी वसूली की जा रही है तो पूरे साल में किस कदर काला धन सिस्टम की नसों में घुसा बैठा है, इसका अंदाज़ा लगाना मुश्किल नहीं। ठाकुरगंज मवेशीखाने का यह मामला सड़ चुके सिस्टम की पोस्टमार्टम रिपोर्ट जैसा है।
नगर निगम अगर चुप रहा, तो जन एक्सप्रेस चुप नहीं रहेगा।
या तो जवाब दो, या इस्तीफा लो!

# हर रोज़ कहीं आप भी तो ज़हर नहीं खा रहे?

- एसटीएफ और एफ एसटीएफ का बड़ा खुलासा: 1.20 करोड़ की ऑक्सीटोसिन जब्त
- लखनऊ में जनरल स्टोर की आड़ में चल रही थी 'ज़हर फैक्ट्री'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




सोचिए एक ऐसा इंजेक्शन जो इंसानों के इलाज के लिए बना हो, लेकिन चोरी-छिपे सब्ज़ियों में मिलाया जा रहा हो, जानवरों को जबरन लगाया जा रहा हो, और फिर यही ज़हर आपके खाने में पहुंच रहा हो। जी हां, लखनऊ में ऐसा ही खतरनाक रैकेट चल रहा था, जिसका पर्दाफाश एसटीएफ और की संयुक्त कार्रवाई में हुआ है। लखनऊ के मोहान रोड पर एक जनरल स्टोर की आड़ में चल रही थी यह अवैध फैक्ट्री, जहां से 1.20 करोड़ रुपए मूल्य की ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। छापेमारी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### इंसानी सेहत से खिलवाड़!

ऑक्सीटोसिन असल में एक हार्मोन है, जिसका प्रयोग चिकित्सकीय जरूरतों – जैसे प्रसव और ब्लीडिंग रोकने – के लिए किया जाता है। लेकिन अब इसका गैरकानूनी इस्तेमाल सब्जियों को तेज़ी से बड़ा करने और पशुओं से ज़बरदस्ती ज़्यादा दूध निकलवाने में हो रहा है।
**नतीजा:** हार्मोनल गड़बड़ी, एलर्जी उल्टी, सांस लेने में तकलीफ, दिल की धड़कन तेज़ होना, यह सभी गंभीर स्वास्थ्य खतरे बन सकते हैं।

### भारी मात्रा में जब्त हुआ 'हार्मोन का ज़हर'

**कार्रवाई के दौरान जो आंकड़े सामने आए, वो किसी को भी चौंका सकते हैं**

- 5,87,000 मिलीलीटर ऑक्सीटोसिन
- 77,900 भरी हुई शीशियां
- 800 खाली बोतलें व कैप्स
- एक मालवाहक वाहन, मोबाइल, और अन्य उपकरण

बिहार से लाया जाता था ऑक्सीटोसिन, फिर यहां किया जाता था मिलावट और अवैध पैकिंग। छोटे-छोटे शीशियों में भरकर इन इंजेक्शनों को बाजार में उतारा जा रहा था।

### सरकार की सख्ती के बावजूद हो रहा खेल

भारत सरकार ने ऑक्सीटोसिन की बिक्री को रेगुलेट करते हुए निर्देश दिया है कि इसे केवल सिंगल ब्लिस्टर पैक में ही बेचा जाए। लेकिन पकड़े गए आरोपी इसे खुले में, थोक मात्रा में सप्लाई कर रहे थे, जो सीधा कानून का उल्लंघन है। अब इन पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है और जांच जारी है।

### सवाल बड़ा है

आप जो दूध पी रहे हैं, जो टमाटर खा रहे हैं क्या वो ज़हर से भरा है? इस खुलासे ने हर आम नागरिक के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। क्या हम अपनी थाली में ज़हर परोस रहे हैं? क्या हम अनजाने में अपने बच्चों को नुकसान पहुँचा रहे हैं? अब वक्त है सावधान होने का दूध, सब्ज़ी या कोई खाद्य पदार्थ खरीदते वक्त दुकानदार से सवाल पूछें। स्रोत की जानकारी लें। लोकल प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। संदिग्ध चीज़ें दिखें तो तुरंत शिकायत दर्ज करें। सरकार कार्रवाई कर रही है, लेकिन जब तक पूरा सिस्टम साफ़ न हो – सतर्क रहना हमारी भी जिम्मेदारी है।

# सस्पेंडेड आईएएस अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें बढ़ीं, एसआईटी जल्द करेगी पूछताछ

- सोलर घोटाले में बड़ा एक्शन, शासन से मांगी गई प्रगति रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में सस्पेंडेड आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें और बढ़ने जा रही हैं। एसआईटी अब उनसे पूछताछ की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक एस आईटी ने हाल ही में शासन को एक पत्र भेजकर जांच की प्रगति रिपोर्ट साझा की थी, जिसके जवाब का इंतजार किया जा रहा है। जवाब मिलते ही अगली कार्रवाई की स्क्रिप्ट तय हो जाएगी।

### शासन ने मांगी एस आईटी से जांच की स्थिति

शासन ने एस आईटी को निर्देश दिया है कि अब तक जांच में जो साक्ष्य सामने आए हैं, उनसे शासन को अवगत कराया जाए। सूत्रों के अनुसार, एस आईटी की रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़, बयानों और डिजिटल सबूतों का जक्रि है, जिन पर आगे की कार्रवाई टिकी है।

### सोलर कंपनी से रिश्वत मांगने का आरोप

बता दें कि आईएएस अभिषेक प्रकाश को एक सोलर संयंत्र लगाने वाली कंपनी से कथित रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित किया गया था। इस मामले में कंपनी ने 20 मार्च को गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

### चार्जशीट में खुलासे चौंकाने वाले

इस केस की चार्जशीट में पीड़ित कंपनी के अधिकारियों के बयानों ने कई परतें खोल दी हैं। शुरुआती जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे पूरे तंत्र पर सवाल खड़े करते हैं। अब जबकि एस आईटी सक्रिय है और शासन से हरी झंडी मिलने की प्रतीक्षा में है, यह तय माना जा रहा है कि अभिषेक प्रकाश से पूछताछ के बाद कई और नाम भी जांच के घेरे में आ सकते हैं।

### मुख्य बातें

- सस्पेंडेड आईएएस से एसआईटी की पूछताछ की तैयारी
- शासन ने मांगी जांच की प्रगति रिपोर्ट
- सोलर कंपनी से रिश्वत मांगने का मामला
- एफआईआर और चार्जशीट में गंभीर आरोप
- जल्द हो सकता है बड़ा खुलासा

# सास–ससुर की चाकू से गोदकर हत्या

## बहू की आंख के सामने बरसाया खूनी आतंक

- आलमबाग में दोहरी हत्या की दिल दहला देने वाली वारदात, तीन घंटे में आरोपी दामाद गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। एक सनकी दामाद ने घरेलू विवाद के चलते अपनी ही सास और ससुर को बेरहमी से चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया और ये सब कुछ बहू और मासूम बच्चों के सामने हुआ।

### तीन घंटे में गिरफ्तार

घटना की गंभीरता को भांपते हुए आलमबाग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज तीन घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जगजीत सिंह उर्फ जगदीप उर्फ टिंकू 42 वर्षके रूप में हुई है, जो निशातगंज का निवासी है। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू, खून से सने कपड़े, और पिट्ठू बैग बरामद कर लिया गया।

### पूरा घटनाक्रम

2 जुलाई की रात करीब 8:40 बजे, वादिनी महिला अपने बच्चों सहित अपने माता-पिता के घर गढ़ी कनौरा में रह रही थी। तभी उसका पति जगजीत सिंह वहां पहुंचा और घर में कहासुनी शुरू हो गई। कुछ ही पलों में उसने अपने बैग से चाकू निकाला और पहले ससुर अनंत राम और फिर सास आशा देवी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। बहू ने जब चीख-पुकार मचाई तो मोहल्ले वाले दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुका था। दोनों घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




### आरोपी का विवरण

**नाम:** जगजीत सिंह उर्फ जगदीप उर्फ टिंकू
**उम्र:** 42 वर्ष
**पता:** 512/208, न्यू रामजस बिल्डिंग, पांचवी गली, निशातगंज, लखनऊ
**वर्तमान:** 34-बी/12, वृंदावन योजना, पीजीआई थाना क्षेत्र

### पुलिस टीम की सराहनीय कार्यवाही

प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र
उपनिरीक्षक सुनील मोतला, अभिनंदन अग्रहरि
सिपाही सचिन कुमार व मंजीत देशवाल की मुस्तैदी से आरोपी धर दबोचा गया।
यह हत्या सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि हमारे समाज की चुप्पी की भी हत्या है। वर्षों की प्रताड़ना को 'घरेलू मामला' कहकर नजरअंदाज किया गया और दो जिंदगियां बर्बाद हो गईं। कब तक रिश्तों के नाम पर हिंसा को सहते रहेंगे लोग? पुलिस की तेजी काबिल-ए-तारीफ है, लेकिन अब ज़रूरत है कि ऐसे मामलों में समय रहते समाज और प्रशासन जागे।

### वारदात के बाद दबोचा गया आरोपी

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सीपीएच तिराहे से 50 मीटर पहले मस्जिद के पास से आरोपी को धर दबोचा। थाना आलमबाग की टीम ने महज 3 घंटे में केस को सुलझा दिया।

# कैबिनेट बैठक में महिला सशक्तिकरण पर फोकस, टिकैत को अनिल राजभर की दो टूक, 'घर में बुलाकर दुकान खोल लें!'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और प्रवक्ता अनिल राजभर ने आज कैबिनेट बैठक के बाद तीखे तेवर दिखाते हुए कई बड़े बयान दिए। उन्होंने साफ कहा कि महिला सशक्तिकरण और विकास से जुड़े अहम प्रस्ताव आज की बैठक में केंद्र में रहे। लेकिन असली गरमाहट तब आई जब उनसे टिकैत के बयानों को लेकर सवाल पूछा गया। अनिल राजभर ने दो टूक कहा, टिकैत साहब अपने घर में किसी को बुलाकर फोटो खिंचवा लें, दुकान खोल लें, लेकिन ऐसी दूषित मानसिकता को सरकार समाज पर थोपने नहीं देगी। उन्होंने आगे जोड़ा श्रद्धालुओं की आस्था पर किसी की विकृत सोच हावी नहीं हो सकती। बंद बुलाकर जो मंशा ये लोग पालते हैं, वो कभी पूरी नहीं होगी। सरकार ऐसे तत्वों को सख्ती से नाकाम करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रही लगातार कैबिनेट बैठकों में महिलाओं के लिए नए रोजगार, सुरक्षा और शिक्षा से जुड़े फैसले लिए जा रहे हैं, इस पर भी मंत्री राजभर ने ज़ोर दिया।

### विशेष बिंदु

- महिला सशक्तिकरण कैबिनेट का मुख्य एजेंडा
- दूषित सोच वालों को राजभर की कड़ी चेतावनी
- दुकान खोल लें, लेकिन सरकार नहीं झुकेगी: अनिल राजभर

# एक्सिस बैंक के रिकवरी एजेंट ने की आत्महत्या, शव पंखे से लटका मिला

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में एक्सिस बैंक के एक रिकवरी एजेंट ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बता दें कि मृतक की पहचान उन्नाव जिले के गंगा खेड़ा निवासी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह (24) के रूप में हुई है, जो लखनऊ में अपने मामा राम प्रकाश यादव के घर पर रह रहा था. यह घटना बिजनौर के अयोध्यापुरी स्थित मकान के पहले तल पर उनके कमरे में हुई। वहीं जानकारी के अनुसार, बुधवार की शाम ज्ञानेंद्र ने खाना खाया और सोने के लिए अपने कमरे में चला गया. गुरुवार की सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला, तो मामा राम प्रकाश यादव ने उसे आवाज दी। दरवाजा अंदर से बंद था और कई बार आवाज देने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला. अनहोनी की आशंका पर उन्होंने खिड़की से झांककर देखा, तो ज्ञानेंद्र पंखे के हुक से बेडशीट के सहारे लटका हुआ मिला.सूचना मिलने पर बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। वहीं प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जिससे आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# बेकाबू कार ने ली महिला की जान: बेटी की दवा लेने जा रहे परिवार पर कहर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के मड़ियांव इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि घटना बुधवार रात करीब 9 बजे की है, जब परिवार अपनी 6 महीने की बेटी के लिए दवा लेने जा रहा था। अनियंत्रित कार ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे यह भयानक हादसा हुआ।वहीं जानकारी के अनुसार, फैजुल्लागंज निवासी रंजीत गुप्ता अपनी पत्नी शिवानी और बेटे युवान के साथ 6 महीने की बेटी काव्या की दवाई लेने के लिए डॉक्टर के पास जा रहे थे। मोहिबुल्लाहपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। वहीं टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवानी और उनकी गोद में बैठी बेटी बाइक से नीचे गिर पड़े, चश्मदीदों के मुताबिक, टक्कर मारने के बाद कार चालक रुका नहीं, बल्कि उसने शिवानी के सिर पर गाड़ी चढ़ा दी और मौके से फरार हो गया। इस दर्दनाक हादसे में शिवानी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रंजीत और बेटा युवान बाइक गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। शिवानी के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मृतका के भाई आकाश ने बताया कि रंजीत घर के पास ही फास्ट फूड का ठेला लगाते हैं?। उन्होंने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना की जांच करने और आरोपी चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस फरार कार चालक की तलाश में जुट गई है।

# कैप्टन मनोज पांडे की शौर्यगाथा को समर्पित 'प्रेरणा कप' क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आग़ाज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ,**

कुछ लक्ष्य इतने महान होते हैं कि उन पर असफल होना भी गौरव की बात होती है। इस अमर पंक्ति को जीवन में उतारने वाले वीर कैप्टन मनोज पांडे (परमवीर चक्र) की स्मृति में आयोजित 'प्रेरणा कप क्रिकेट टूर्नामेंट' का आज भव्य शुभारंभ जायपुरिया स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड, लखनऊ में हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैदान ना केवल क्रिकेट प्रेमियों से भरा रहा, बल्कि राष्ट्रभक्ति और साहस की भावना से भी सराबोर हो गया। देशभर से आई 30 टीमों ने इस टूर्नामेंट में भागीदारी की शुरुआत की, और पहला मुक़ाबला अविषा धरा और सीआईडी के बीच खेला गया।

### जब खेल बना श्रद्धांजलि...

इस टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह को गरिमा प्रदान की भारतीय सेना और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने, जिनमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मेजर जनरल ज़ेड.आई.एस. यज़दानी, एसएम, वीएसएम, एमजी आर्टी, सेंट्रल कमांड (मुख्य अतिथि) कर्नल अमित कुमार त्रिपाठी, कर्नल समीर, कर्नल डी.एस. चौहान, मनमोहन पांडे, (कैप्टन मनोज पांडे के परिजन), आर. वसंथ कुमार, आईपीएस, अपर पुलिस आयुक्त (क्राइम), लखनऊ सभी वक्ताओं ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधनों में कैप्टन मनोज पांडे के बलिदान को याद करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक चलती-फिरती प्रेरणा है – साहस, अनुशासन और देशभक्ति का उत्सव।

### क्रिकेट के मैदान पर देशभक्ति की गूंज

जैसे ही पहले मैच की पहली गेंद फेंकी गई, पूरा मैदान तालियों, जयघोषों और जोश से गूंज उठा। युवाओं की आंखों में जोश था, और दिलों में देश के लिए कुछ कर गुजरने का संकल्प। अविषा स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट आने वाले कुछ हफ्तों तक चलेगा, जिसमें कॉर्पोरेट, मीडिया, सिविल और डिफेंस की टीमें देशभर से शामिल होंगी। हर मुकाबला, हर रन और हर विकेट कैप्टन मनोज पांडे की स्मृति को समर्पित होगा। जुड़िए... क्योंकि यह सिर्फ टूर्नामेंट नहीं, एक मिशन है! टूर्नामेंट से जुड़ी हर जानकारी – मैच शेड्यूल, स्कोर अपडेट्स और हाइलाइट्स – के लिए बने रहिए हमारे आधिकारिक चैनलों के साथ। शौर्य की स्मृति में, खेल की भावना के साथ
प्रेरणा कप आयोजन समिति।

# बेलगाम अवैध खनन: सैरपुर क्षेत्र में किया जा रहा है मिट्टी खनन, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, खनन विभाग पर गंभीर सवाल



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ जिले के सैरपुर थाना क्षेत्र स्थित सरौरा गांव में अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा ह। यह स्थिति स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है कि क्या उन्हें इसकी जानकारी नहीं या इसमें उनकी मिलीभगत हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक, चौंकाने वाली बात यह है कि बीकेटी तहसील क्षेत्र के कई थान क्षेत्रों में अवैध तरीके से रात में मिट्टी खनन किया जाता है। कही जेसीबी डंपरों से,तो कही ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी लगाकर रात के अंधेरे में मिट्टी खनन का काम किया जाता है। वहीं मिट्टी के ढेर राष्ट्रीय राजमार्गों निर्माणाधीन मकानों, प्राइवेट प्लाटिंगों, प्राइवेट संस्थानों में दिखाई देते हैं, मिट्टी का कारोबार इस कदर क्षेत्र में किया जा रहा है, कि पांच हजार से लेकर सात हजार और आठ हजार तक एक मिट्टी के डंपर की कीमत होती हैं। इससे साफ है कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के बजाय, उन्हें सरकारी संरक्षण मिल रहा है। वहीं प्रशासन की खामोशी और कार्रवाई न होने से क्षेत्र में अवैध खनन लगातार बढ़ रहा है। जिससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय नागरिक इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# मुड़िया पूर्णिमा मेला पर चलेंगी 1000 अतिरिक्त बसें

- यात्रियों सुविधाओं पर दिया जाय विशेष ध्यान: दयाशंकर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कल से मथुरा में शुरू हो रहे हैं मुड़िया पूर्णिमा मेला की प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए बताया कि यात्रियों की सुविधा की दृष्टिगत इस क्षेत्र में 1000 अतिरिक्त बसों का संचालन राज्य परिवहन निगम द्वारा किया जाएगा। आगरा क्षेत्र से 250 बसें ,अलीगढ़ क्षेत्र से 150 बसें ,गाजियाबाद क्षेत्र से 150 बसें, मेरठ क्षेत्र से 100 बसें ,इटावा क्षेत्र से 150 बसें मुरादाबाद क्षेत्र से 100 बसें एवं बरेली क्षेत्र से 100 बसों सहित कुल आवंटित 1000 बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि 04 जुलाई से 11 जुलाई तक राजकीय मुड़िया पूर्णिमा गोवर्धन मेला मनाया जाना है। मेले के 10 जुलाई को मुख्य पर्व मनाया जाना है। संपूर्ण मेला 07 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक स्तर के अधिकारी होंगे। बसों एवं बस अड्डो में साफ-सफाई बेहतर रखने के निर्देश दिए है। यात्रियों को असुविधा ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बसों के आवागमनों से संबंधित सूचनाएं एलइडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित की जाए। कंट्रोल रूम की भी स्थापना की जाए और टोल-फ्री नम्बर भी जारी किया जाए, जो 24 घंटे कार्य करे। फिट बसों का ही संचालन किया जाए। तकनीकी टीम को अलर्ट किया जाए, जो किसी भी ब्रेकडाउन या बस खराबी को तत्काल अटेंड करे। साथ ही संवेदनशील पाइंट पर क्रेन भी तात्कालिक रूप से उपलब्ध रहे।एमडी परिवहन निगम ने कहा, परिवहन मंत्री के निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा। राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा कराई जाएगी। बसें भूतेश्वर बस स्टेशन, मालगोदाम स्थित रेलवे गेट नं 2 से संचालित की जायेंगी। गोवर्धन जाने का मार्ग गोवर्धन चौराहा अड़ींग होकर होगा और वापसी का मार्ग गोवर्धन सोंख मंडी, नरहौली चौराहा धौलीप्याऊ होकर होगा। मथुरा गोवर्धन जाने और गोवर्धन मथुरा वापस आने का समान किराया 50 रूपये रहेगा।

# यूपी के आम को मिलेगी ग्लोबल पहचान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश आम महोत्सव को संस्कृति, संस्कार एवं विरासत का अनूठा महोत्सव बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के बागानों के आमों की किस्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। ये महोत्सव प्रदेश के किसानों की समृद्धि के द्वार खोलने तथा उनके जीवन में मिठास लायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आम एवं आम से बने उत्पादों को देश-विदेश मे भेजने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसानों की आय दुगुनी करने के संकल्प को प्रदेश की योगी सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार उपलब्ध कराकर पूरा करने का प्रयास कर रही है। तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लंदन, दुबई के लिए आम के कंटेनर को रवाना करेंगे। उक्त बातें प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने अपने सरकारी आवास में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।श्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में उद्यान विभाग में आमूल-चूल परिवर्तन हुये हैं, जिसमें किसानों की फसलों के उत्पादन से लेकर उसके लिए उपयुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किये गये हैं। उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन कर इसके माध्यम से प्रदेश के किसानों के फसलों को दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है। योगी सरकार में पहली बार औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया है, गोष्ठियों के माध्यम औद्यानिक फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को बताया जा रहा है कि औद्यानिक फसलों के माध्यम से कम क्षेत्रफल मे अधिक मूल्य की फसलों का उत्पादन किया जा सकता है। इसी तर्ज पर औषधि, फल-फूल, मसाले आदि की फसलों को किसानों को उगाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उद्यान विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रत्येक मण्डल पर औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी आयेजित करने का निर्णय लिया गया है। योगी सरकार द्वारा किसानों के उत्पादों को दुनिया के बाजारो में कम लागत में पहुंचाने के लिए जेवर एयरपोर्ट तैयार है। जेवर एयरपोर्ट के पास इंटीग्रेडेट टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जिसके माध्यम से दुनिया के बाजार के अनुरूप प्रदेश के किसाने के उत्पादों को तैयार किया जायेगा।उद्यान मंत्री ने कहा कि इस आम महोत्सव मे अपने परिवारजनों एवं मित्रजनों के साथ अवश्य आयें। इस महोत्सव मे प्रदेश के 800 प्रकार के आम के किस्मों को देखने का अवसर मिलेगा, जिन्हें हमने न कभी सुना होगा और न कभी देखा होगा। महोत्सव में प्रदेश के किसानों को अपनी फसलों के उत्पादन क्षमता बढ़ाने के तकनीकी ज्ञान भी मिलेगा और इसके साथ उनकी जिज्ञासाओ का भी समाधान होगा। महोत्सव में प्रदर्शन के लिये रखे गये फलों के पौधे एवं आम के प्रसंस्कृत उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध रहेंगे।

# स्कूलों का मर्जर शिक्षा के अधिकार का अतिक्रमण: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी के बैनर तले प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने स्कूलों के मर्जर,पेयरिंग के खिलाफ मुखर होते हुए बृहस्पतिवार को सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में स्कूलों के मर्जर को शिक्षा के अधिकार अधिनियम आर टी ई का खुला उल्लंघन बताया गया है। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों की संख्या के आधार पर विद्यालयों का विलय न केवल असंगत है,बल्कि यह 6 से 14 वर्ष के बच्चों को उनके घर के पास निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का जो संवैधानिक अधिकार का स्पष्ट अतिक्रमण भी है। उन्होंने चेताया कि मर्जर की यह नीति गरीब, मजदूर, किसान और वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर देगी।उन्होंने कहा कि कम छात्र संख्या किसी भी स्थिति में शैक्षिक गुणवत्ता की कमी का मानक नहीं हो सकती। निजी स्कूलों में आर टी ई के तहत कोटा और सरकार द्वारा फीस प्रतिपूर्ति, स्टेशनरी,जूता,मोजा,बैग और स्वेटर जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं,जबकि सरकारी विद्यालयों में अभिभावकों को मात्र 1200 रुपए डीबीटी के तहत मिलते हैं।इसकारण सरकारी स्कूलों की उपेक्षा हो रही है।प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा माफिया हर गली-मोहल्ले में एक मान्यता पर कॉन्वेंट स्कूल खोलकर सरकारी पैसे का बंदरबांट कर रहे हैं। उन्होंने अपील की कि सरकारी स्कूलों को **खैराती संस्कृति** से बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के संरक्षक दादा सुरेन्द्र बहादुर सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## रायबरेली के अनुसूचित जाति छात्रावास में प्रवेश शुरू: 4 से 15 जुलाई तक छात्राएं कर सकती हैं ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




रायबरेली में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालिका) में नया शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने इसकी जानकारी दी।
छात्राओं को प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया 4 जुलाई 2025 से शुरू होगी। छात्राएं 15 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए उन्हें विभाग के आधिकारिक पोर्टल https://upswdhms.in पर जाना होगा। अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वे समय रहते अपना आवेदन पूरा कर लें।

# आवारा कुत्तों का आतंक, छः माह में 18,907 लोग हुए शिकार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले में आवारा कुत्तों की समस्या अब जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है।स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े चौंकाने वाले हैं जिसके अनुसार सिर्फ छह माह में 18,907 लोग कुत्तों के काटने के शिकार हो चुके हैं।यानी प्रति दिन औसतन 100 से ज्यादा मामले, और रोजाना 8 से 10 लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं।शहरी और ग्रामीण इलाकों में सुबह और शाम के वक्त सड़कों पर कुत्तों के झुंड सक्रिय रहते हैं।ये झुंड अचानक राहगीरों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों पर हमला कर देते हैं। लोगों का कहना है कि हर रोज किसी न किसी को कुत्ते काट लेते हैं।प्रशासन या नगर पंचायत द्वारा इन्हें पकड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।
गौरतलाप बात यह है कि नगर निकायों द्वारा कुत्तों की नसबंदी या पकड़ने के लिए कोई विशेष अभियान नहीं चलाया जा रहा है।नतीजतन समस्या बढ़ती ही जा रही है।ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी भयावह है,जहाँ बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमले की घटनाएं ज्यादा सामने आ रही हैं।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि कुत्ते के काटने से रेबीज जैसी घातक बीमारी का खतरा होता है।हमारी ओर से एंटी रेबीज वैक्सीन सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई गई है।मरीजों को समय से उपचार और टीके दिए जा रहे हैं। जनपदवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और कुत्तों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया,तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं।

## सीएम अभ्युदय योजना के अंतर्गत अध्यापन कार्य के लिए अतिथि प्रवक्ता के चयन हेतु कोर्सवार एवं विषयवार आवेदन पत्र आमंत्रित: सृष्टि अवस्थी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा, सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु जनपद में संचालित नि:शुल्क प्रशिक्षण केन्द्र में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्यापन कार्य के लिए अतिथि प्रवक्ता के चयन हेतु कोर्सवार एवं विषयवार आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है, जिसमें सिविल सेवा परीक्षा कोर्स, विषय - 1. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी। 2. पर्यावरण एवं प्रबंधन। योग्यता- आई0ए0एस0 मुख्य परीक्षा अथवा पी0सी0एस0 (साक्षात्कार) अथवा दो बार पी0सी0एस0 (मुख्य परीक्षा) उत्तीर्ण हो उन्होंने बताया है कि इच्छुक अध्यापकगण अपनी शैक्षिक योग्यता और अनुभव के साथ सी0वी0 सहित आवेदन पत्र अभ्युदय प्रशिक्षण केन्द्र, पी0एम0 श्री राजकीय इंटर कालेज, रायबरेली/जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में 04 जुलाई, 2025 से 10 जुलाई, 2025 तक प्राप्त किये जाएगें। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जाएगें।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग का शुभारंभ, छात्रों को मिलेगा मुफ्त प्रशिक्षण

### सिविल सेवाओं सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की होगी तैयारी

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**




मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत तिलोई तहसील क्षेत्र में स्थित बाबू महीपति सिंह महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को निशुल्क कोचिंग केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण कुमार सिंह **मुन्ना सिंह** और जिला समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के तहत तिलोई क्षेत्र के चयनित सौ मेधावी छात्र-छात्राओं को सिविल सर्विसेज, यूपीपीएससी, एनडीए, सीडीएस, एसएससी जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्चस्तरीय तैयारी निशुल्क कराई जाएगी।
छात्रों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा और डिजिटल संसाधनों की भी सुविधा प्रदान की जाएगी।इस मौके पर बोलते हुए मुन्ना सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रतिभाशाली लेकिन संसाधनों से वंचित छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी समान अवसर मिल सकेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल छात्रों के भविष्य को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उद्घाटन समारोह में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कौशल विकास संस्थान रायबरेली के 70 प्रशिक्षार्थी टी.डी.के. कंपनी, रेवाड़ी (हरियाणा) के लिए हुए रवाना

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली स्थित कौशल विकास संस्थान (एसडीआई) के प्रशिक्षार्थियों के लिए 01 जुलाई 2025 का दिन गौरव का क्षण लेकर आया, जब संस्थान के इंडस्ट्रियल वेल्डर और पाइप फिटर ट्रेड के 70 प्रशिक्षार्थी देश की औद्योगिक प्रगति में भागीदारी निभाने के लिए टी.डी.के. कंपनी, रेवाड़ी (हरियाणा) के लिए रवाना किए गए।
कौशल विकास मिशन, प्रबंधन राजीव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रशिक्षार्थियों को भारत सरकार की महारत्न कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के नेतृत्व में, तेल एवं गैस कंपनियों के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) निधि से संचालित कौशल विकास संस्थान, रायबरेली द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। संस्थान का उद्देश्य युवाओं को दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है।
इस कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजेशमणि त्रिपाठी द्वारा तैयार की गई, तथा आवश्यक मार्गदर्शन संस्थान के सचिव संजय वर्मा द्वारा प्रदान किया गया।
विदाई के इस महत्वपूर्ण अवसर पर रायबरेली रेलवे स्टेशन पर एक संक्षिप्त समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक विवेक कुमार तिवारी, सहायक सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव, स्टेशन अधीक्षक मोहम्मद शाहबाज मुजफ्फर, एम.आई.एस. प्रबंधक राजीव कुमार सिंह, संस्थान के प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा, प्रशिक्षक अनिल कश्यप, प्रशांत मिश्रा, शशि नंदन तिवारी, अंकित पांडे, ओमप्रकाश साहनी, कमलेश द्विवेदी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।
प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा, एम.आई.एस. प्रबंधक राजीव सिंह, कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक विवेक कुमार तिवारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा बच्चों को शुभकामनाओं सहित उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान केवल तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के समग्र विकास एवं आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत है। ज्ञात हो कि कौशल विकास संस्थान, रायबरेली में युवाओं को प्रोसेस इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नीशियन, इंडस्ट्रियल वेल्डर, इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रिशियन, पाइप फिटर एवं डोमेस्टिक आईटी हेल्प डेस्क अटेंडेंट जैसे ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन ट्रेड्स में दक्ष बनकर प्रशिक्षार्थी देश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं और अपने परिवार तथा देश के आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं।
एसडीआई रायबरेली इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से न केवल युवाओं को रोजगार योग्य बना रहा है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत कर रहा है। संस्थान भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ युवाओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान के लिए सतत प्रयासरत रहेगा।

## चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बच्चों को टोल फ्री नंबर एवं विभिन्न खतरों से बचाव की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव द्वारा एमजेएस मेमोरियल ग्रीन वैली स्कूल मुसाफिरखाना रोड राजगढ़ गौरीगंज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइबर अटैक या मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए 1098 सेवा के बारे में एवं साइबर अटैक से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी अनजानव्यक्ति को ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी पासवर्ड व ईमेल संबंधित जानकारी साझा ना करें ना ही ऑनलाइन बात करें।विद्यार्थी सोशल साइट पर अपनी निजी तस्वीर डालने से बचें,बदले की भावना के प्रति खतरे में पड़ सकते हैं।इससे बचना चाहिए।1098 टोल फ्री नंबर के बारे में बताया गया कि यह साल के 365 दिन 24 घंटे रात दिन की सेवा है,जिस पर आप नि:शुल्क फोन कर सकते हैं।

# कांग्रेस ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जनपद रायबरेली में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी द्वारा प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन दिया गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया की प्रदेश में भाजपा की सरकार अपनी गलत नीतियों के कारण प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों का विलय करने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ा है क्योंकि उन्हें दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बहुत दूर जाना पड़ेगा जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा विद्यालय बंद होने से मिड डे मील के तहत खाना बनाने वाले कर्मचारी स्कूल के अध्यापकों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और बेरोजगारी को बढ़ावा मिलेगा यह सरकार के गलत निर्णय व नीतियों का कांग्रेस पार्टी घोर विरोध करती है यह सरकार द्वारा छात्र और नौजवानों के हितों की हमेशा अनदेखी करने के साथ-साथ बेरोजगारी रोकने का कोई भी प्रयास नहीं किया गया है उन्होंने महामहिम राज्यपाल के माध्यम से सरकार से यह मांग किया की अभिलंब छात्रों एवं बेरोजगारों के हित में इस निर्णय को वापस लिया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी युवाओं छात्रों बेरोजगारों के हितों के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी इस मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वी के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री सईदुल हसन नगर पालिकाअध्यक्ष सत्रोहन सोनकर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास उर्फ मन्नी राजकुमार दीक्षित प्रमेन्द्र पाल सिंह गुलाटी विनय द्विवेदी अजीत सिंह राकेश सिंह मनोज तिवारी प्रमोद बाजपेई धीरज श्रीवास्तव सूर्य कुमार बाजपेई मनोज मिश्रा सत्येंद्र श्रीवास्तव महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती शैलजा सिंह शालिनी सिंह महजबीन अभय त्रिवेदी मेहताब आलम सौरभ अवस्थी अभय सिंह राहुल बाजपेई आयुष द्विवेदी कामतानाथ सिंह नौशाद खतीब लालआशकिरन सिंह सुनील कुमार आशीष द्विवेदी नितिन सिंह घनश्याम शुक्ला मुन्ना घोषी अखिलेश मिश्रा संतोष त्रिवेदी कल्याण श्रीवास्तव सहित तमाम संगठन के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल रहे।

# गेहूं के बदले चावल देने पर प्रशासन सख्त

### डीएम के निर्देश पर सेमरौता गांव पहुंचे जिला पूर्ति अधिकारी



**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

तहसील तिलोई क्षेत्र के सेमरौता गांव में राशन वितरण में बड़ी धांधली सामने आई है।आरोप है कि कोटेदारों ने गरीबों में बांटे जाने वाले गेहूं को हड़पकर उसके बदले में कार्ड धारकों को चावल वितरित कर दिया। मामला मीडिया में उजागर होने के बाद जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया और तत्काल जांच के निर्देश दिए। गुरुवार को जिला पूर्ति अधिकारी अपनी टीम के साथ सेमरौता पहुंचे और घर-घर जाकर कार्ड धारकों से पूछताछ की।कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें गेहूं के बदले चावल दिया गया। जबकि कुछ ने घटतौली और बिना राशन दिए अंगूठा लगवाने की भी शिकायत की। जांच टीम को दिए गए बयानों में सैकड़ों कार्डधारकों ने कोटेदारों की पोल खोली। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है। पूर्ति निरीक्षकों को बयान दर्ज करने की जिम्मेदारी दी गई।और जल्द ही इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपने की बात कही जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं,तो दोषी कोटेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जुलाई माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह जुलाई 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गांव की समस्याए गांव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।
निर्धारित रोस्टर के अनुसार 04 जुलाई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकास खण्ड सतांव में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड राही में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड महराजगंज में एवं विकास खण्ड छतोह में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।
इसी प्रकार 11 जुलाई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 डीह में, जिला विकास अधिकारी जगतपुर में, उपायुक्त, श्रम रोजगार ऊंचाहार में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार रोहनियां में। 18 जुलाई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 खीरों में, जिला विकास अधिकारी शिवगढ़ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार डलमऊ एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार दीनशाहगौरा में। 25 जुलाई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 बछरावां में, जिला विकास अधिकारी लालगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार हरचंदपुर में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार विकास खण्ड सरेनी के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

# विद्यालय बंद करने से होगा शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन-राजेश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देशानुसार गुरुवार को मनोज कुमार पाण्डेय, विधायक ऊंचाहार/पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं श्याम सुन्दर भारती, विधायक बछरावां को संगठन द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए जाने से संबंधित ज्ञापन ऊंचाहार अध्यक्ष दिनेश सिंह, जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह, गौरा अध्यक्ष शैलेष पाण्डेय, रोहनिया अध्यक्ष पवन शुक्ला व महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी, शिवगढ़ अध्यक्ष गयेन्दु सिंह, बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ला द्वारा सौंपा गया।
जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करके विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है, आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम नजरंदाज कर दिया गया है। अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे। जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि संविधान कहता है कि बच्चों को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह व अनुराग शुक्ला ने कहा कि विभाग कैसे मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद कर सकता है। जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई व संघर्ष समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि विभाग आज मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद करने पर आमादा है। जनपदीय उपाध्यक्ष/ऊंचाहार अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि आरटीई एक्ट कहता है कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं।
गौरा अध्यक्ष शैलेष पाण्डेय ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है, संगठन इसकी भी लडाई लड़ेगा। जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह ने कहा कि इस उत्पीडन के खिलाफ क्रमबद्ध लडाई लडनी पड़ेगी। जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी व सुधीर सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी, ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा। हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी, डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह, जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह, सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी, सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा, खीरों अध्यक्ष नीरज हंस, छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय, बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ला, रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला, शिवगढ़ अध्यक्ष गयेन्दु सिंह, राही अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, लालगंज अध्यक्ष शेषर यादव, गौरा अध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, अमावां अध्यक्ष शशि प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में ज्ञापन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



**पेयरिंग के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन तेज...**

योगी सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले परिषदीय स्कूलों को पेयरिंग कराए जाने के आदेश के विरुद्ध शिक्षकों ने आंदोलन तेज कर दिया है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर...

शेष पेज 10 पर...

# तीसरी मंजिल से अलमारी उतार रहा परिवार करंट की चपेट में आया, किशोरी की मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





बर्रा आठ में गुरुवार की शाम को घर में उतर आए करंट की चपेट में आकर दस वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि उसके माता, पिता और सात साल का भाई झुलस गए। सभी का उर्सला अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा घर के बगल से गुजरी एचटी लाइन के छज्जे से छूने की वजह से हुआ, जिससे तीसरी मंजिल की रेलिंग, गैलरी, जीने, दीवार पर करंट फैल गया। चारों लोग मकान शिफ्ट करने के दौरान लोहे की अलमारी उतारने की तैयारी कर रहे थे। क्षेत्रवासियों ने केस्को के खिलाफ नाराजगी जताई।

घाटमपुर के अमित सविता पिछले कुछ वर्षों से परिवार समेत बर्रा आठ में राजन कुश्वाहा के मकान की तीसरी मंजिल में किराये पर रह रहे थे। वह नजदीक ही सैलून चलाते हैं। उन्होंने दूसरी जगह घर ले लिया है। गुरुवार को सामान शिफ्ट कर रहे थे। बताया जा रहा है कि चारों लोहे की अलमारी जीने के रास्ते से नीचे उतारने की तैयारी कर थे।

अचानक करंट आ गया, जिसकी चपेट में आकर अमित, उनकी पत्नी अनामिका सविता, दस साल की बेटी काव्या और सात वर्षीय बेटा अंश झुलस गए। उनकी चीख पुकार सुनकर अन्य किरायेदार और पड़ोसी बाहर निकल आए। लाइन बंद कराकर सभी को निजी अस्पताल ले जाया गया। गुजैनी पुलिस भी आ गई। चारों को हैलट ले जाया गया, जहां बर्न वार्ड की सुविधा न होने पर डॉक्टरों ने उर्सला भेज दिया।

किशोरी ने उर्सला अस्पताल में दम तोड़ दिया। किरायेदारों ने पुलिस से बताया कि एचटी लाइन तीसरी मंजिल के छज्जे के बिल्कुल बगल से गई है। यहां बांस का टुकड़ा लगाकर तार को दूर कर दिया गया था। सवेरे हवा चलने से बांस के टुकड़े के गिरने की आशंका है, जिससे लाइन छज्जे से छू गई।

अचानक दीवार, फर्श और रेलिंग में करंट फैल गया। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि करंट से झुलसकर किशोरी की मौत हो गई है, जबकि महिला की हालत गंभीर है। केस्को के अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है।

सामान शिफ्ट करने से पहले शटडाउन के लिए सब स्टेशन में आवेदन करना चाहिए था। केस्को के कर्मचारी अपनी देखरेख में पूरा कार्य करवाते, जिससे कोई हादसा नहीं होता। हादसे के संबंध में जेई से जानकारी कराई जा रही है।

# चुनाव में हार की रंजिश पर हिस्ट्रीशीटर ने पार्षद से मांगी 10 लाख की रंगदारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कर्नलगंज में चुनाव में हार की रंजिश पर हिस्ट्रीशीटर ने पार्षद से जून में 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। मना करने पर 30 जून को हिस्ट्रीशीटर ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर तमंचे के बल पर 25 हजार रुपये वसूले। बाकी बचे रुपये न देने पर आरोपियों ने हत्या करने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया है।

शहर के वार्ड 110 के पार्षद मोहम्मद नौशाद के अनुसार उन्होंने 2023 में निकाय चुनाव में पूर्व पार्षद मुरसलीन उर्फ भोलू की पत्नी को हराया था। जिसके बाद से मुरसलीन उनसे रंजिश रखने लगा और उनकी हत्या की फिराख में है। पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के मामले में भी मुरसलीन आरोपी है। नौशाद के अनुसार मुरसलीन अपने साथी टिल्लू उर्फ शमशाद, हिस्ट्रीशीटर अकील खान उर्फ अकील खिचड़ी के साथ 10 लाख रुपये रंगदारी मांग रहा है। 30 जून की शाम चार बजे जीआईसी ग्राउंड के पास अकील खिचड़ी, टिल्लू उर्फ शमशाद मिले। आरोपियों ने तमंचा दिखाते हुए धमकाया कि तुमने मुरसलीन उर्फ भोलू का बहुत नुकसान कराया है। दहशत में दबाव बनाकर उनसे 25 हजार रुपए ले लिए। दो जुलाई को अकील, टिल्लू उर्फ शमशाद ने बचे 9.75 लाख रुपये की मांग की। न देने पर हत्या करने की धमकी दी। इस पर उन्होंने कर्नलगंज पुलिस को तहरीर दी। कर्नलगंज इंस्पेक्टर रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मुरसलीन उर्फ भोलू, टिल्लू उर्फ शमशाद, अकील खिचड़ी, दो अज्ञात पर रंगदारी, धमकाने समेत अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गम्मू खां हाता निवासी हिस्ट्रीशीटर अकील खिचड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी पर कर्नलगंज और बेकनगंज में कुल 14 मुकदमे दर्ज हैं।

# ट्रांसगंगा सिटी प्रोजेक्ट में काम कर रहे आर्किटेक्ट ने किया सुसाइड

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



नौकरी छूटने की वजह से अवसाद में आए आर्किटेक्ट ने कल्याणपुर के अंबेडकरपुरम स्थित आवास में जान दे दी। उनका शव गुरुवार की सुबह फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। वह ट्रांसगंगा सिटी प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। उनकी पत्नी और बच्चे गाजियाबाद में रह रहे हैं।

मूलरूप से गाजियाबाद के साहिबाबाद निवासी अवधेश कुमार वर्मा (47) ट्रांसगंगा सिटी प्रोजेक्ट में आर्किटेक्ट थे। वह पिछले दो साल से बहनोई आनंद सिंह और बहन शशिप्रभा के आवास विकास अंबेडकरपुरम स्थित घर में रह रहे थे। उनकी पत्नी लतेश वर्मा दो बेटियों और एक बेटे के साथ गाजियाबाद में रहती हैं। परिजनों के अनुसार पिछले तीन दिन से अवधेश शराब पी रहे थे। बुधवार रात भी शराब पीकर घर आए और खाना खाकर सो गए। गुरुवार की सुबह शशिप्रभा झाड़ू लगाते हुए ऊपर गईं और अवधेश कुमार वर्मा को आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने खिड़की से झांका तो उनकी चीख निकल गई। अंदर अवधेश कुमार फंदे से लटके हुए थे। परिजन उन्हें लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीसीपी पश्चिम दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आर्किटेक्ट ट्रांसगंगा सिटी प्रोजेक्ट में कार्य कर रहे थे। कुछ समय पहले उनकी नौकरी छूट गई, जिसकी वजह से तनाव में थे। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पनकी गंगागंज में चले केडीए के बुलडोजर, 20.59 करोड़ की जमीन खाली कराई





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

केडीए जोन-2 के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को पनकी गंगागंज में बुलडोजर चलवाकर अवैध प्लाटिंग, बाउंड्री तोड़ीं। इस प्रकार लगभग 20.59 करोड़ की जमीन अवैध कब्जों से मुक्त कराने का दावा किया। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देशन में जोन - 2 के विशेष कार्याधिकारी डा. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में पनकी गंगागंज की आराजी संख्या - 243 पर अवैध रूप से कब्जा कर बनाई गई बाउंड्री सहित अन्य निर्माण तोड़े। इसी तरह इसी क्षेत्र की आराजी संख्या - 228, 229 में भी अवैध कब्जे ध्वस्त किए गए। विशेष कार्याधिकारी ने मूल्यांकन कर बताया कि अभियान के दौरान तीनों आराजियों में 5580 वर्गमीटर जमीन खाली कराई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 20.59 करोड़ रुपये है। कब्जेदारों को चेतावनी दी गयी कि यदि पुनः अतिक्रमण किया तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। लोगों से अपील की कि वे अवैध निर्माण स्वयं हटा लें, अन्यथा प्राधिकरण नियमानुसार ध्वस्तीकरण करेगा। ध्वस्तीकरण में होने वाला खर्च राजस्व की भांति संबंधित व्यक्तियों से वसूल किया जाएगा। कार्यवाही के दौरान सहायक अभियन्ता सीबी पांडेय, कैलाश सिंह, भूमि बैंक के अमीन राम लाल, रमेश प्रजापति, प्रवर्तन अनुभाग, पुलिस बल शामिल रहा।

## कानपुर में दो दिन बाद हो सकती तेज बारिश

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बादलों की श्रृंखला कानपुर परिक्षेत्र के ऊपर से खिसक गई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि दो दिन तक अब तेज बारिश के आसार नहीं हैं। माहौल में नमी बढ़ेगी तो स्थानीय स्तर पर बूंदाबांदी हो सकती है। दिन तेज धूप निकलने पर उमस भरी गर्मी बनी रहेगी। शाम को बादलों की आवाजाही और बूंदाबांदी हो सकती है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बादलों की श्रृंखला मध्य प्रदेश की तरफ खिसक गई है।

# जाजमऊ में फुटपाथ धंसने से टावर हुआ टेढ़ा, दुकानें कराईं बंद




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जाजमऊ थानाक्षेत्र के वीआईपी रोड पर फुटपाथ धंसने से टॉवर टेढ़ा हो गया। इस पर दहशत में आसपास के दुकानें बंद करा दी गईं। सरैयां चौराहे के निवासी मोहम्मद नईम, गुफ्फार, अकरम आदि ने बताया कि सरैयां चौराहे पर डॉट नाले के पास करीब छह साल पहले एक मोबाइल कंपनी का टॉवर फुटपाथ पर लगाया गया था। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से लोगों ने काफी विरोध किया था।

20 जून को बारिश होने से सरैयां चौराहे के पास समेत सड़क धंस गई थी। फुटपाथ धंसने के बाद नगर निगम की टीम ने गड्ढा खोदकर काम शुरू कराया। लेकिन गड्ढा खोदे जाने से उसके बगल में स्थित एक मोबाइल कंपनी के टॉवर के नीचे की मिट्टी खिसक गई।

इधर, गुरुवार को टॉवर टेढ़ा होने से इलाके में दहशत फैल गई। वहीं, पुलिस ने आस-पड़ोस की दुकानें भी बंद करा दी। साथ ही नगर निगम की टीम को बुलाकर टॉवर के अगल-बगल मिट्टी भरवाई। दुकानदार साबिर ने बताया कि उनकी चमड़े की दुकान समेत पांच दुकानों को पुलिस ने बंद करा दिया है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि नगर निगम कर्मियों को बुलाकर टॉवर के नीचे मिट्टी को भरवा दिया गया है, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# जीएसवीएम के नाले चोक, बंगलों में घुस रहा पानी



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कैंपस में सीवर लाइन छह फीट नीचे के बजाय ऊपर पड़ गई है। नाले चोक हैं। जरा सी बारिश होने पर बंगलों में पानी घुस जा रहा है। इससे परिसर में डेंगू, चिकुनगुनिया, वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। कॉलेज प्रबंधन ने महापौर, डीएम, नगर आयुक्त से शिकायत की है। कैंपस प्रभारी डॉ. एसके बर्मन ने बताया कि अप्रैल में पानी की लाइन बिछाने के चक्कर में जल संस्थान ने सीवर लाइन तोड़ दी थी। सीवर लाइन के चैंबर ऊपर बना दिए जिससे पानी भर रहा है। बरसाती नाली चोक हो गए हैं। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को स्थिति से अवगत कराया गया। कॉलेज प्रबंधन ने अफसरों को पत्र लिखे हैं। महापौर प्रमिला पांडेय को कैंपस के हालात बताए।

मनोरोग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर धनंजय चौधरी के बंगले में जेट मशीन बुलाकर पानी साफ कराया गया। डॉक्टरों ने कहा कि सीवर लाइन ठीक नहीं हुई तो इस बार भी बारिश में बीमारियां फैलने का खतरा बना रहेगा।

## प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने किया निरीक्षण, हैलट ओपीडी में बंद मिले कूलर-पंखे



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

हैलट की ओपीडी में पैथोलॉजी और यूजर्स काउंटर के सामने रखा कूलर और पंखे बंद मिले। उमस भरी गर्मी में यहां काउंटर के सामने यूजर्स चार्ज जमा करने वालों और पैथोलॉजी की रिपोर्ट लेने वालों की भीड़ परेशान रही। उन्होंने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। गुरुवार को हैलट के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने डॉ. अनुराग राजौरिया के साथ ओपीडी का निरीक्षण किया। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक पैथोलॉजी में पहुंचे तो वहां रावतपुर गांव की रोगी शमसुल निशां (60) स्ट्रेचर पर लेटी थीं। उनके तीमारदार ने बताया कि दवा कैंपस में खुले मेडिकल स्टोर से लाए हैं, लेकिन बिल नहीं दिया। इस पर उन्होंने इसकी जांच के निर्देश दिए। ओपीडी के ब्लड बैंक, दंत रोग विभाग की तरफ वाले गेट बंद मिले।

# ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 3.03 लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





कोहना थानाक्षेत्र में ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से दो महीने में 3.03 लाख रुपये की ठगी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर सेल की जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली। सिविल लाइंस के गोपिका इन्क्लेव निवासी अंकित गर्ग के अनुसार 14 मई को अपस्टॉक्स कंपनी से दिव्यांगना थोराट ने फोन किया। मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर बातों में उलझाया।

फिर स्टॉक ट्रेडिंग के लिए एक लिंक भेजकर मोबाइल एप डाउनलोड कराया। फिर 25 जून तक चार बार में कुल 3,03,465 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जमा की गई राशि का उन्हें एप में 9.91 लाख रुपये का प्रॉफिट दिखने लगा। हालांकि जब तीन लाख रुपये विड्राल की कोशिश की तो वह नहीं हो सकी। व्हॉट्सएप ग्रुप पर शिकायत की तो दो सदस्यों ने खुद के चार माह से जुड़े होने का झांसा देकर फ्रॉड न होने की बात कही। हालांकि जब पैसे नहीं निकले तो उन्होंने एक जुलाई को पुलिस से शिकायत की। कोहना इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल से मदद ली जा रही है।

# कर्मचारियों ने आठवें वेतन आयोग के गठन की उठाई मांग, किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ और भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के अखिल भारतीय आह्वान पर गुरुवार को पैराशूट राष्ट्रीय मजदूर संघ ने आयुध पैराशूट निर्माणी के बाहर प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री को संबोधित सात सूत्री मांग पत्र महाप्रबंधक को दिया। कहा कि सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा तो कर दी है लेकिन अभी तक आयोग का गठन नहीं किया है। न्यू पेंशन स्कीम और यूपीएस को रद्द किया जाए। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट की ओर से सरकारी कर्मचारी के मामलों में दिए जाने वाले निर्णयों को लागू किया जाए।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ओटी एरियर का भुगतान किया जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर त्रिपाठी, अध्यक्ष सचिन वर्मा, महामंत्री वेद प्रकाश शर्मा, प्रेम कुमार, संजीव कश्यप, विशाल सक्सेना, जय कुमार, अमर बाबू तिवारी, सुधीर शंखवार, सुनील कुमार, सूरज कुमार, राज कुमार विश्वकर्मा, प्रवीण यादव, अखिलेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र यादव, संजीत सिंह आदि रहे।

# डीएम ने आरटीओ के प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



किसाननगर स्थित परिवहन विभाग की निरीक्षण एवं प्रमाण केंद्र परियोजना छह वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो सकी। गुरुवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने परियोजना का निरीक्षण किया तो हकीकत सामने आई। डीएम ने निर्माण में देरी पर कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए हैं। किसाननगर में वर्ष 2018 में परियोजना शुरू हुई थी। प्रमाण केंद्र कुल 8.39 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जानी है, जिसमें अभी तक छह करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। जिलाधिकारी को बताया गया कि परियोजना शुरू होने के कुछ दिन बाद एक ट्रेनिंग सेंटर जोड़ने का प्रस्ताव लाया गया था, जिसे बाद में हटा दिया गया। पहले डीपीआर उत्तर प्रदेश एनएसएस ने तैयार की थी, बाद में इसे यूपीएआरएनएसएस ने तैयार की। इसके बाद अधिकारियों का आपस में समन्वय नहीं हुआ, जिस कारण कई तकनीकी खामियां रह गईं। हालात ये हैं कि डीपीआर बनाने वाली संस्था ही अब अन्य विभागों से तकनीकी जानकारी मांग रही है, जबकि यह कार्य संस्था की जिम्मेदारी में है। यह सुनते ही जिलाधिकारी नाराज हो गए। उन्होंने शासन को पत्र भेजने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण परियोजना अधूरी है। वर्तमान में वाहनों का निरीक्षण एवं प्रमाण का कार्य अस्थायी तौर पर पनकी में किया जा रहा है। इस परियोजना के बनने से इस कार्य में पारदर्शिता आ जाएगी।


# ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 3.03 लाख की ठगी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





कोहना थानाक्षेत्र में ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से दो महीने में 3.03 लाख रुपये की ठगी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर सेल की जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली। सिविल लाइंस के गोपिका इन्क्लेव निवासी अंकित गर्ग के अनुसार 14 मई को अपस्टॉक्स कंपनी से दिव्यांगना थोराट ने फोन किया। मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर बातों में उलझाया। फिर स्टॉक ट्रेडिंग के लिए एक लिंक भेजकर मोबाइल एप डाउनलोड कराया। फिर 25 जून तक चार बार में कुल 3,03,465 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जमा की गई राशि का उन्हें एप में 9.91 लाख रुपये का प्रॉफिट दिखने लगा। हालांकि जब तीन लाख रुपये विड्राल की कोशिश की तो वह नहीं हो सकी। व्हॉट्सएप ग्रुप पर शिकायत की तो दो सदस्यों ने खुद के चार माह से जुड़े होने का झांसा देकर फ्रॉड न होने की बात कही। हालांकि जब पैसे नहीं निकले तो उन्होंने एक जुलाई को पुलिस से शिकायत की। कोहना इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल से मदद ली जा रही है।


# खाद्य विभाग ने 380 किलो पनीर नष्ट कराया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गुरुवार को अभियान चलाकर शहर के अलग-अलग स्थानों से करीब 380 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर नष्ट कराया। इसके साथ ही 14 नमूने जांच के लिए लैब भेजे। सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने बताया कि टीम ने गुरुदेव पैलेस के पास स्थित तीन जगह से 30, 90 व 70 किलो पनीर अवमानक मिलने पर नष्ट कराया। न्यू गंगापुल बिठूर में 50 किलो, मालरोड स्थित प्रतिष्ठान से 80 किलो व जनरलगंज सब्जी मंडी में केशरवानी प्रतिष्ठान से 60 किलो पनीर जब्त कर नष्ट कराया।

इसके अलावा कलक्टरगंज, न्यू सब्जी मंडी लाल बंगला, न्यू गंगापुल बिठूर, मालरोड, घाटमपुर स्थित प्रतिष्ठानों से पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। नमूने फेल होने पर दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

 ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष

**संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के- चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है।**

*बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है।÷ जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है।*

**एक्सप्रेस आलेख**

**महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक।**

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें



**ललित गर्ग**

**स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे है, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है।**

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा। हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है। भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है,




**हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।**

जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है। फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी। महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी। हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 16:32 तक |
| नक्षत्र: | चित्रा 16:44 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | शिव, 19:27 |
| सूर्योदय: | 05:31 |
| सूर्यास्त: | 19:18 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 10:41-12:25 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

**मिले सीट खाली !**

*धीरे धीरे रेलवे अब ।*
*कर रहा बदलाव ।।*
*शायद मिले राहत ।*
*कम दिखे अभाव ।।*
*मिल रहे संकेत ।*
*शुभ घड़ी है आई ।।*
*दे रही दिखाई ।।*
*देना होगा समय ।*
*और इंतजार ।।*
*किस पर कितना त्वरित ?*
*है हुआ प्रहार ।।*
*मंगलमय हो यात्रा ।*
*मिले सीट खाली ।।*
*लौटेगी फिर तभी ।*
*यात्रा में हरियाली ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

**एक्सप्रेस स्वास्थ्य**

# दांत निकलते समय बच्चे को सुलाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**जब** शिशु के दांत निकलने की प्रक्रिया शुरू होती है, तो यह उसके लिए एक असहज और कभी-कभी दर्दभरा अनुभव हो सकता है। इस समय बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं, मुंह में जलन होती है, लार बहती है और सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी नींद बुरी तरह प्रभावित होती है। बच्चा रात में बार-बार जागता है, रोता है और माता-पिता की नींद भी पूरी नहीं हो पाती। हालांकि यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन कुछ घरेलू उपाय और व्यवहारिक तकनीक अपनाकर आप अपने बच्चे को इस कठिन समय में सुकून की नींद दिला सकते हैं। ठंडी चीजें दांत निकलने से जुड़ी सूजन और जलन को कम करने में मदद करती हैं। ऐसे में आप बाजार में मिलने वाले सॉफ्ट और फ्री टीथर को कुछ देर फ्रिज में रखकर बच्चे को चूसने के लिए दें। यह मसूड़ों पर ठंडक पहुंचाता है और दर्द को कम करता है। ध्यान रखें, टीथर बहुत ठंडा या जम हुआ न हो।

**मसूड़ों की मालिश करें :** मुलायम हाथों से बच्चे के मसूड़ों की मालिश करने से उसे बहुत राहत मिलती है। साफ उंगली या गीले सूती कपड़े से हल्के हाथों से मसूड़ों पर हल्का दबाव डालें। यह तरीका दांतों के दर्द और बेचैनी को कम करता है, जिससे बच्चा आसानी से सो पाता है।

**हल्का गुनगुना पानी पिलाएं:** रात में सोने से पहले बच्चे को हल्का गुनगुना



पानी पिलाने से उसके शरीर को आराम मिलता है और पाचन ठीक रहता है। इससे पेट भरा महसूस होता है और बच्चा बेहतर नींद लेता है।

**दर्द कम करने वाली जेल का उपयोग:** कुछ मामलों में डॉक्टर बच्चे के लिए कोई टीथिंग जेल या दर्द निवारक सिरप सलाह दे सकते हैं। इसका उपयोग केवल तभी करें जब बच्चा बहुत असहज हो और घरेलू उपाय काम न करें। किसी भी मेडिकल प्रोडक्ट का प्रयोग करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

**बेबी के सोने का रूटीन बनाए रखें:** दांत निकलने के समय भी बच्चे का स्लीप रूटीन बना रहना चाहिए। रोजाना एक निश्चित समय पर बच्चे को सुलाएं। सोने से पहले नहलाना, धीमी लोरी गाना या हल्का मसाज करना फायदेमंद रहता है। इससे बच्चे को नींद का संकेत मिलता है और वह जल्दी शांत होता है।

**आरामदायक वातावरण बनाएं:** सोने का कमरा शांत, साफ और ठंडा होना चाहिए। हल्की रोशनी रखें और तेज आवाजों से बचें। बेबी के बिस्तर में मुलायम चादर और सिर के नीचे सही तकिया होना जरूरी है। ज्यादा गर्म कपड़े न पहनाएं, क्योंकि टीथिंग के समय बच्चे को पसीना अधिक आ सकता है।

**रात में बार-बार जागने पर गोद में लें और शांत करें:** जब बच्चा बार-बार रोकर उठता है, तो उसे गोद में लेकर प्यार से थपथपाना, लोरी गाना या हल्के स्वर में बात करना बहुत प्रभावी होता है। बच्चा माता-पिता के स्पर्श और आवाज से जल्दी शांत होता है। इससे उसकी बेचैनी कम होती है और वह दोबारा सोने लगता है। टीथिंग का समय न केवल बच्चे के लिए, बल्कि पूरे परिवार के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि, सही देखभाल, प्यार और कुछ व्यवहारिक उपायों के जरिए आप इस समय को आसान बना सकते हैं। बच्चे की नींद को बेहतर बनाने के लिए दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव और अतिरिक्त देखभाल काफी असरदार साबित हो सकते हैं।

**बच्चे को जल्दी सुलाने के क्या उपाय हैं?:** बच्चों को जल्दी सुलाने के लिए सोने का एक नियमित समय निर्धारित करें। इसके अलावा, कमरे को शांत और अंधेरा रखें, सोने से पहले की मालिश करें, या इसे कोई कहानी सुनाएं। बच्चों का चिड़चिड़ापन दूर करने के लिए आप उनकी परेशानी को समझें।

**एक्सप्रेस विशेष**

# मध्यमवर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में



**प्रहलाद सबनानी**

**भारत में तो यह कहा भी जाता है कि जिसके पास जितनी चादर हो, उतने ही पैर पसारने चाहिए। अर्थात, नागरिकों को बैंकों से ऋण लेते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का भुगतान करने लायक उनकी अतिरिक्त आय होनी चाहिए।**

**हाल** ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित

**बैक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुन: ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अत: बैकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं।**

राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं। बैकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके। ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है। भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

# महामंडलेश्वर एवं विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की मुख्यमंत्री से भेंट





■ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में जंगली जानवरों से हो रही परेशानी को लेकर समाधान की मांग

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के 128 बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र की ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आए दिन हो रही जंगली जानवरों की घुसपैठ और इससे उत्पन्न हो रहे जनजीवन के संकट पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने मुख्यमंत्री से कहा कि बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है। यहां शेर, तेंदुआ, भालू, हाथी आदि जंगली जानवर आबादी क्षेत्रों तक आ जाते हैं, जिससे ग्रामीण भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। खेतों में काम करने वाले किसानों, स्कूल जाते बच्चों और राहगीरों को हमेशा खतरा बना रहता है। कभी-कभी तो ये हमलावर जानवर जानलेवा घटनाएं भी कर जाते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु वन विभाग व अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए विधायक को शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया।विधायक ने इस मुलाकात के दौरान अन्य विकासात्मक मुद्दों एवं जनकल्याण से जुड़ी बातों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने स्वामी प्रवक्तानंद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे एक जनप्रतिनिधि के साथ-साथ जनसेवक के रूप में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि स्वामी प्रवक्तानंद महाराज अपने क्षेत्र में निरंतर जनता से सीधे संवाद करते हैं। उनके जनता दरबार में प्रतिदिन हजारों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं और वे स्वयं संबंधित अधिकारियों से बात करके समस्याओं का तत्काल समाधान कराते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनके इस सेवा भाव की सराहना की। विधायक की इस पहल से क्षेत्रवासियों में आशा की किरण जागी है कि शीघ्र ही टाइगर रिजर्व क्षेत्र में जंगली जानवरों से उत्पन्न खतरे का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

## पालिकाध्यक्ष ने सतौती नाले की सफाई का स्थलीय निरीक्षण कर दिशानिर्देश दिए

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



गुरुवार 03 जुलाई को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सतौती नाले की सफाई का स्थलीय निरीक्षण किया। बताते चले तीन दिन पूर्व हुई बारिश में नगर के कई मार्गों पर अत्यधिक जलभराव की समस्या देखने को मिली थी। नगर के मेला मैदान, सब्जी मंडी, तीर्थ और ऊँची भूड का बरसात का पानी सतौती में जाता है। सतौती से भद्र कुंड होते हुए भूतनाथ, लक्ष्मणजती से होकर बरसात के पानी की निकासी होती है। सतौती से जलनिकासी के नाले में जाम लग गया था जिसकी नगर पालिका गत दो दिनों से सफाई करवा रही है। उसी का पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए कहा कि, नालों की विधिवत सफाई कराई जा रही है। नगर में कही भी जलभराव नही होने दिया जाएगा। निरीक्षण के समय खाद एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, लिपिक मोहित अवस्थी, सफाई नायक राहुल बाल्मीकि, संजय बाल्मीकि सहित अनेक सफाईकर्मी मौजूद रहे।

## ट्रांस शारदा क्षेत्र में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय को विलय किये जाने पर अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



हजारा। पूरनपुर ब्लाक के ट्रांस शारदा क्षेत्र में तमाम प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या कम होने पर शासन के नये नियमानुसार उन विद्यालयों को विलय करने के निर्णय पर क्षेत्र के अभिभावक गण आक्रोशीत हो गए और विद्यालय परिसर में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए विद्यालय बंद होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।पीलीभीत जनपद के विकास खंड पूरनपुर के अंतर्गत ग्राम शास्त्री नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र संख्या कम होने पर विद्यालय को विलय किया जा रहा है। यहां बता दें कि सरकार द्वारा जिन विद्यालयों में बच्चों की संख्या 50 से कम है उन्हें बंद करने का निर्णय लिया है और कम बच्चे वाले विद्यालयों को बंद करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। शुक्रवार को जब शास्त्री नगर के ग्रामीणों को विद्यालय बंद होने की सूचना लगी तो ग्रामीण भड़क गए और स्कूल बंद करने पर नाराजगी जताते हुए उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में एकत्र हो गए और सरकार की ऐलान के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे तथा किसी भी दशा में विद्यालय बंद नहीं होना चाहिए।बंद होने पर आंदोलन करने की चेतावनी देने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे शास्त्री नगर के उच्च माध्यमिक विद्यालय के अलावा नजदीक में कोई दूसरा विद्यालय नहीं है।यहां से दूसरे विद्यालय तक जाने के लिए लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है इतना ही नहीं बीच रास्ते में जंगल तथा घनी झाड़ियां है और गन्ने की खेती भी है जिसके चलते छोटे-छोटे बच्चों को इस रास्ते से जाने में जंगली हिंसक पशुओं से जान का खतरा है इतना ही नहीं बरसात के दिनों में यह गांव चारों ओर से नदी तालाबों से घिरे होने के नाते शैलाब के पानी से भरा रहता है और सारे रास्ते बंद हो जाते हैं ऐसी स्थिति में यह बच्चे स्कूल नहीं जा पाएंगे और इनका भविष्य चौपट हो जाएगा इसलिए उन्होंने पत्र के माध्यम से विद्यालय नहीं बंद किए जाने की गुहार लगाई है। सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की भी चेतावनी नहीं दी है। अब देखना यह है कि सरकार इन मासूम बच्चों के भविष्य के साथ क्या न्याय करती है। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से वीरेंद्र मास्टर, सुधाकर मिश्रा, राम अवध उर्फ बेचू, बालकृष्ण मौर्य, ग्राम पंचायत सदस्य राकेश कुमार, प्रभु सिंह, हरि नंद, शिवरती देवी, जनित्री देवी, किशन देवी, कमलावती देवी, अमरनाथ, रामप्रवेश और भिखारी मौर्य समेत काफी संख्या में स्कूल के छात्र व अभिभावक मौजूद रहे।

# किसी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा- जिलानी



■ जहानाबाद में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की युवा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

कस्बे में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की युवा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत के जिला अध्यक्ष एम.ए. जिलानी ने नगर कार्यकारिणी के सभी नवगठित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में जिलानी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और व्यापार मंडल हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने सभी स्थानीय व्यापारियों से संगठन से जुड़ने की अपील की और कहा कि संगठन से जुड़ने से व्यापारियों की आवाज शासन-प्रशासन तक बेहतर ढंग से पहुंचती है।कार्यक्रम में युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों की सेवा में ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रियाजुद्दीन राजू, युवा जिला उपाध्यक्ष गौरव दीक्षित, युवा जिला मंत्री अभिलाष गुप्ता एवं हर्षित गंगवार, नगर महामंत्री रशीद अंसारी, नगर उपाध्यक्ष शाहबाज अहमद सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**जहानाबाद नगर कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारी इस प्रकार रहे**

नगर अध्यक्ष- मुनीम खान
नगर महामंत्री- मोहम्मद हसन खां
कोषाध्यक्ष- तारिक खान
वरिष्ठ उपाध्यक्ष- तनवीर खान

**उपाध्यक्ष**

शारिक खान, हस्सान खान, जिया खान, इमरान खान, चांद खान, बाहिद नूर, तनवीर अहमद

**संगठन मंत्री**

संजीव कुमार, आशाय गुप्ता, वारिस खान, जगदीश वर्मा, मुस्तकीम खां मंत्री- युसूफ अली, मोहम्मद हनीफ, दिनेश राजपूत, अनुराग सक्सेना, जावेद सिद्दीकी, प्रभु दयाल, प्रदीप गुप्ता, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद राशिद, आरिफ अल्वी

**सदस्य**

हसीन सिद्दीकी, अरमान सिद्दीकी, सोहेल सलमानी, जयराम, इमरान मंसूरी, मोहम्मद तनवीर।

समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारीगण, गणमान्य नागरिक व संगठन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### शहर के बीचोबीच बंद बोलेरो में मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में शहर कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक बंद बोलेरो में युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर आई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि इस मामले में चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी को जेल भेजा गया है।

## संसारपुर में सपा सांसद की अध्यक्षता में संपन्न हुई पी.डी.ए जनचर्चा

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**



समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की मन्सानुसार आयोजित पीडीए जनचर्चा के माध्यम से सभी वर्गों को एक साथ जोड़ने की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए गुरूवार को संसारपुर में पी.डी.ए जनचर्चा कार्यक्रम का आयोजन खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर की अध्यक्षता मे किया गया।जिसमें सांसद उत्कर्ष वर्मा ने बूथ अध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारी के साथ चर्चा कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए बताया की जिस तरह 2024 में जो चुनाव जीता था वो कोई आसान चुनाव नही था केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार थी विरोधी पार्टी के केंद्रीय गृहराजमंत्री को हराकर आप लोग बधाई के पात्र हैं। हम लोगों को चैन से नही बैठना है जब तक 2027 में सरकार नही बनती है। समाजवादी पार्टी के पलिया विधानसभा प्रभारी पितेन्द्र सिंह कक्कू ने कहा आप सभी कार्यकर्ताओं से मै एक बात कहना चाहूंगा 2027 में पार्टी जिसको टिकट दे आप लोग पूरे बल के साथ उसको जिताकर प्रदेश में सरकार बनाए प्रदेश के मुखिया अखिलेश यादव ने घोषणा की है अगर प्रदेश में सपा की सरकार बनी तो महिलाओं को 3000 तीन हजार रुपए प्रति माह देने का कार्य किया जाएगा। आप लोगों को बताना चाहूंगा समाजवादी पार्टी में ब्राह्मण समाज सपा में तेजी से जुड़ रहा है यह देख कर भाजपा बौखलाई हुई है अब यादव को ब्राह्मण समाज को लड़ाने का नीच काम करने पर उतारू हो गई है। पलिया विधानसभा अध्यक्ष जावेद अख्तर संगठन के आए हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनवा दो प्रदेश में गरीबी का नामोनिशान नही रहेगा।

पूर्व चेयरमैन मैलानी नरेश यादव ने अपने संबोधन में कहा मैं समाजवादी पार्टी का एक कार्यकर्ता हूँ पार्टी के हर एक बूथ पर जाकर पार्टी को जिताने का कार्य करूंगा पार्टी जिसको अपना उम्मीदवार घोषित करेगी उसको 2027 में पूरी निष्ठा ईमानदारी से चुनाव जिताने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। इस दौरान मीडिया प्रभारी रिज़वान खाँन, सांसद प्रतिनिध अशोक वर्मा, रामकुमार भार्गव, सिजनौर अली, कुकरा नगर अध्यक्ष जकीउल्ला खा, सलिउल्ला खा, अरुण यादव, पूर्व प्रधान अरविंद यादव, वसीम खाँन, मुकर्रम अली, जितेंद्र पटेल, चंद्रका के साथ सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपास्थि रहे।

# विद्यालयों के मर्जर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

■ कहा शिक्षा व रोजगार के अवसर छीन रही है सरकार, छात्रों-अभिभावकों में रोष

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर के 5000 विद्यालयों को बंद कर उन्हें अन्य विद्यालयों में मर्ज किए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस मीडिया विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के फ्रंटल संगठन के कोऑर्डिनेटर बलराम गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर विरोध दर्ज किया और महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त कलेक्टर पवन कुमार को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय छात्रों, युवाओं और बेरोजगारों के हितों के खिलाफ है। विद्यालयों का इस प्रकार मर्ज किया जाना छात्रों के शिक्षा के अधिकार में सीधी बाधा है, विशेषतः ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ मर्ज किए गए स्कूलों की दूरी अधिक है। इससे न केवल छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने में दिक्कत होगी, बल्कि उनके अभिभावकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने उदाहरण देते हुए बताया कि जनपद पीलीभीत के ग्राम मथना जप्ती, मटैना और ढकिया सहित कई स्कूलों को अन्य विद्यालयों में मर्ज कर दिया गया है। इससे प्रभावित छात्रों की संख्या बड़ी है। इतना ही नहीं, मिड डे मील में कार्यरत रसोइयों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा हो गया है। नेताओं ने कहा कि इस निर्णय के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में 51 छात्रों द्वारा याचिका भी दायर की गई है, जो इस निर्णय की संवैधानिक और नैतिक समीक्षा की माँग करता है। प्रदर्शन से पूर्व जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर बलराम गुप्ता ने कहा कि ÷उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने पर तुली है। यह निर्णय छात्रों को शिक्षा से वंचित करने वाला है और प्रदेश के भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसा है। इस विरोध कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार, डॉ. नागेश पाठक, शशि ओम जहानाबादी, करनजीत सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश वर्मा, ईश्वर दयाल पासवान एडवोकेट, अनवर अनीश, हेमंत मिश्र एडवोकेट (प्रवक्ता), युसूफ मलिक, मुनेंद्र पाल सक्सेना, आशिया फातिमा, वासुदेव ठाकुर, तौकीर अहमद, राजीव गंगवार एडवोकेट, इश्तियाक अंसारी, मोहम्मद ताहिर, हरीश मौर्य, नफीसा, अमन अंसारी, मुर्शीद मिर्जा, अरशद आलम, शोएब खान, सैयद मुर्शीद, राजू मिश्रा, रामनाथ, मोहम्मद ओवैस, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद हयात, नसीम जहाँ आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया, तो विरोध प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा।

# नाले में डूबा व्यापारी

**एनडीआरएफ और पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला शव**

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



सम्पूर्णानगर सिंगाही खुर्द में एक दुखद घटना सामने आई। नेपाल में आम बेचने जाने वाले 35 वर्षीय व्यापारी वीरपाल की सुतिया नाले में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार को वीरपाल अपनी साइकिल से आम बेचने नेपाल गए थे। रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बुधवार सुबह कुछ ग्रामीण मछली पकड़ रहे थे। उनके जाल में एक साइकिल फंस गई। जांच करने पर पता चला कि यह साइकिल वीरपाल की थी। ग्रामीणों ने तुरंत थाना प्रभारी कृष्ण कुमार को सूचित किया। कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। दोनों टीमों ने गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू किया। लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद वीरपाल का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वीरपाल की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# दबंगों ने महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

■ पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार, कोतवाली पुलिस पर लगाया आरोपियों को बचाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



बीसलपुर। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने तमंचे के बल पर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई तहरीर के बावजूद कार्रवाई न होने पर उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह एक जुलाई की रात अपने घर में अकेली थी। उसका पति मजदूरी के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। उसी रात गांव के ही ओमपाल और प्रेमपाल पुत्रगण नन्हेंलाल शराब के नशे में उसके घर में जबरन घुस आए। दोनों ने पहले मारपीट की और फिर तमंचा दिखाकर महिला से कपड़े उतारने को कहा। विरोध करने पर दबंगों ने जबरदस्ती महिला को निर्वस्त्र कर दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह महिला उनके चंगुल से छूटकर घर से बाहर भागी और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे कुछ किसान मौके पर पहुंचे और महिला को बचाया। इसी बीच आरोपी तमंचा लहराते हुए वहां से भाग निकले और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने घटना की लिखित तहरीर दियोरिया कोतवाली में दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले को केवल मारपीट और पैसे के लेनदेन का विवाद बताकर मुकदमा दर्ज करने से मना कर दिया। इससे आहत होकर महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी और न्याय की मांग की। महिला ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं, स्थानीय पुलिस की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में भी रोष व्याप्त है।

### पेड़ गिरने से बिजली गुल- 33 हजार केवीए लाइन टूटी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** ईसानगर क्षेत्र में मंगलवार शाम तेज हवा और आंधी के कारण एक पेड़ गिर गया। इस घटना से 33,000 केवीए की हाईटेंशन विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।ईसानगर कस्बा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गर्मी से परेशान हैं। पंखे, कूलर और इन्वर्टर बंद हैं। पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। बाजारों में सन्नाटा है और व्यापारियों का कारोबार ठप है। स्कूली बच्चे और बुजुर्ग गर्मी से त्रस्त हैं।बिजली विभाग के अधिकारी और लाइनमैन मौके पर पहुंच गए हैं। वे तेजी से मरम्मत कार्य कर रहे हैं। विभाग ने गुरुवार शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पेड़ गिरने और तार टूटने की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। ग्रामीणों ने पुराने और जर्जर तारों को बदलने की मांग की है।

उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर नियमित रूप से पेड़ों की छंटाई की भी मांग की है। इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### धूमधाम के साथ निकल गया सातवीं का आलम जुलूस


**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** मोहल्ला सरैया से धूमधाम से निकल गया सातवीं मोहर्रम का आलम जुलूस जो की नगर के विभिन्न मार्गो का करेगा भ्रमण इस दौरान जुलूस में तमाम ताजियादार साथ में मौजूद रहे दिन के 4:00 से उठा आलम जुलूस देर रात भ्रमण करके होगा समापन इस दौरान भारी पुलिस बल साथ में मौजूद रहा ताजिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास अली ने सभी ताजिया दरों से अपील की है कि शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकले सरकार की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए त्योहार मानना है इस मौके पर मियां कमरुल हसन कादरी मोहम्मद शरीफ मियां नौशाद खान एडवोकेट निसार अली सानू खान सूफी इदरीश मियां हमीद मियां अनीस हसन अली उसमें मौजूद रहे।

### खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन का बड़ा प्रहार

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीमों ने अब तक 300 से ज्यादा छापेमारी कर दी हैं। जांच के दौरान 70 नमूने लिए गए, 25 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस भेजे गए और 13 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। वहीं, 15 दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि एक विशेष कार्रवाई में एक गोदाम को सील किया गया, जहां अवैध भंडारण की पुष्टि हुई। मामले में कालाबाजारी से जुड़े एक व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी स्तर पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं कि कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ बिना रियायत कठोर कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने खाद वितरण केंद्रों और खुदरा दुकानों पर निगरानी बढ़ा दी है। हर ब्लॉक में उड़नदस्ते सक्रिय हैं और पुलिस व राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई की जा रही है।

### महीनों से जलभराव से लोगो को काफी दिक्कत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** कस्बा मितौली में रानी बेहड़ मार्ग पर मदर मैरी विद्यालय व दुकानों के ठीक समाने गंदा जलभराव होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों व राहगीरों को मार्ग में जलभराव से होकर गुजरते है दुकानदारों को काफी दिक्कत होती है जलभराव की वजह से गंदगी बनी रहती है, और गंदे पानी से होकर लोग गुजरते कई महीनों से जलभराव की स्थित बनी है। जिसकी वजह से मार्ग बड़े बड़े गड्ढ बन गए हैं जिससे से आने जाने वाले राहगीरो स्कूली बच्चे वृद्ध लोग गिर कर चोटिल भी हो जाते हैं। इस तरफ किसी भी जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं जा रहा है जिससे दुकानदारों की बिक्री भी प्रभावित हो रही है। गंदा जलभराव से संक्रामक रोग पनपे का भय व्याप्त है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है कस्बे के लोगों ने मांग की यह मार्ग जल्दी बनवाया जाये।



# धौरहरा में बाढ़ का फुल अलर्ट मोड: एडीएम ने शारदा-घाघरा कटान क्षेत्र का किया निरीक्षण, अफसरों को दिए कड़े निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में आ गया है। गुरुवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम शशि कांत मणि के साथ तहसील धौरहरा के अंतर्गत घाघरा एवं शारदा नदी के कटान प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कटान रोधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अफसरों को सख्त हिदायत दी कि काम में कोई कोताही न बरती जाए और निर्माण की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता हो। एडीएम ने जसवंतनगर व हसनपुर कटौली बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मडवा, मिर्जापुर सरैया, रुद्रपुर सालिम गांव के कटान क्षेत्र का निरीक्षण कर कटावरोधी कार्यों को भी परखा और तेजी से कार्य पूरा करने को कहा।निरीक्षण के दौरान एडीएम ने एसडीएम को निर्देशित किया कि गांववासियों के साथ प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान तैयार करें, जिससे आपातकालीन स्थितियों में सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान संभव हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ चौकियों को पूरी तरह एक्टिव मोड में रखें और हर बदलाव की रियल टाइम रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। एडीएम ने बाढ़ खंड को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। कटाव रोधी कार्य समयबद्ध और ठोस हों। यही प्राथमिकता है।

# 12 साल पहले गोरखपुर में डीआईजी थे एडीजे बनकर लौटे- एनसीबी में भी दे चुके हैं सेवाएं

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

अशोक मुथा जैन की नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक कौशल के कारण उन्हें 1 जनवरी 2022 को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) के पद पर पदोन्नत किया गया। 11 मार्च 2024 को उन्हें एडीजी/पीएसआर और पीबी उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया, जहां से उन्होंने लखनऊ में अपनी सेवाएं जारी रखीं। अब गोरखपुर जोन के एडीजी के तौर पर इनकी तैनाती की गई है।

यूपी में बृहस्पतिवार को तीन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। मुथा अशोक जैन को गोरखपुर जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। वह अभी तक भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। 2013 में वो गोरखपुर के डीआईजी भी रह चुके हैं।

गोरखपुर में अभी तक एडीजी रहे डॉ के एस प्रताप कुमार को पुलिस महानिदेशक सीएमडी, पुलिस आवास निगम नियुक्त किए गए। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी अशोक मुथा जैन ने अपने कार्यकाल में बेहतरीन प्रशासनिक और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का जन्म 30 अगस्त 1966 को आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले



में हुआ था। उनके पिता का नाम एम.एम. जैन है। उन्होंने बी.कॉम (बैंकिंग अकाउंट्स स्टैटिस्टिक्स) में स्नातक की डिग्री हासिल की और इसके बाद लखनऊ स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) से विपणन और वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएम) प्राप्त किया।

अपनी शिक्षा पूर्ण करने के बाद, जैन ने 28 दिसंबर 1995 को आईपीएस सेवा में प्रवेश किया। उनकी पहली नियुक्ति वाराणसी में एसपी सिटी के रूप में हुई, जहां उन्होंने अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद, उन्होंने इलाहाबाद, कानपुर, इटावा, जौनपुर, फर्रुखाबाद और ललितपुर जैसे विभिन्न जिलों में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पदों पर कार्य किया।

गोरखपुर, फैजाबाद और सहारनपुर में उन्होंने उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में भी सेवाएं दीं। जैन की नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक कौशल के कारण उन्हें 1 जनवरी 2022 को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) के पद पर पदोन्नत किया गया। 11 मार्च 2024 को उन्हें एडीजी/पीएसआर और पीबी उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया, जहां से उन्होंने लखनऊ में अपनी सेवाएं जारी रखीं।

केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति के दौरान, जैन ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) में उप महानिदेशक (डिप्टी डायरेक्टर जनरल) के रूप में कार्य किया। इस भूमिका में, उन्होंने अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत से संबंधित ड्रग मामलों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस । देवरिया

थाना क्षेत्र के बगहा मठियां मे निर्माणाधीन पानी टंकी पर काम करने वाले मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार की देर रात मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के बगहा मठिया में निर्माणाधीन पानी टंकी में एक ठेकेदार के तहत छह मजदूर वहीं रह कर कार्य करते थे। सभी मजदूर गांव बकुची डाढ़ीडीह थाना हलधरपुर जिला मऊ के निवासी हैं। मजदूर मंगलवार की रात खाना खा कर एक ही पास पानी टंकी के परिसर में सो गए। सुबह होते ही अन्य मजदूर आकाश चौहान 20 पुत्र धर्मचंद्र चौहान को साथियों ने जगाने की कोशिश की, लेकिन वह जगा नहीं। उसके बाद साथियों ने उसके पिता धर्मचंद्र चौहान को इसकी सूचना दी। वह घटना स्थल पर पहुंचे गए उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष कंचन राय ने कहा कि मजदूर के मौत की सूचना पा कर पुलिस गई थी। जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# लूट के आरोपी संग पुलिस की मुठभेड़, घायल- मंगलसूत्र, बाली और तमंचा बरामद



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

शाहपुर के जटेपुर उत्तरी मोहल्ले में कुछ दिनों पहले बुजुर्ग महिला के साथ लूट की वारदात हो गई थी। घर के सामने टहलते समय बाइक सवार बदमाश ने पहले धक्का देकर गिरा दिया। जब तक कुछ समझ पाती गले से सोने की चेन व कान की बाली जबरदस्ती खींच ली।

शाहपुर पुलिस ने बुधवार की रात नवल्स एकेडमी के पास मुठभेड़ में लूट के आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया। शाहपुर और चिलुआताल इलाके में लूट की घटना में वह वांछित था। उसने पुलिस पर फायरिंग भी की। बचाव में पुलिस टीम ने फायरिंग की। आरोपी के पैर में गोली लगी है। आरोपी के पास से लूट का मंगलसूत्र, कान की बाली और तमंचा भी बरामद किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के जटेपुर उत्तरी मोहल्ले में कुछ दिनों पहले बुजुर्ग महिला के साथ लूट की वारदात हो गई थी। घर के सामने टहलते समय बाइक सवार बदमाश ने पहले धक्का देकर गिरा दिया। जब तक कुछ समझ पाती गले से सोने की चेन व कान की बाली जबरदस्ती खींच ली। भागते वक्त उसने महिला को गंभीर चोट पहुंचाई। चिलुआताल इलाके में भी लूट की घटना में वह सद्दाम वांछित था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसकी तलाश कर रही थी। बुधवार की रात करीब दो बजे रेल विहार के नवल्स एकेडमी के पीछे शाहपुर पुलिस से मुठभेड़ हो गई।

# दो बच्चों के पिता ने किशोरी से किया दुष्कर्म, एक वर्ष से लगातार कर रहा था हैवानियत

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

हजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी एक विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा है। किशोरी के घर के पास के एक व्यक्ति की रिश्तेदारी दूसरे गांव में है। इसके कारण दूसरे गांव का एक व्यक्ति वहां आता-जाता रहता है। वह दो बच्चों का पिता है। क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला-फुसला कर दो बच्चों का पिता पिछले एक वर्ष से दुष्कर्म करता रहा। किशोरी के विरोध करने पर अश्लील वीडियो प्रसारित करने और जान से मारने की धमकी देता रहा। आरोपी से तंग आकर किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है।



जानकारी के अनुसार, सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी एक विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा है। किशोरी के घर के पास के एक व्यक्ति की रिश्तेदारी दूसरे गांव में है। इसके कारण दूसरे गांव का एक व्यक्ति वहां आता-जाता रहता है। वह दो बच्चों का पिता है। आरोप है कि किशोरी को बहला-फुसला कर उसने करीब एक वर्ष पहले शारीरिक संबंध बना लिया और उसका वीडियो भी बनाया। वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देते हुए किशोरी का एक वर्ष से दुष्कर्म कर रहा था। आरोप है कि किशोरी को होटल में भी ले जाकर यौन शोषण किया।

आरोपी से तंग आकर किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। बुधवार की देर शाम को किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, केस दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

## दरोगा के बेटे की ईंट से कूंचकर हत्या, पुलिस ने दो को दबोचा

जन एक्सप्रेस । देवरिया

शहर के खरजरवा मोहल्ले में मंगलवार की शाम दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए निकले एक युवक की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। घटना को घर से 50 मीटर की दूरी पर अंजाम दिया गया। युवक के सिर पर गंभीर चोट आए थे। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। जानकारी होने पर एसपी विक्रांत वीर ने मौके का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाया। इसके बाद घटना में शामिल दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खरजरवा निवासी संदीप यादव उर्फ मटेलू (19) पुत्र छोटेलाल यादव इंटरमीडिएट का छात्र था। उसके पिता दरोगा हैं। उनकी तैनाती बस्ती में है। संदीप का पढ़ाई में मन कम लगता था और वह गलत सोहबत में पड़ गया। परिणामस्वरूप नशा का सेवन करने लगा। इसकी जानकारी होने पर पिता उसे अपने साथ बस्ती में रखे थे।

# बंदिशों से जद्दोजहद... युवक और किशोरी का कत्ल, ईंट से कुचल दिए चेहरे, विदेश से लाई रस्सी से दोनों की शव लटकाए

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कुशीगर में युवक और किशोरी की बेरहमी से हत्या की गई। इसके बाद उनके शव पेड़ से लटका दिए गए। घटनास्थल से खून से सनी ईंट भी मिली। मौके पर संघर्ष का निशान नहीं मिला, इससे पुलिस ऐसा मान रही है कि हत्या कहीं और की गई।

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज इलाके के एक गांव में बुधवार सुबह एक युवक और किशोरी की हत्या कर शव पेड़ से लटका दिए गए। उनके चेहरे और सिर पर ईंट से प्रहार किए गए थे। दोनों एक ही गांव के रहने वाले और अलग-अलग बिरादरी के थे।

प्राथमिक जांच में पुलिस ऑनर किलिंग का मामला मान रही है। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। देर रात युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी के घरवालों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया।



मामले के अनुसार, तमकुहीराज थाना इलाके के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी मंगलवार सुबह घर से लापता हो गई। किसी ने 1090 पर किशोरी के लापता होने की जानकारी दे दी। पुलिस गांव पहुंची तो किशोरी के घर वालों ने गांव के ही 20 साल के युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस युवक के घर पहुंची, लेकिन वह नहीं मिला। इस बीच देर शाम करीब दस किमी दूर सेवरही से किशोरी को घर वालों ने बरामद कर लिया। उधर, देर रात तक युवक घर नहीं लौटा तो परिवार वाले उसकी तलाश में लग गए। उसका फोन भी बंद था।

युवक के परिजनों का आरोप है कि देर रात करीब 11 बजे किशोरी के कुछ रिश्तेदार उसके बारे में पूछताछ करने घर आए थे। इसके बाद बुधवार सुबह करीब पांच बजे गांव से करीब तीन सौ मीटर दूर एक पेड़ से युवक और किशोरी का शव प्लास्टिक के फंदे से लटका मिला।

दोनों के घुटने जमीन से सटे हुए थे। लोगों की सूचना पर इंस्पेक्टर सुशील शुक्ला टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक व किशोरी के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। घटनास्थल से खून से सनी ईंट भी मिली। मौके पर संघर्ष का निशान नहीं मिला, इससे पुलिस ऐसा मान रही है कि हत्या कहीं और की गई।

**बंदिशों से जद्दोजहद में खत्म हुईं दो जिंदगियां**

युवक व किशोरी के बीच प्रेम संबंध करीब तीन साल से चल रहा था। परिवार के सदस्यों से लेकर गांव में इसकी चर्चा आम रही। इसे लेकर किशोरी और युवक के परिजनों के बीच कई बार पंचायत भी हो चुकी थी, लेकिन दोनों एक दूसरे से अलग रहने को तैयार नहीं थे।

गांव के लोगों का कहना है कि वह छिप-छिपकर मिलते रहते थे और फोन पर इनकी बातें होती थीं। बीच में शादी करने की चर्चा तक चली, लेकिन अलग-अलग जाति के होने के कारण किशोरी के घरवाले तैयार नहीं हुए और इनका मिलना किशोरी के परिजन व रिश्तेदारों को नागवार लगता था।

# साइबर अपराधः ऑनलाइन ट्रेडिंग का जाल- रहें सतर्क, लालच में फंसे...बन जाएंगे अपराधी- युवाओं को बना रहे शिकार

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

सूत्रों के मुताबिक, खाता खुलवाने वाले युवकों को 10 से 15 हजार रुपये देकर धंधेबाजा अपना रैकेट संचालित कर रहे हैं। खाता खोले जाने और उसमें रुपये आने के बीच इन युवाओं को लुभाने के लिए ये धंधेबाज उन्हें साथ लेकर नेपाल या उत्तराखंड घूमने चले जाते हैं। रुपये आते ही इनके खातों से निकासी कर लेते हैं। इनके इस अपराध के तरीकों पर केंद्रीय एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग में धंधेबाजों ने तगड़ी सेंध लगा दी है। वे कम उम्र खासकर बेरोजगार युवाओं को लालच देकर लोगों को तो झटका दे ही रहे हैं, सरकार के राजस्व को तगड़ा चूना लगा रहे हैं। धंधेबाज, बेरोजगार युवाओं के खाते बैंक में खुलवा रहे हैं और इसमें हवाला के साथ काले धन को मंगवाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। बदले में इन्हें कमीशन दे देते हैं, जिससे वे भी खुश रहते हैं। बीते दिनों दिल्ली पुलिस ने सहजनवां इलाके में दो युवकों को गिरफ्तार कर निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी का पर्दाफाश भी किया है। आरोपियों ने 30 दिनों के भीतर 105 अलग-अलग स्थानों से लगभग 11 करोड़ रुपये की लेनदेन की थी।

सूत्रों के मुताबिक, खाता खुलवाने वाले युवकों को 10 से 15 हजार रुपये देकर धंधेबाजा अपना रैकेट संचालित कर रहे हैं। खाता खोले जाने और उसमें रुपये आने के बीच इन युवाओं को लुभाने के लिए ये धंधेबाज उन्हें साथ लेकर नेपाल या उत्तराखंड घूमने चले जाते हैं। रुपये आते ही इनके खातों से निकासी कर लेते हैं। इनके इस अपराध के तरीकों पर केंद्रीय एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में बेहद चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पता चला कि नेटवर्क से जुड़े युवाओं के खाते सिर्फ निजी बैंकों में ही खुलवाए जाते हैं। खाता खोले जाने के बाद इनके आधार और पैन के सहारे केवाईसी करवा दी जाती है।

खाता खोले जाने में असली दस्तावेजों का ही इस्तेमाल किया जाता है। जिस बैंक में खाता खुलवाया जाता है, उसके ऑनलाइन बैंकिंग एप को धंधेबाज अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर लेते हैं। इसमें बैंक से मिले किट के आधार पर डिटेल एप में भरने के बाद लॉगिन कर लेते हैं। इसके बाद ऐसे ही फर्जी आधार कार्ड से फर्जी मोबाइल नंबर निकाल लेते हैं।

यह भी पता चला कि बैंकिंग एप से उस खाते में जाकर असली खाताधारक के मोबाइल नंबर को हटाकर वहां अपना फर्जी मोबाइल नंबर फीड कर देते हैं। इससे खाते में आने-जाने वाले रुपयों की पूरी ऑनलाइन डिटेल उनके पास पहुंच जाती है। फिर खातों को प्रयोग शुरू हो जाता है।

सूत्रों की मानें तो इस नेटवर्क में बैंककर्मियों की भी मिलीभगत होती है। दरअसल, बैंक का नियम है कि खाताधारक को ही बैंक का किट दिया जाता है, लेकिन सिर्फ मुनाफे के नाम पर जिनके खाते खोले जाते हैं, उन्हें किट की जानकारी ही नहीं होती। ऐसे में खाता खुलवाने के बाद बैंककर्मी ही धंधेबाजों को ये किट दे देते हैं। इस किट में एटीएम और उसका पासवर्ड होता है। इन पासवर्ड से ये बैंकों के रुपये निकाल लेते हैं।

## युवक के परिजनों ने रोका शव, पुलिस से नोकझोंक

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमी युगल की हत्या के बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शव पुलिस की मौजूदगी में एंबुलेंस से घर पहुंचा। किशोरी के परिजन शव का दाह संस्कार करने को तैयार हो गए, जबकि युवक के परिजन दरवाजे पर शव को रोक लिए और आरोपियों को पुलिस पर बचाने का आरोप लगाने लगे। गिरफ्तारी नहीं होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इस दौरान पुलिस और नाराज महिलाओं के बीच नोकझोंक हुई। पुलिस के काफी समझाने और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देने पर नाराज पुरुष शांत हुए, लेकिन महिलाएं अपनी जिद पर अड़ी रहीं। माहौल को देखते हुए घटना के बाद से ही पांच थाने की पुलिस गांव में कैंप कर रही है। करीब एक घंटे तक दरवाजे पर परिजन युवक का शव रोके रखा।

# बेटी ने प्रेमी संग मिलकर पिता का किया कत्ल

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सदर कोतवाली क्षेत्र के भरौली बाजार महुआबारी गांव में मंगलवार की रात एक बेटी ने कुल्हाड़ी से मारकर बुजुर्ग बाप की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग में पिता के बाधक बनने पर युवती ने प्रेमी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। गांव के चार लोगों पर पुरानी रंजिश में पिता को मारपीट कर लहूलुहान करने का आरोप लगाते हुए उसने पुलिस को भटकाने की भी कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने सच्चाई उगल दी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भरौली बाजार महुआबारी गांव निवासी उदयभान यादव (65) के दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा दिव्यांशु परदेस में है जबकि छोटा बेटा दीपांशु और बेटी दीपाली पिता के साथ घर पर रहते थे। मंगलवार की रात घर की पहली मंजिल पर कमरे में उदयभान लहूलुहान हालत में अचेत मिले। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घर में मौजूद बेटी दीपाली का कहना था कि पिता गांव के ही एक व्यक्ति के साथ दावत में गए थे। आरोप लगाया कि वहां चार लोगों ने मिलकर पिता को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद आरोपी घर पर छोड़कर भाग गए।

परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घर में मौजूद बेटी दीपाली का कहना था कि पिता गांव के ही एक व्यक्ति के साथ दावत में गए थे। आरोप लगाया कि वहां चार लोगों ने मिलकर पिता को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद आरोपी घर पर छोड़कर भाग गए।

उदयभान यादव के छोटे भाई धर्मेंद्र ने चारों आरोपियों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी। मामले की जानकारी पर एसपी विक्रांत वीर ने भी घटनास्थल का जायजा लिया और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस टीम उदयभान की बेटी दीपाली और अन्य परिजनों की हरकतों पर नजर बनाए हुए थी। बुधवार की देर शाम दीपाली को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने पिता की हत्या की बात कबूल कर ली। इसके बाद कोतवाली क्षेत्र में मूड़ाडीह गांव निवासी उसके प्रेमी पवन गोंड को भी पुलिस ने दबोच लिया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। एसपी, देवरिया विक्रांत वीर ने कहा कि भरौली बाजार में बुजुर्ग की हत्या के मामले में जांच के दौरान उसकी बेटी का नाम सामने आया। पूछताछ में उसने अपने प्रेमी का नाम बताया। हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दोनों ने हत्या की बात कबूल कर ली है। हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है। विधि कार्रवाई की जा रही है।

# भौतिक विज्ञान की परीक्षा आज, सख्त होगी निगरानी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

यूपी बोर्ड परीक्षा के इंटर भौतिक विज्ञान प्रश्न पत्र को लेकर बुधवार को जिम्मेदारों ने तैयारियों को पुनः परखा। नकल माफिया इस दौरान खेल न कर सकें, इसके लिए अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कंट्रोल रूम में ही निगरानी व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने की योजना बनाई। साथ ही कौन सा सचल दल किस ओर और किन विद्यालयों पर जाएगा, इसका प्लान तैयार किया गया। संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर सख्त निगाह रखने की बात कही गई। उधर परीक्षा के छठवें दिन 786 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

एक मार्च को हाईस्कूल गणित के प्रश्न में जिले के एक सेंटर से दो मुन्ना भाई के पकड़े जाने के बाद अधिकारियों का रवैया केंद्रों के प्रति और सख्त हुआ है। केंद्रों के स्ट्रांग रुम में रखे गए प्रश्न पत्रों की जनपदीय कंट्रोल रूम से 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। तीन शिफ्टों में 25-25 कर्मचारी लगातार यहां ड्यूटी कर रहे हैं। कंट्रोल रुम के प्रभारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि इंटर भौतिक विज्ञान प्रश्न पत्र को लेकर केंद्रों पर अतिरिक्त अधिकारियों की भी तैनाती रहेगी। तीन शिफ्टों में 25-25 कर्मचारी लगातार यहां ड्यूटी कर रहे हैं। कंट्रोल रुम के प्रभारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि इंटर भौतिक विज्ञान प्रश्न पत्र को लेकर केंद्रों पर अतिरिक्त अधिकारियों की भी तैनाती रहेगी। जिले के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केंद्रों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। सभी सचल दल के लिए निर्धारित रुट व केंद्र तय कर दिए गए हैं। बुधवार को डीआईओएस शिव नारायण सिंह ने बीआरडी इंटर कॉलेज, अशोक इंटर कॉलेज रामपुर कारखाना, जनता इंटर कॉलेज रामपुर कारखाना, शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज बसंतपुर धूसी, जनता इंटर कॉलेज तरकुलवा केंद्र पर जाकर परीक्षार्थियों की जांच की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को नकल रोकने के लिए हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए और बृहस्पतिवार को होने वाले इंटर भौतिक विज्ञान प्रश्न पत्र को लेकर सतर्कता बरतने को कहा। उधर बुधवार को प्रथम पाली में हुए हाईस्कूल मानव विज्ञान में पंजीकृत एक छात्र में वह भी अनुपस्थित ही रहा। इसी पाली में इंटर के उर्दू में पंजीकृत 316 में 270 उपस्थित एवं 46 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर के इतिहास में पंजीकृत 7721 में सात हजार उपस्थित एवं 721 अनुपस्थित रहे। डीआईओएस ने बताया कि छठवें दिन भी जिले में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई है।

## बिजली चोरी के आरोप में 12 लोगों पर केस

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

विद्युत वितरण खंड कसया क्षेत्र में बुधवार को बिजली विभाग ने बृहद मेगा ड्राइव अभियान चलाया गया। बिजली विभाग के एक्सईएन आकास सचान के नेतृत्व में फाजिलनगर, कसया ग्रामीण, गोपालगढ़, एवं गुरवलिया फीडर के काजीपुर सपहां जोगिया, गुरमिया समेत दर्जनों मुहल्लों में आज बिजली विभाग की विजलेंस टीमों ने सुबह से ही चेकिंग शुरू कर दिया। जिससे बिजली चोरों में हड़कंप मचा गया। 99 उपभोक्ताओं की बिजली चेकिंग में करीब 12 उपभोक्ता को बिजली की चोरी करते पकड़े गए। जिनके ऊपर एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके अतिरिक्त करीब 99 घरों की बिजली बिल बकाया होने पर काटी गई हैं। जिनके ऊपर लगभग 66.24 लाख का बिजली बिल बकाया था।

# सीने से लगाने के बजाय... रात के अंधेरे में नवजात को बेंच पर छोड़ा, चुपचाप चले गए कार सवार

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

एम्स थाना के रजही वनटांगिया खाले टोला के पास चाय की दुकान पर मंगलवार की देर रात चारपहिया से कुछ लोग पहुंचे। इसके बाद एक नवजात को निकालकर दुकान के बेंच पर रखकर चले गए। पुलिस की जांच में मंगलवार की रात एक कार को दुकान के पास जाते देखा गया।

सीने से लगाने के बजाय नवजात को वनटांगिया खाले टोला के पास चाय की एक दुकान के बेंच पर रखकर मंगलवार की रात एक कार से आए कुछ लोग चले गए। नवजात का सिर सामान्य बच्चों से बड़ा है। बुधवार की सुबह आसपास के लोगों ने देखा।

उनकी सूचना पर पहुंची पीआरवी और एम्स थाना पुलिस ने उसे एम्स में भर्ती कराया, जहां से उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चाइल्डलाइन की टीम उसकी देखरेख कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस कार की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, एम्स थाना के रजही वनटांगिया खाले टोला के पास चाय की दुकान पर मंगलवार की देर रात चारपहिया से कुछ लोग पहुंचे। इसके बाद एक नवजात को निकालकर दुकान के बेंच पर रखकर चले गए। पुलिस की जांच में मंगलवार की रात एक कार को दुकान के पास जाते देखा गया। बुधवार की सुबह बच्चे के रोने की आवाज सुनकर पास के कालीचरण



और मीरा देवी वहां पहुंचे। उन्होंने बच्चे को उठाया और डायल 112 पर सूचना दी।

मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने नवजात को देखने के बाद एम्स थाने पर कॉल किया। यहां से मौके पर पहुंची टीम दोनों ग्रामीण के साथ नवजात को लेकर दोपहर 12:30 बजे एम्स पहुंची। यहां पुलिस के दबाव में बच्चे का पर्ची बनवाकर उसे भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर चाइल्डलाइन की टीम भी एम्स पहुंच गई।

दोपहर दो बजे के बाद एम्स के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नवजात को बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, नवजात का सिर सामान्य से ज्यादा बड़ा है। उसका ऑपरेशन करना होगा।

**एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि** चाइल्डलाइन की टीम नवजात की देखरेख कर रही है। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस कार की पहचान कर तलाश कर रही है।

# डीएम व एसपी ने आगामी त्यौहारों को लेकर उतरौला नगर में किया फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने, शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र अन्तर्गत उतरौला नगर में बुधवार की देर शाम भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। पुलिस टीमों द्वारा कस्बा के प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की लगातार की चेकिंग की जा रही है । जानकारी के अनुसार 02 जुलाई की देर शाम जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने थाना कोतवाली उतरौला अन्तर्गत भारी पुलिस बल के साथ कस्बा के प्रमुख संवेदनशील स्थानों में आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु फ्लैग मार्च किया । फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों पर क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर नजर रखना एवं उन पर कार्यवाही करना तथा जनता में विश्वास बहाल करना रहा। साथ ही यह संदेश दिया गया कि पुलिस प्रशासन हर स्थिति में सजग एवं तत्पर है। कस्बा के सभ्रांत नागरिकों एवं नवयुवकों से अपील की गई कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

बलरामपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें। इस दौरान उप जिलाधिकारी उतरौला, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवक को तेज रफ़्तार ट्रक ने रौंदा, मौत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

बाजार से सब्जी लेने जा रहे युवक को पीछे से आये तेज रफ़्तार ट्रक ने रौंद दिया।हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर परिजन व इलाका पुलिस मौके पर आ गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। इस हादसे में 5 बेटियों के सिर से उनके पिता का साया छिन गया। उनका रो रोकर बुरा हाल है। शहर के थाना बन्नादेवी इलाके के बरौला बाइपास स्थित पुराना ठेका वाली गली के रहने वाले 32 वर्षीय राकेश मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। परिवार में पत्नी ललतेश व बेटी गुंजन, ज्योति, कुसुम, परी और यशी है। तएरी बहन खुशबू ने बताया कि राकेश के पिता बुजुर्ग और बिमार हैं।उसकी माँ का भी यही हाल है। बुधवार की सुबह 10 बजे राकेश बाजार से सब्जी लेने के लिए घर से निकला था। वह पैदल चलते हुए सुरक्षा बिहार मोड़ के पास पहुंचा था। तभी पीछे से आये तेज रफ्तार ट्रक ने उसको रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीर मौके पर एकत्र हो गए। एक पड़ोसी ने राकेश का शव देख परिजनों को खबर दी।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग योजना की बैठक का डीएम की अध्यक्षता में आयोजन संपन्न

**प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की संख्या बढ़ाए जाने के डीएम ने दिए निर्देश**



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

गुरुवार को मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग की योजना की बैठक जिला अधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की संख्या बढ़ाते हुए अधिक से अधिक छात्रों को निशुल्क कोचिंग योजना का लाभ दिए जाने का निर्देश डीएम द्वारा दिया गया।

डीएम ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में समसामयिकी बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने प्रतियोगी छात्रों हेतु समसामयिकी मैगज़ीन आदि की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा भी मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना निशुल्क कोचिंग मे लेक्चर क्लास दिए जाए।

डाइट में क्रिटिकल गैप से लाइब्रेरी निर्माणाधीन हैं। शीघ्र ही डाइट में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग के छात्रों को डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी राहुल गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल, जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, प्रबंधक कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीदत्तगंज श्री सर्वेश सिंह, कोर्स कोआर्डिनेटर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बाढ़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने कसी कमर, तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जिले में बाढ़ के की संभावना को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर आ चुका है। जिसको लेकर गुरुवार को डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें डीएम ने बाढ़ खंड को संवेदनशील स्थानों पर स्टॉक बिंदु बनाते हुए पर्याप्त स्टॉक रखे जाने की निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में कोई भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न हो , इसके लिए सभी तैयारियां पर ली जाए , सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पास जरूरी मेडिसिन अवश्य उपलब्ध हो , यह सुनिश्चित किया जाए। नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में नाले नलियों की साफ सफाई , पंपिंग सेट की व्यवस्था का निर्देश दिया। अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को पुल पुलियो के एप्रोच का निरीक्षण करते हुए मरम्मत की कारवाही का निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ संबंधित सभी विभाग समय से सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता बाढ़ खंड, पीडब्लूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# दोस्त फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गयी ट्रेनिंग

जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई बलरामपुर




तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर सभागार में दोस्त लर्निंग फाउंडेशन द्वारा परवरिश कार्यक्रम का सफल उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के समग्र विकास पर चर्चा करके जानकारी दी गई। वही यूनिसेफ के सदस्यों ने संचारी रोग अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में तुलसीपुर सीडीपीओ संदीप गुप्ता ने लर्निंग फाउंडेशन कार्यक्रम की सराहना की।

ब्लॉक सभागार में लर्निंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित परवरिश कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ती का बच्चों के जन्म के बाद से 6 साल के बच्चों का देखभाल करके सशक्त बनाने की जिम्मेदारी होती है। इसीलिए सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराकर तमाम लाभ दे रही है। समाजसेविका मधु गुप्ता ने बताया कि परवरिश प्रोग्राम के तहत टोल फ्री नंबर 08 04588 9314 पर मिस कॉल करके वेलकम कॉल आने पर सवालों का जवाब देकर बच्चों के देखभालकर्ता इससे जुड़कर लाभ ले सकते हैं। सरकार का उद्देश्य की डिजिटल माध्यम से बच्चों के विकास के बारे में संपूर्ण जानकारी माता-पिता ले सकते हैं। इसीलिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री सभी माता एवं बहनों को परवरिश कार्यक्रम की जानकारी देकर उनको लाभ दिलाये। दोस्त लर्निंग फाउंडेशन टीम ने परवरिश प्रोग्राम के उद्देश्य के बारे में रेखांकित करके बच्चों के समग्र विकास के बारे में संपूर्ण जानकारी दे रही है। जिसमें पूर्व शिक्षा और माता-पिता की भूमिका बच्चों के विकास में संपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। बच्चों को छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से उनको सशक्त बनाना माता-पिता की जिम्मेदारी भी है। बच्चों के जन्म से लेकर 6 वर्ष तक सशक्त बनाने की जिम्मेदारी देखभालकर्ता की होती है। जिसमें उनकी अहम भूमिका से बच्चे सशक्त बनेंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 95 आंगनबाड़ी कार्यकत्री को परवरिश कार्यक्रम के उन्मुखीकरण मे विस्तार रूप से जानकारी दी गई। सभी कार्यकत्रियों को प्रवेश कार्यक्रम का पोस्टर देकर उनको सफलतापूर्वक कार्य करने की दिशा के बारे में जानकारी भी दी गई। यूनिसेफ फाउंडेशन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संचारी रोग दस्तक अभियान के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर अमित राठौर मुदस्सिर अहमद शाहिद तमाम लोग मौजूद रहे।

**कार्रवाई के दौरान किए गए एक दर्जन से अधिक चालान**

# परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 4 बसें सीज

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़। मण्डल में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सम्भागीय परिवहन अधिकारी दीपक शाह ने सभी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारियों, यात्री एवं मालकर अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में स्कूल वाहनों की व्यापक जांच करने के आदेश जारी किए हैं। यह विशेष जांच अभियान 15 जुलाई 2025 तक चलेगा। आरटीओ दीपक शाह ने स्पष्ट किया है कि 01 जुलाई से स्कूलों के पुन: संचालित होने से स्कूली बच्चों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए जिलेवार स्कूली वाहनों की सूची तैयार कर उनके फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र का शत-प्रतिशत सत्यापन कराया जाए। फिट एवं अनफिट वाहनों की अलग-अलग सूची बनाकर स्कूल प्रबंधन एवं वाहन स्वामियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहन संचालन हेतु निर्देशित किया जाए। उन्होंने जांच के दौरान मानकों के विपरीत या अनफिट पाए गए वाहनों के परमिट निरस्त करने, चालान की कार्यवाही करने और भौतिक सत्यापन में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाए गए वाहनों के स्थान पर मानक के अनुरूप अन्य वाहन लगाने के निर्देश दिए। आरटीओ ने इसके अतिरिक्त मण्डल के चारों जिले में उत्तर प्रदेश मोटरयान (छब्बीसवाँ संशोधन) नियमावली 2019 के अनुरूप गठित जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति एवं विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें कराकर अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन के सहयोग से स्कूल वाहनों की व्यवस्था को मानकों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने अभियान की प्रगति एवं प्रतिदिन की गई कार्रवाई की सूचना निर्धारित प्रारूप में परिवहन आयुक्त कार्यालय को ई-मेल पर भेजने के भी निर्देश दिए हैं। आरटीओ दीपक शाह ने कहा है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एआरटीओ एवं पीटीओ ने किया निरीक्षण

संभागीय परिवहन अधिकारी दीपक शाह के निर्देश पर मंडल भर में वाहन चौकिंग का अभियान संचालित है। जिले में एआरटीओ प्रवेश कुमार एवं पीटीओ ज्योति मिश्रा ने विभिन्न स्कूलों समेत रामघाट रोड स्थित अवर लेडी फातिमा के विद्यार्थियों को लाने-लेजाने वाली बसों की सघन चेकिंग करते हुए चार वाहनों को सीज कर दिया। वहीं इस औचक छापामार अभियान के दौरान निजी कैब, चार पहिया वाहनों के ड्राइवर वाहन छोड़कर भाग गए, जिसके चलते लगभग एक दर्जन वाहनों का चालान किया गया।

### अबू सुफियान इस्लाही की आत्मकथा व दो अन्य कृतियों का विमोचन

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अरबी विभाग में आयोजित एक समारोह में प्रो. अबू सुफियान इस्लाही की आत्मकथा ह्यसदाए नहीफह्न का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन और कार्यों पर आधारित दो महत्वपूर्ण पुस्तकों डॉ. अराफात जफर की ह्यअब्र-ए-गोहर्बारह्न और डॉ. उबैद इकबाल आसिम की ह्यअबू सुफियान इस्लाही- खादिम-ए-कुरानियतह्न का भी लोकार्पण किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद सनाउल्लाह नदवी ने स्वागत भाषण में विभाग की समृद्ध अकादमिक परंपरा का उल्लेख करते हुए प्रो. इस्लाही को एएमयू की बौद्धिक विरासत का एक उत्कृष्ट प्रतिनिधि बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उबैद इकबाल आसिम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अहसनुल्लाह खान ने प्रस्तुत किया।

## निर्माणाधीन मकान में उतरा करंट, मकान स्वामी झुलसा

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना रोरावर क्षेत्र में एक निर्माणधीन मकान में हादसा हो गया। काम करते समय करंट लगने से मकान स्वामी झुलस गया।परिजनों ने उसको जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, शहर के गोंडा रोड़ स्थित नीबरी के पास आले हसन परिवार के साथ रहते हैं।

मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। शाहजमाल गली नम्बर 13, कयूम नगर के रहने वाले रिश्ते के भाई लियाकत अली ने बताया कि आले हसन का मकान बन रहा है।उसमें मजदूर काम कर रहे थे। उनके साथ आले हसन भी हाथ बटा रहे थे।इसी बीच शटरिंग का काम चालू था। तभी उनको बिजली का करंट लग गया। करंट लगने से उनके पैर की स्किन बुरी तरह से जल गई है। साथ ही सिर में गम्भीर चोट आई है।उनकी चीख पुकार सुनकर मजदूर एकत्र हो गए।परिजन भी आ गए। बिजली लाइन काटकर उनको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

# अनियंत्रित होकर पलटी ट्रेक्टर-ट्रॉली, 16 घायल

**धान की रोपाई के लिए ट्रेक्टर में सवार होकर जा रहे थे 16 मजदूर**

जन एक्सप्रेस। आगरा

- ट्रेक्टर ट्रॉली पलटने के बाद मची चीखपुकार
- बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचे ग्रामीण

फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत टीकरी रोझौली मार्ग पर गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। धान की रोपाई के लिए खेतों की ओर जा रहे मजदूरों से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रॉली में एक दर्जन से अधिक मजदूर सवार थे। गंभीर घायलों को उपचार के लिए आगरा रेफर किया। थाना क्षेत्र के टीकरी रोझौली मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक ट्रेक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रेक्टर ट्रॉली में कुल 16 मजदूर सवार थे। सभी मजदूर खेत की रोपाई के लिए ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार होकर जा रहे थे। गुरुवार की सुबह 8 बजे टीकरी-रोझौली मार्ग पर हुई घटना के बाद मजदूरों में बुरी तरह से चीख पुकार मच गई थी, लोगों की चीखपुकार सुनकर ग्रामीणों व राहगीरों ने मौके की ओर दौड़ लगाई, और बचाव कार्य में जुट गये। ग्रामीणों द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं हादसे में गंभीर घायल हुए मजदूरों को चिकित्सकों ने आगरा के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर को योगेश चला रहा था। अचानक से ट्रेक्टर अनियंत्रित हो गया, वह ट्रेक्टर को नियंत्रित नहीं कर सका। जिसके बाद ट्रेक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार विमला देवी, सुनीता, शीला देवी, मछला सोलंकी, सुखी, सुमन और सीमा समेत अन्य मजदूर शामिल हैं। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने ट्रॉली के नीचे दबे मजदूरों को निकाला। अचानक से ट्रेक्टर अनियंत्रित हो गया, वह ट्रेक्टर को नियंत्रित नहीं कर सका। जिसके बाद ट्रेक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार विमला देवी, सुनीता, शीला देवी, मछला सोलंकी, सुखी, सुमन और सीमा समेत अन्य मजदूर शामिल हैं। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने ट्रॉली के नीचे दबे मजदूरों को निकाला। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ गंभीर घायलों को आगरा रेफर कर दिया गया है। स्थिति अब नियंत्रण में है और सभी घायलों का इलाज जारी है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

उल्लेखनीय है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवारी ढोने पर पहले से रोक है। इसका उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। पूर्व में हुई दुर्घटनाओं के बाद भी नियमों की अनदेखी की जा रही है।

## वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे पर अपनी त्वचा को दें कैलिफोर्निया आमंड्स का पोषण

जन एक्सप्रेस। आगरा

वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे 2025 की थीम इस बार है, त्वचा की सेहत के बिना संपूर्ण स्वास्थ्य संभव नहीं, जो इस बात पर ज़ोर देती है कि स्किन केयर सिर्फ क्रीम और लोशन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत हमारे खान-पान से होती है। कैलिफोर्निया आमंड्स, जो विटामिन ई और हेल्दी फैट्स से भरपूर होते हैं, त्वचा को अंदर से पोषण देकर इसे स्वस्थ और दमकता बनाए रखने में मदद करते हैं। कैलिफ़ोर्निया आमंड्स 15 ज़रूरी पोषक तत्वों का बेहतरीन स्रोत हैं, जिनमें से कई त्वचा की रंगत और बनावट सुधारने में असरदार माने जाते हैं। इनमें मौजूद विटामिन ई और हेल्दी फैट्स त्वचा को उम्र के असर से बचाने वाले एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर होते हैं। रिसर्च से यह भी सामने आया है कि नियमित रूप से बादाम खाने से चेहरे की झुर्रियों को कम किया जा सकता है। यानी ब्यूटी रूटीन में बादाम को शामिल करना आसान और असरदार तरीका हो सकता है।

केवल आधुनिक पोषण विज्ञान ही नहीं, बल्कि आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ भी बादाम को त्वचा के लिए लाभकारी मानती रही हैं। सदियों पुरानी इन परंपराओं में बादाम को त्वचा की प्राकृतिक चमक बढ़ाने वाला माना गया है – जो आज की वेलनेस सोच से भी पूरी तरह मेल खाता है। हाल की रिसर्च में यह भी पता चला है कि रोज़ाना बादाम का सेवन यूवीबी किरणों से त्वचा को बचाने में मददगार हो सकता है, जो भारत जैसी तेज धूप वाले देशों में और भी उपयोगी है।

# कावड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



सावन माह में हर साल की तरह इस साल भी कांवड़िये भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए उनका जलाभिषेक करेंगे। राजघाट, नरौरा और बुलंदशहर के विभिन्न घाटों से कांवड़िये जल लेकर अलीगढ़ आएंगे और खेरेश्वर धाम और अचलेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे।कांवड़ यात्रा को देखते हुए अलीगढ़ में प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। 5 जुलाई से पहले सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा और कांवड़ मार्ग वाली टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत की जाएगी। वहीं सुरक्षा के लिहाज से पुलिस फोर्स एक्टिव रहेगी और कांवड़ मार्ग पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी। जिससे कोई गड़बड़ी न कर सके। अलीगढ़ कमिश्नर ने बीते दिनों मंडल के सभी डीएम को निर्देश जारी किए थे कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए सारी तैयारियां को समय से पूरा किया जाए। क्योंकि श्रावण मास में अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज से बड़ी संख्या में गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार, मथुरा, राजस्थान, रामघाट व हरियाणा की ओर यात्रा करते हैं। शिवभक्त सांकरा, लहरा, बाजपुर, नरौरा व रामघाट गंगाघाट से जल लाकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। इसलिए सभी मार्गों को चौड़ा किया जाए और गड्ढों को भरवाया जाए। जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो।संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीस कमेटी की बैठकें की जाएं।कमिश्नर ने डीएम और एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यात्रा की कड़ी निगरानी की जाए।इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे की ऊंचाई निर्धारित मानक से अधिक न हो। विद्युत विभाग सुनिश्चित करे कि कावड़ यात्रा मार्ग पर झूलते तार और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल न हो। कांवड़िये सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा करके गंगाजल लेकर आते हैं। ऐसे में कांवड़ मार्ग पर जगह-जगह स्वास्थ्य विभाग के कैंप लगाए जाएंगे, जिससे जरूरत पड़ने पर कांवड़ियों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा सकें। इसके साथ ही 108 एंबुलेंस भी एलर्ट मोड पर रहेगी, जिससे बीमार होने पर कांवड़ियों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जा सके।

## टीसी काउंटर साइन के नाम पर की जा रही जबरन वसूली, कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में कुछ निजी स्कूलों में डीसी काउंटर साइन के नाम पर 1500 से 3000 रुपए तक की वसूली किए जाने की खबर सामने आ रही है । खबर यहां तक मिल रही है कि पैसा देने में आनाकानी करने वाले छात्रों के साथ बदसलूकी भी की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की बात कही है। जानकारी के अनुसार जिले में प्राइवेट स्कूलों द्वारा स्कूलों को शिक्षा का मंदिर नहीं आमदनी का मंदिर बना दिया गया है। कहीं दुकानों से ही पाठ्य पुस्तक और ड्रेस लेने की अनिवार्यता है तो कुछ स्कूल से अपनी दुकान चलाते हैं। इतना ही नहीं पीसी और टीसी पर काउंटर साइन के नाम पर भी वसूली की जा रही है। ताजा मामला टिनी टास इंटर कॉलेज उतरौला का है जिनके वायरल ऑडियो में आप सुन सकते हैं की टीसी पर काउंटर साइन करने के नाम पर किस तरह छात्र से रू.2000 मांगा किया जा रहा है। साथ ही विरोध करने पर छात्र कैंसर खान तथा उसके दोस्त इंसान पटवा को धक्का देकर विद्यालय से बाहर निकाला दिया गया। छात्रों के साथ विद्यालय में पढ़ा रहे टीचरों द्वारा मारपीट तथा जबरन वसूली का मामला सामने आया है। जब इस मामले को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से फोन पर बात करने पर पता चला की काउंटर साइन का कोई चार्ज नहीं होता है। इस मामले पर करवाई करने की बात की गई तो जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह आपसे किसी भी स्कूल व इण्टर कालेज से पैसे की डिमाण्ड की गई हो तो डरे नही आगे बढ़ें और अवाज उठाएं। घूसखोर विद्यालयों के खिलाफ जो नाजायज वसूली करते हैं तथा अपने मनमानी तरीके से किताब, ड्रेस बेचवाते है तथा फीस में भी अपने मनमानी तरीके से तय करते है। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की आवश्यकता है।

# पेयरिंग के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन तेज, सांसद सहित जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन

■ सहमति के आधार पर होना था पेयरिंग की कार्यवाही! लेकिन जबरन पेयरिंग कर रहे है जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



योगी सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले परिषदीय स्कूलों को पेयरिंग कराए जाने के आदेश के विरुद्ध शिक्षकों ने आंदोलन तेज कर दिया है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह और मंत्री बालकृष्ण ओझा के नेतृत्व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षकों ने सपा सांसद रामप्रसाद चौधरी, सपा जिलाध्यक्ष और सदर विधायक महेन्द्र यादव, रूधौली विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, कप्तानगंज विधायक अतुल चौधरी और महादेवा विधायक दूधराम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने तत्काल पेयरिंग आदेश वापस लेने की बात कही और जिले के समस्त बीईओ पर जबरन विद्यालयों को पेयरिंग करने का आरोप लगाया।

विधायक राजेंद्र चौधरी और अतुल चौधरी ने कहा कि विद्यालयों को बंद करके दूसरे में मर्ज करने की नीति बेहद निंदनीय है इस संदर्भ में हम अपने पार्टी के मुखिया से बात करेंगे और सदन में भी इस बात को रखेंगे। विधायक दूधराम ने सरकार के इस फैसले से बेहद नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार विद्यालयों में सुविधा मुहैया कराने के बजाय बंद करने पर तुली है सरकार को सभी विद्यालयों में पर्याप्त सुविधाएं और पर्याप्त शिक्षक की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि बच्चे सहज ढंग से शिक्षा ग्रहण कर सकें। संघ के जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने बताया कि जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने का कार्य जारी है। बताया कि 6 जुलाई को पूरे प्रदेश में ट्विटर के माध्यम से इस नीति का विरोध किया जाएगा और 8 जुलाई को बेसिक शिक्षा कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से उमाकांत शुक्ल, हृदय विकास पांडेय, सुरेश गौंड, मक्खन लाल, मो. असलम, अशोक कुमार पांडेय, हरदीप सिंह, शिवशंकर यादव, चंद्र प्रताप पाल, ज्योति श्रीवास्तव, राम अवध पांडेय, विनोद चौधरी, राम भवन यादव, जितेंद्र कुमार, राजेश, राम अजोर, रणवीर चौधरी, अशोक यादव, संजय चौधरी, आशीष दुबे, अनीस अहमद, सुशील गहलोत, विवेक सिंह, बच्चा राम, राजकुमार, उमाशंकर, बब्बन पाण्डेय, चंद्रशेखर पाण्डेय, राजेश गिरी, संतोष मिश्र, चंद्रिका सिंह, सुधीर तिवारी, जितेंद्र पाण्डेय, बीपी आनंद, हरेंद्र यादव, गौरव चौधरी, राकेश मिश्र, रजनीश यादव, महादेव वर्मा, अवदेश वर्मा, प्रताप नारायण, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



बड़ी संख्या में विद्यालय खोले गए थे और आज यह सरकार उन बच्चों के साथ घोर अन्याय कर रही है। सरकार की इस गलत नीति के खिलाफ हम और हमारी सरकार शिक्षकों और परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ खड़े हैं।

**राम प्रसाद चौधरी, सासंद बस्ती।**



परिषदीय स्कूलों को बंद करने का मामला बेहद गंभीर है। विधायक ने शिक्षकों से कहा कि आप सभी बंद हो रहे विद्यालयों का साक्ष्य सहित आंकड़ा दीजिए इस संदर्भ में डीएम, कमिश्नर से लेकर शासन तक आपकी बात रखी जाएगी।

**महेन्द्र यादव, विधायक बस्ती सदर।**

### बीईओ द्वारा जबरन स्कूल पेयरिंग कराए जाने पर शिक्षक संगठन रोष

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि पेयरिंग की कार्रवाई सहमति के आधार पर की जाएगी। लेकिन जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी मनमानी तरीके से बिना सहमति के स्कूल में मर्ज कर रहे है।जबकि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर कोई कार्रवाई नहीं करते है। खंड शिक्षा अधिकारी के इस मनमाने रवैए से शिक्षक संगठन से लेकर अभिभावक में काफी रोश है। शिक्षक संगठन के जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा का कहना है कि अगर अधिकारियों द्वारा बिना सहमति के पेयर किया गया तो संगठन इसके लिए आर पार की लड़ाई लड़ेगा।

### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर आखिर क्यों नहीं होती कार्यवाही

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी जितना तेज़ी से मर्ज व पेयरिंग की कार्रवाई कर रहे हैं। अगर इतनी तेजी कार्यवाही गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कराने में करती तो शायद ही स्कूलों में संख्या इतनी कम होती। शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव कहते हैं कि विद्यालयों की यह दुर्दशा के जिम्मेदार सिर्फ अधिकारी है।अधिकारी गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर कोई कार्रवाई नहीं करते है। कई बार इस संबंध में अधिकारियों को लिखित रूप ज्ञापन से दिया गया,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती हैं। शिक्षक संगठन ने ऐलान किया कि अगर गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के ऊपर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती हैं तो संगठन बृहद आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# अमेरिका से उत्तर प्रदेश के भाजपा विधायक को ऐतिहासिक आमंत्रण



■ लेजिस्लेटिव समिट, भव्य अक्षरधाम दर्शन और इंडिया डे परेड में होंगे प्रमुख सहभागी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

उत्तर प्रदेश की राजनीति के लिए यह गौरव का क्षण है जौनपुर जिले के बदलापुर से लगातार दूसरी बार विधायक चुने गए भाजपा नेता रमेश चंद्र मिश्रा को अमेरिका के तीन प्रतिष्ठित आयोजनों में भाग लेने के लिए ऐतिहासिक आमंत्रण प्राप्त हुआ है। ये आयोजन केवल राजनयिक मुलाकातें नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को विश्व मंच पर प्रस्तुत करने का एक सुनहरा अवसर हैं।

### 1. लेजिस्लेटिव समिट 2025 : वैश्विक नीति मंच पर भारत की भागीदारी

4 से 6 अगस्त 2025 के बीच अमेरिका के मैसाचुसेट्स राज्य के बॉस्टन शहर में आयोजित हो रहे 'लेजिस्लेटिव समिट 2025' में विधायक रमेश चंद्र मिश्रा को विशेष आमंत्रण भेजा गया है। इस समिट का आयोजन नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स द्वारा किया जा रहा है, जिसमें भारत की ओर से नेशनल लेजिस्लेटर्स' कॉन्फ्रेंस आधिकारिक साझेदार के रूप में जुड़ा है। इस सम्मेलन में दुनियाभर के विधायकों, नीति विशेषज्ञों और प्रशासनिक नेताओं से मुलाकात कर, लोकतंत्र, शासन और सार्वजनिक नीतियों पर संवाद होगा।

### 2. न्यू जर्सी में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन : भारतीय आध्यात्मिकता का वैश्विक संदेश

7 अगस्त को प्रतिनिधिमंडल न्यू जर्सी के रॉबिंसविल स्थित भव्य बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का दौरा करेगा। इस अवसर पर विशेष स्वागत समारोह, वृत्तचित्र प्रदर्शन और मंदिर दर्शन की व्यवस्था की गई है। यह मंदिर आधुनिक युग की अनूठी हिंदू स्थापत्य कला का प्रतीक है, जिसकी प्रेरणा परम पूज्य प्रमुख स्वामी महाराज से मिली है। अमेरिका में जन्मे 12,500 से अधिक भारतीय-अमेरिकी स्वयंसेवकों ने इसके निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### 3. इंडिया डे परेड, नैशविल : भारत की सांस्कृतिक विविधता का जश्न

9 अगस्त को अमेरिका के टेनेसी राज्य के नैशविल शहर में आयोजित 'इंडिया डे परेड' में विधायक रमेश चंद्र मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह आयोजन 25 से अधिक भारतीय संगठनों की साझेदारी में किया जा रहा है। डाउनटाउन नैशविल के पब्लिक स्क्वायर पार्क में आयोजित इस उत्सव में भारत की विविध संस्कृति, नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा और व्यंजनों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। 5,000 से अधिक दर्शकों के जुटने की संभावना है।

### व्हाइट हाउस से विशेष निमंत्रण बॉब पटेल समूह के साथ प्रतिनिधिमंडल की भव्य मौजूदगी

8 अगस्त 2025 को भारतीय मूल के प्रतिष्ठित अमेरिकी नागरिक बॉब पटेल और उनके प्रतिनिधिमंडल को व्हाइट हाउस के आधिकारिक दौरे के लिए आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे (आरक्षण संख्या- 92268) तय किया गया है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य एडिसन कोल ने इसे एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक क्षण बताया, जो भारतीय मूल के नागरिकों की लोकतंत्र में भागीदारी और भारतीय संस्कृति की वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

### भारत की वैश्विक भूमिका को मिलेगा नया आयाम

इन तीन प्रमुख आयोजनों और व्हाइट हाउस आमंत्रण के माध्यम से भारत की लोकतांत्रिक शक्ति, आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक विविधता को वैश्विक स्तर पर नया मंच और सम्मान मिलेगा। विधायक रमेश चंद्र मिश्रा की यह यात्रा भारत और अमेरिका के सांस्कृतिक-राजनयिक संबंधों को मजबूती प्रदान करेगी और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश और भारत के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगी।

# धरती आबा बिरसा मुंडा के रास्ते पर चल कर आदिवासी, मुसहर समाज का सम्मान : राकेश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**गौराबादशाहपुर।** आदिवासी स्वाभिमान पार्टी (बिरसा मुंडा) के तत्वाधान में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र केराकत के विकास खंड मुफ्तीगंज अंतर्गत ग्राम अमृत सरोवर स्थल परौवाँ में मुसहर सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरजा शंकर मुसहर तथा मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य रहे। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि आज इस भव्य कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का मौका मिला।

क्योंकि मैं भी जमीन से जुड़ा किसान का बेटा हूं। समाज के निचले तबके के लोगों का दुख दर्द भली भांति जानता हूँ। मुख्य अतिथि ने कहा कि अपना हक, अधिकार और सम्मान बचाने के लिए आदिवासी मुसहर, समाज को एकजुट और संगठित हो समाजवादी पार्टी के पीडीए आंदोलन को मज़बूत करना पड़ेगा। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित आदिवासियों एवं मुसहर समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम उपस्थित मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री मौर्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरजा शंकर मुसहर व प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार आदिवासी सहित आयोजक गणों ने आदिवासियों के भगवान धरती आबा बिरसा मुंडा, संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर एवं संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश मौर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार में पिछड़ा दलित आदिवासी अल्पसंख्यक सबके अधिकार छीने जा रहे हैं। सबसे ज्यादा उत्पीड़न इसी समाज का किया जा रहा है। ऐसे में हमें भगवान बिरसा मुंडा के बताए रास्ते पर चलकर ही आदिवासी, मुसहर समाज का मान सम्मान एवं अधिकार पाया जा सकता है। मुझे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में यहां भेजा गया है।

मैं आदिवासी समाज को विश्वास दिलाता हूं, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए आंदोलन में आदिवासी समाज की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया है।

इस अवसर पर सपा नेता संजय सरोज, आदिवासी स्वाभिमान पार्टी के सलाहकार हरिकेश यादव, डॉ ए के यादव, प्रदेश प्रभारी, विजय कुमार आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष, अशोक आदिवासी, अशोक आदिवासी, राजकुमार आदिवासी, तहसीलदार आदिवासी, कौशल्या आदिवासी, मंजू आदिवासी, शांति आदिवासी, श्रीकांत निराला, रामदरश आदिवासी सुरेन्द्र आदिवासी सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे। इस आशय की जानकारी आरिफ हबीब ज़िला महासचिव समाजवादी पार्टी ने दी है

# नाबालिग किशोरी से दुराचार के दो आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जफराबाद क्षेत्र के मिसिरपुर गांव के पास गुरुवार की सुबह पुलिस ने एक किशोरी से हुए दुराचार के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया। बीते 19 मई की रात घर से शौच के लिए घर के पीछे गयी एक 15 वर्षीय किशोरी को दो युवकों ने दबोच लिया। उसके बाद एक युवक ने उसके साथ दुराचार किया तथा उसके दूसरे साथी ने उसका वीडियो बनाया था। उसके बाद किशोरी को धमकी दिया कि अगर वह बुलाने पर नही आयी तो ऊक्त वीडियो को वायरल कर दूंगा। इसके बाद दोनों युवक किशोरी को धमकाते हुए निरंतर प्रताड़ित करते हुये उसके साथ दुराचार कर रहे थे। इस प्रताड़ना से आजिज आकर किशोरी घर में गुमसुम रहने लगी वह काफी डर गई। परिजनों ने समझा बुझाकर जब पूछा तो किशोरी ने सारी घटना बता दिया। घटना के एक महीने 12 दिन बाद एक जुलाई को आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया।

थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह को सूचना मिली कि ऊक्त घटना के दोनो आरोपी ऊक्त स्थान पर मौजूद हैं। थानाप्रभारी तत्काल एस आई अनिल कुमार यादव, विपुल राय, तेजबहादुर सिंह आदि के साथ मौके पर पहुंचकर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग है तथा दूसरा अवनींद्र यादव उर्फ सोनू पुत्र अमरनाथ यादव है। इन दोनों के ऊपर धारा 65(1) 351(3) बीएनएस व 3/4(2)पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सुरिस गांव स्थित धर्मकांटा के समीप सड़क दुघर्टना में बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उक्त घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के हुसेनाबाद गांव निवासी 30 वर्षीय अमृत लाल पुत्र सेवालाल बुधवार को सुरिस गांव अपनी ससुराल में बाइक से रात को घर जा रहा था। सुरीस गांव के समीप तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दे एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल युवक को बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### त्थर गड्डी उखाड़ फेंकने पर छह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बमैला गांव निवासी शेर बहादुर ने गौराबादशाहपुर थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एसडीएम सदर के आदेश पर उनके खेत की पत्थर गड्डी की गई थी जिसे विपक्षी दीपक, शीला, अंकित, सजना, कतवारू, राकेश कुमार निवासी बमैला, थाना गौराबादशाहपुर ने उखाड़ फेंका और मेड को जोत दिया। शेर बहादुर की तहरीर पर सीमांकन नष्ट किए जाने वालों पर कार्रवाई करते हुए गौराबादशाहपुर थाना पुलिस ने 6 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर फूलचंद पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के बमैला गाँव निवासी दीपक, शीला, अंकित, सजना, कतवारू, राकेश कुमार के विरुद्ध सीमांकन नष्ट किए जाने की कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### खेलने निकला किशोर घर नही लौटा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव का एक किशोर अपने हम उम्र बच्चों के साथ घुमने फिरने के लिये घर से निकला। लेकिन जब देर शाम तक घर नही वापस लौटा तो परिजन परेशान हो गये। दो दिन बाद भी किशोर का पता न लगने से परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हो गए हैं। हालांकि पुलिस ने उन्हें भरोसा दिया है कि उसकी छानबीन की जा रही है। राजेपुर गांव निवासी नीरज गुप्ता ने बुद्धवार को जलालपुर थाने पर तहरीर दिया है कि उनका भतीजा शुभम गुप्ता 15 वर्ष गांव के बच्चों के साथ मंगलवार को घर से घुमने फिरने के लिये निकला था। परन्तु देर शाम तक वह घर नही लौटा। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कहीं पर पता नही चला तो उसकी रिपोर्ट थाने पर दर्ज करवाई गयी। थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने बताया कि परिजन की तहरीर पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### बैंकों के बाहर संदिग्ध हालात मे 5 बाइक खड़ी मिली

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस ने गुरुवार को धर्मापुर बाजार, गजना, रामपुर बाजार सहित क्षेत्र के बैंकों के बाहर संदिग्ध हालात में खड़े 5 बाइक को कब्जे में ले लिया गया। थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर फूलचंद पांडेय गुरुवार को सुबह 11 बजे धर्मापुर बाजार स्थित यूनियन बैंक की चेकिंग करने के लिए पहुचे इस दौरान उन्हें बैंक के बाहर एक बाइक संदिग्ध हालात में खड़ी मिली जिस पर काफी देर तक कोई नही आया तो पुलिस ने उक्त बाइक को कब्जे में ले लिया। इसी प्रकार गजना, रामपुर व कस्बा स्थित बैंक में भी चार संदिग्ध बाइक को कब्जे में ले लिया गया। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि बैंक के निरीक्षण के दौरान अलग अलग बैंक से कुल 5 संदिग्ध बाइक को कब्जे में लेकर धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। तथा बैंक के मैनेजर को भी निर्देश दिया गया है कि सीसीटीवी कैमरों के मदत से बैंक में आने जाने वाले लोगो पर नजर रखें।

### शातिर गो-तस्कर असलम की 1.23 लाख की बाइक गैंगस्टर एक्ट में कुर्क

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** पुलिस ने अपराधियों की कमर तोड़ने में जुटी खेतासराय पुलिस ने शातिर गो-तस्कर और दुराचारी असलम पुत्र स्व. हबीब निवासी लेदरही के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई अपाचे बाइक को कुर्क कर लिया। बाइक की अनुमानित कीमत 1,23,930 रुपये बताई गई है। थानाध्यक्ष खेतासराय श्री रामाश्रय राय ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन और जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के आदेश पर की गई। प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार शाहगंज श्री शीतला प्रसाद सिंह की मौजूदगी में गांव में मुनादी कराकर बाइक जब्त की गई। अभियुक्त पर आधा दर्जन मुकदमे दर्ज पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार असलम पर कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम शामिल हैं।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक धराया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन।** थाना पुलिस ने सुलतानपुर जिले के एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मुन्ना राम घुसिया व उपनिरीक्षक राजेश कुमार हमराहियों के साथ बुधवार को क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। रसूलपुर गांव के पास एक युवक पुलिस टीम को देखते ही भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाश में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। करौंदीकला थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी आरोपित नितिन यादव का आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक धराया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन।** थाना पुलिस ने सुलतानपुर जिले के एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मुन्ना राम घुसिया व उपनिरीक्षक राजेश कुमार हमराहियों के साथ बुधवार को क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। रसूलपुर गांव के पास एक युवक पुलिस टीम को देखते ही भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाश में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। करौंदीकला थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी आरोपित नितिन यादव का आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में बदरबांट, शिकायतकर्ता को धमकी



ग्रामीणों ने डीएम से किया मामलों के जांच, धन के रिकबरी की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

ग्राम पंचायतों में घटिया विकास कार्य, मनमानी, सरकारी धन के बंदरबांट के मामले लगातार बढते जा रहे हैं। शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही न होने के कारण लोगों का गुस्सा बढता जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को बनकटी विकास खण्ड के थरौली निवासी अभयदेव शुक्ल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव के साथ ही विकास खण्ड स्तर पर सहयोग से की जा रही धांधली, मनरेगा में भ्रष्टाचार, घटिया सी.सी. रोड निर्माण के सवाल को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद डीएम को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही धन के बंदरबाट मामले में धन की रिकबरी कराया जाय।

ज्ञापन देने के बाद अभयदेव शुक्ल ने कहा कि थरौली ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पार्वती देवी पत्नी स्व. महेश और उनके प्रतिनिधि सुनील पाण्डेय, और पूर्व सचिव, खण्ड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ल की मिलीभगत से विकास कार्यो में खुलकर बंदरबांट किया गया। अनेकों बार मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी तक शिकायत करने के बावजूद जब कोई कार्रवाई न हुई तो विवश होकर धरना देना पड़ा। चेतावनी दिया कि यदि प्रभावी कार्यवाही न हुई तो आन्दोलन को जन सहयोग से और तेज किया जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम प्रधान, उनके प्रतिनिधि और पालतू गुण्डे विरोध करने वालों को धमकियां देने के साथ मारते पीटते हैं और थाने पर शिकायत भी सुनी नहीं जाती।

ग्रामीणों को अन्देशा है कि धरना और ज्ञापन देने वालों के विरूद्ध ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि द्वारा कोई भी अनहोनी करायी जा सकती है। मांग किया कि जांच के साथ ही सुरक्षा के भी प्रबन्ध कराये जाय। धरना प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अनुराग शुक्ल, विनय देव, डा.संजीव शुक्ल, आनन्द शुक्ल, रवीश शुक्ल, संतबली, राकेश यादव, तीर्थराज चौधरी, धर्मराज चौधरी, अम्बिका यादव, गीता देवी, सावित्री, सुधा, गायत्री, श्यामादेवी, राजेश्वरी के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## दुकानदार की पिटाई करने में तीन पर मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

बरसठी थाना क्षेत्र के पपरावन गांव में बुधवार को उधार का पैसा मांगे जाने पर एक दुकानदार की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश भी शुरू कर दी है । क्योंकि इस घटना के बाद से व्यापारियों में खासा आक्रोश था।

दुकानदारों का आरोप है कि लोग पहले उधार में खाते हैं। फिर पैसा मांगने पर मारपीट करने लगते हैं। इससे रोजी रोजगार को चलाने में संकट खड़ा हो गया है।

बताते हैं कि गांव के दीपक जायसवाल की दुकान है। उनके दुकान से गांव के ही अजय सिंह उधार सामान ले गये थे। बुधवार की शाम को उधार दिये गये सामान का पैसा मांगने पर उन्हें नागवार गुजरा और दुकानदार दीपक की जमकर पिटाई कर दी।

पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर अजय सिंह, कमलेश सिंह, एवं एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

हालांकि पहले इस मामले में पुलिस की कार्य प्रणाली लचर बनी हुई थी । लेकिन जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला महासचिव आरिफ हबीब को बरसठी के व्यापारियों ने जब आप बीती बताई तो उन्होंने चेतावनी दिया कि दुकानदार के मामले में पुलिस ने अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की तो मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक से दो दिन में मिला जाएगा।

इसके फौरन बाद पुलिस हरकत में आ गई।

# शिक्षा विभाग में भूचाल सीडीओ की फटकार पर खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोका

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले में शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही अब अफसरों पर भारी पड़ने लगी है। बीते 27 जून को सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में जौनपुर की रैंकिंग अप्रैल व मई माह में मध्याह्न भोजन और विद्यार्थियों की उपस्थिति के आंकड़ों के आधार पर डी श्रेणी में आ गई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने गहरी नाराजगी जताते हुए नगर शिक्षा अधिकारी को छोड़कर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों का जून माह का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश जारी कर दिए। सीडीओ के इस सख्त रुख के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि खंड शिक्षा अधिकारियों ने योजना और कार्यक्रमों की निगरानी में लापरवाही बरती, रुचि नहीं दिखाई और अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया। परिणामस्वरूप, संबंधित अधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक अवरोधित कर दिया गया है।

साथ ही, स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जुलाई माह में विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति 80त्न से अधिक होनी चाहिए, मध्याह्न भोजन योजना का सफल क्रियान्वयन हो और विद्यालयों का निरीक्षण 100त्न सुनिश्चित किया जाए। तभी जाकर वेतन मुक्त किया जाएगा। अचानक हुए इस कठोर निर्णय से खंड शिक्षा अधिकारियों में खलबली मच गई है। कई अधिकारी जहां आदेश को लेकर मंथन में जुटे हैं, वहीं कुछ ने विभागीय कार्यों में तेजी लाकर प्रदर्शन सुधारने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

इस कदम को प्रशासन की कड़ी चेतावनी माना जा रहा है कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल सभी की निगाहें जुलाई के प्रदर्शन पर टिकी हैं – सुधार हुआ तो वेतन मिलेगा, वरना कार्रवाई की अगली किश्त तैयार है।

# भगेरी गांव में प्रमुख प्रतिनिधि दो इंटरलॉकिंग सड़क का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

बरसठी विकास खण्ड के भगेरी गांव में क्षेत्र पंचायत निधि से लगे दो इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि पंकज शुक्ला ने किया। इस सड़क के निर्माण से करीब दर्जनों घरों के लोगो को लाभ मिलेगा।

उद्घाटन के बाद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि पंकज शुक्ला ने कहा कि पूरे विकास खण्ड के सभी गांवों में इंटरलॉकिंग सड़क से जोड़ने का कार्य किया गया है। भगेरी गांव में पीडब्ल्यूडी सड़क से मुन्ना दुबे के घर से होते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र तक पौने 6 लाख की लागत से 170 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क बनने से बस्ती के दर्जनों घरों के लोगों को लाभ मिलेगा। दूसरी सड़क छोटी पुलिया से रवि शंकर दुबे के घर तक,इसी तरह से सभी गांवों में जरूरी स्थानों पर इंटरलॉकिंग सड़क से बस्ती को जोड़ा गया है। इसके अलावा गांवो में नाली, सोलर लाइट, और प्रमुख बाजारों में पेयजल के लिए वाटर कूलर लगवाया गया है। जिससे क्षेत्र के लोगों को समस्या न हो। कार्यक्रम के पूर्व ग्रामीणों ने प्रमुख प्रतिनिधि का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सुरिस गांव स्थित धर्मकांटा के समीप सड़क दुघर्टना में बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उक्त घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के हुसेनाबाद गांव निवासी 30 वर्षीय अमृत लाल पुत्र सेवालाल बुधवार को सुरिस गांव अपनी ससुराल में बाइक से रात को घर जा रहा था। सुरीस गांव के समीप तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दे एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# विद्युतीकरण न होने से अंधेरे में डूबा हुसेनाबाद बाजार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



हैदरगढ़। विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के हुसेनाबाद बाजार में विद्युतीकरण न होने से कस्बा अंधेरे में डूबा हुआ है, जिससे दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधियारा होने के चलते आए दिन चोर, उच्चके कस्बा की दुकानो को अपना निशाना बनाया करते है। शाम ढलते ही कस्बा में सन्नाटा पसर जाता है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के अलावा विद्युत विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजा है लेकिन अभी तक कस्बे में बिद्युती करण नही हो सका है, दुकानदारो ने कस्बा में विद्युत व्यवस्था अतिशीघ्र करवाए जाने की मांग किया है। जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे के किनारे स्थित हुसेना बाजार कस्बा स्थित है। कस्बा में लगभग छोटी बड़ी दुकाने मिलाकर लगभग 40 से 50 दुकाने है और जिस दिन बाजार होती है उस दिन दुकानो की संख्या कई गुना हो जाती है। दुकानदार राहुल वर्मा ने बताया कि हाइवे के दूसरी तरफ विद्युत व्यवस्था मौजूद चौकस है लेकिन जहां बाजार लगती है वहां विद्युत करण आज तक नही हो पाई है। राम तीरथ ने बताया कि बिजली न होने के कारण यहां लोग घर बनवाने से कतरा रहे है जो लोग घर बनवा लिए वह विद्युत की बैकल्पिक व्यवस्था किए हुए है जो ज्यादा कारगर साबित नही हो रहा है। जसवंत ने बताया कि लोग कस्बे में घर बनाने के लिए जमीन ले रखा है लेकिन बिजली व्यवस्था न होने से लोग पीछे हट रहे है। उन्होने बताया कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर जांच कर ले गए लेकिन किस वजह से विद्युतीकरण नही हो पाया यह किसी को नही पता। हुसेनाबाद बजार में घर बनवाकर परिवार के साथ रह रहे राज कुमार ने बताया कि छत पर सौर उर्जा घर में जनरेटर की व्यवस्था है इसके बावजूद घर में अंधेरा रहता है। ऋषभ मिश्रा ने बताया कि अंधेरा होने का सबसे ज्यादा फायदा तो चोरो का हुआ अब तक छोटी बड़ी दुकानो को मिलाकर दर्जनो दुकानो का ताला तोड़ चुके है। मामले को लेकर विद्युत विभाग के नवागत अधिषासी अभियंता अनुज गुप्ता से बात किया गया तो उनका कहना था अभी मामले की जानकारी नही है यदि ऐसा है तो जल्द विद्युतीकरण करवाया जाएगा। कस्बा निवासी गोरेलाल, रामनरेश, सुरेन्द्र, करन वर्मा, अनिल कुमार, राहुल वर्मा, सत्तन, जय प्रकाश, राकेश, दुःखी, कयूम, अनिल, जगमोहन, अशोक हरख, विजय, प्रदीप जितेन्द्र सोनी, श्रवन आदि दुकानदारो ने कस्बा में विद्युतीकरण करवाए जाने की मांग किया है।

## श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला को सम्मानित किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

बृहस्पतिवार को समाज सेवी राजन कनौजिया व उनके साथियों के द्वारा श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला जी को शुक्ला गंज में निकाली गई



रथ यात्रा के कुशल नेतृत्व के लिए राजधानी मार्ग सब्जी मण्डी स्थित उनके आवास पर जाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया राजन कनौजिया ने कहा कि अन्य शहरों में भी रथ यात्रा हुई थी जिनमे कई प्रकार की अप्रिय घटना हुई परंतु समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला जी की अध्यक्षता में शुक्ला गंज की रथ यात्रा को सुगम व कुशलता पूर्वक संपन्न की गयी.इस अवसर पर मिष्ठान भी वितरण किया गया.कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में उमा लाल यादव, सुनील तिवारी, सुरेश निषाद, सर्वेश राजपूत, मुश्ताक खान, राकेश पाण्डे, पप्पू, सार्थक, लड्डू, सोना रावत, अंकित गिहार, कासिम निशित, शानू, अनूप, विशाल आदि रहे,।

## इरशाद की मेहनत लायी रंग, फतेहपुर नगर पंचायत में होंगे 4 करोड़ रुपये से विकास कार्य

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




फतेहपुर। आदर्श नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने किया। बैठक मे नगर सर्जन योजना में 17 लाख 91 हजार रुपए से कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। वही मुख्यमंत्री नगोरोदय योजना के तहत लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उक्त बोर्ड बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने बताया, नगर पंचायत बोर्ड की बैठक बुधवार को संपन्न हुई है। बैठक में 19 के साक्षेप में 14 सभासद व 5 प्रतिनिधि सभासदों के उपस्थित रहे। बैठक में पानी टंकी निर्माण के दौरान पाइप बिछाने के लिए सड़कों को खोदने के बाद पुनः सही नहीं कराने पर सभी सभासदों ने नाराजगी व्यक्ति की है। बैठक में बरसात के चलते नालियों की सफाई की समीक्षा की गई। कई वार्ड में गंदगी पटी होने का मुद्दा भी उठाया गया। सभासदों ने बताया कि अभी भी साफ सफाई व्यवस्था कर्मियों की लापरवाही से बिगड़ी हुई है। इस दौरान नगर अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर ने कहा, स्वच्छता के संबंध में लापरवाही करने वाले सफाई कर्मी दंडित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री वैश्विक नगोरोदय योजना के तहत नगर के नवविस्तारित क्षेत्र 19 वार्डों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए क़रीब 4 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई। यह प्रस्ताव शासन को भेजते हुए विशेष बजट की डिमांड की गई है।

बैठक में मो0 हसीब, संतोष मिश्रा, मो. फारूक, अरविंद वर्मा, मो0 सुहेल, अंजय कुमार, रामऔतार, नरेंद्र वर्मा, मो0 इकबाल, संतोष शुक्ला, खुर्शीद जमाल, अनिल शर्मा, मो0 राहिल, शमीम बानो सभासद प्रतिनिधि में अनुपमा वर्मा, विमल कुमार, शानू, सौरभ वर्मा, मो0 अनवर, टीसी अरुण कुमार, लिपिक नदीम अहमद, सफाई नायक आफताब आलम आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

## प्राकृतिक खेती पर कृषकों को मिला प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



टिकैतनगर। पूरेडलई ब्लॉक के सरायनेतमऊ क्लस्टर में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के स्थान पर प्राकृतिक खेती के महत्व, तकनीक और लाभों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। उपस्थित अधिकारियों ने उन्हें गो आधारित खेती, जीवामृत, बीज उपचार, मल्चिंग तकनीक, मृदा परीक्षण जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। सहायक विकास अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की लागत कम करती है, बल्कि मिट्टी की सेहत सुधार कर फसल की गुणवत्ता और बाजार मूल्य को भी बढ़ाती है। हमारे जिले में इसे जन आंदोलन के रूप में चलाया जा रहा है। हम चाहते हैं कि हर किसान इसका लाभ ले। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी रामनाथ ने कहा कि मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखना कृषि का मूल है। लगातार रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि बंजर हो रही है। प्राकृतिक खेती एकमात्र उपाय है जिससे हम मिट्टी को पुनर्जीवित कर सकते हैं। हर किसान को मृदा परीक्षण अवश्य कराना चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत सहायक विकास अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने जैविक पद्धति से तैयार किए जा रहे केले के खेत का निरीक्षण किया। यह केला पूरी तरह से गो आधारित विधि कृ गोबर खाद, जीवामृत और प्राकृतिक कीटनाशकों के प्रयोग से उगाया जा रहा है। डॉ. रमेश कुमार ने कहा यह खेत जिले में एक उदाहरण बन सकता है।

जैविक केला न केवल स्वाद में बेहतर होगा, बल्कि इसका बाजार मूल्य भी रासायनिक केले से अधिक मिलेगा।

इस तरह की पहल को हम अन्य किसानों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने खेत स्वामी किसान को प्रोत्साहित किया और कृषि विभाग की ओर से तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने का आष्वासन भी दिया।

कार्यक्रम के अंत में किसानों को प्रमाण पत्र व प्राकृतिक खेती पर आधारित पुस्तिकाएं वितरित की गईं। कृषि विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

इस मौके पर जय प्रकाश वर्मा, एटीएम आशीष प्रताप सिंह, रंजन शर्मा, केदार रावत, सुरेश वर्मा सुभाष वर्मा, रामजी आदि लोग मौजूद रहे।

## सरयू के कहर से पीड़ित है तराईवासी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

टिकैतनगर। रामसनेहीघाट तहसील के अंतिम छोर पर स्थित गुनौली गांव के ग्रामीण हर साल कटान और बाढ़ की त्रासदी झेल रहे हैं। गुरुवार को गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा और नई जगह पर बसाए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द पुनर्वास नहीं हुआ, तो अगली बारिश में पूरा गांव नदी में समा जाएगा। गुनौली गांव घाघरा और सरयू नदियों के बीच स्थित है। बारिश के मौसम में जलस्तर बढ़ते ही दोनों नदियां गांव की ज़मीन काटने लगती हैं। अब तक दर्जनों घर, खेत और संपत्ति नदी में समा चुकी है। बचे हुए लोगों को भी हर पल डर बना रहता है। ग्रामीणों की अपीलरू हर साल बर्बाद होते हैं, अब स्थायी समाधान चाहिए गांव के राम कुमार, काली प्रसाद, राम केवल, संतोष, दिनकर समेत अन्य लोगों ने बताया कि सालों से प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कोई स्थायी हल नहीं निकल पाया। उनका कहना है कि जब तक उन्हें किसी ऊंचे और सुरक्षित स्थान पर बसाया नहीं जाएगा, तब तक हर साल वे उजड़ते रहेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ और कटान के कारण बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है।

कई बार स्कूल तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। किताबें और सामान पानी में बह जाते हैं।

खेती और पशुपालन बर्बाद हो चुका है, जिससे लोगों के पास रोजगार का साधन भी नहीं बचा एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि फिलहाल ग्रामसभा की खाली ज़मीन पर ही पट्टा दिया जा सकता है। यदि ग्रामीण सामूहिक रूप से दूसरी जगह बसने को तैयार हों, तो शासन को प्रस्ताव भेजा जा सकता है। इसमें वोटर आईडी और निवास स्थान बदलाव जैसी प्रक्रिया शामिल होगी, जो समय लेगी।

उन्होंने कहा कि प्रशासन बाढ़ के समय राहत शिविर जरूर बनाता है, लेकिन स्थायी पुनर्वास के लिए शासन से मंजूरी जरूरी है।

## दुकानदार पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




**फतेहपुर।** थाना कुर्सी क्षेत्र के टिकैतगंज में बीते दिनों मामूली बात को लेकर अज्ञात हमलावरों ने एक चाय दुकानदार पर फायरिंग कर दी थी। जिस पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। मामला थाना कुर्सी क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज के अशोक विद्या मंदिर के सामने लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर स्थित एक चाय की दुकान का है। जहां पर बीते शुक्रवार को अख्तर अली का बेटा मो. शादाब चाय बना रहा था। इसी बीच रात करीब एक बजे उसकी दुकान पर पहुंचे कार सवार युवकों ने एक पानी की बोतल मांगी। चाय बना रहा शादाब थोड़ी देर में पानी देने की बात कहकर उसी कार्य में लगा रहा। इस पर मद में चूर कार सवार युवकों ने दुकानदार पर अवैध असलहे से फायर झोंक दिया और मौके से फरार हो गए। वहीं गोली दुकान का शीशा तोड़ते हुए पीछे दीवार में जाकर धंस गई। गनीमत यह रही दुकानदार बाल-बाल बच गया शादाब ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी थी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। जिसका खुलासा पुलिस ने गुरुवार की सुबह सीसीटीवी फुटेज की मदद से कार के नम्बर को ट्रेस कर किया। दबे पांव पहुंची पुलिस ने आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी की पहचान जनपद सीतापुर के गांव रामपुर निवासी मोहित के रूप में की गई। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया ने बताया, आरोपी युवक के पास से 315 बोर का एक अवैध असलहा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं घटना में शामिल कार को सीज करते हुए आरोपी युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## गौशाला का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत हजरतपुर स्थित गौशाला का नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर किया गया।

गुरुवार को नायब तहसीलदार ने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पशुओं की गणना की। उन्होंने बारिश के मौसम में पशुओं को कीचड़ से बचाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए।

नायब तहसीलदार ने कहा कि बारिश के दौरान पशुओं को शेड के नीचे रखा जाए। गौशाला की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर गया प्रसाद से पशुओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधिन ओन मियां और लेखपाल महेंद्र जायसवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सातवीं मोहर्रम पर निकला अलम का जुलूस

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। असंद्रा। विकास खण्ड सिद्धौर की ग्राम पंचायत असन्द्रा में मोहर्रम की सातवीं तारीख़ पर अलम का जुलूस निकाला गया। वो सिर्फ एक मज़हबी रस्म नहीं, बल्कि इंसानियत की सबसे ऊँची तस्वीर थी। अलम, जुलूस, नज़्र-ओ-नियाज़, लंगर और मातम कृ इन सबके बीच जब हज़ारों की तादाद में हिन्दू भाइयों ने भी एकजुट होकर इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को सलामी पेश की, तो मानो कर्बला का पैग़ाम एक बार फिर ज़िंदा हो गया। तुम अकेले नहीं हो या हुसैन। जुलूस में सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप भी शामिल हुए। उन्होंने अकीदतमंदों के साथ लंगर में शिरकत की, अज़ादारों से मुलाकात की और हज़रत इमाम हुसैन की कुर्बानी को सलाम करते हुए कहारू हुसैन मज़हब से ऊपर हैं। वो हर उस इंसान की आवाज़ हैं जो जुल्म के सामने खड़ा होता है। गांव असंद्रा के गली-कूचों से लेकर दरवाज़ों तक, या हुसैन या हुसैन की सदाएँ गूंज रही थीं। लेकिन इस बार ये सदाएँ सिर्फ मुसलमानों की नहीं थीं। गांव के हज़ारों हिन्दू भाइयों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर लंगर में हिस्सा लिया, जुलूस के साथ चले और इमामे मजलूम को अश्कों भरा सलाम पेश किया। इस मौके पर मोहम्मद शकील, मोहम्मद शमीम, कफील अहमद जैदी, अम्मार यासिर, नफीस अहमद जैदी, शौजब जैदी, नबील जैदी, सानू मियां, रेहान आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय में स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण करने पहुचा प्रवर्तन दल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बच्चो की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने असैनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल मे पहुंच वाहनो का जांच की। जांच में बिना फिटनेस, दस्तावेजों की जांच समेत क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाने मिलने पर वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया गया। एआरटीओ श्रीमती शुक्ला एंव सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने एलपीएस परिसर मे खड़ी स्कूली वाहनो की जांच करते हुये अनफिट मिले 2 वाहन समेत 1 अनाधिकृत रुप से संचालित प्राइवेट वाहन को थाना मोहम्मदपुर चौकी मे निरुद्ध किया। तथा 1 बस मे क्षमता से अधिक बच्चे मिलने पर विद्यालय प्रबन्धन को सख्त चेतावनी देते हुये बच्चो को दूसरे वाहन से रवाना करवाया।

### चकबंदी लेखपालों से अभद्रता कर युवक ने मारपीट, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बहरौली गांव में भूमि की पैमाइश करने गए चकबंदी लेखपाल के साथ एक दबंग युवक ने अभद्रता करते हुए और मारपीट की। युवक पर सरकारी अभिलेख छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। कुर्सी पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चकबंदी लेखपाल आशीष कुमार सिंह पुत्र सुरेन्द्र बहादुर सिंह व हिमांशु चन्द्र पुत्र प्रेमनाथ ने बताया है कि ग्राम पंचायत बहरौली में सीमांकन का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को सुबह करीब नौ बजे जब चक सीमांकन करने पहुंचे तो वहां पर मौजूद कल्लू पुत्र जफरउल्ला निवासी जयकरनपुर मजरे बहरौली थाना कुर्सी ने दोनां लेखपाल को गालियां देना शुरु कर दिया। विरोध करने मारपीट पर आमाद हो गए। यही नहीं आरोपित ने सरकारी अभिलेख को छीनने की कोशित करने के साथ काट कर फेंक देंने की भी धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर भागे लेखपालों ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियो संघ के जिला अध्यक्ष कुंवर आनंद प्रताप सिंह को दी। जिलाध्यक्ष ने आरोपित युवक पर पुलिस से कठोर कार्यवाही करने की मांग की, जिससे भविष्य में इस तरह की घटना हमारे साथियों के साथ करने कोई जुर्रत न कर सके। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

## 12 दिव्यांग बच्चों का हुआ पंजीकरण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिरौलीगौसपुर।** विकास खंड सभागार में दिव्यांग कल्याण विभाग ने विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर में 12 दिव्यांग बच्चों का पंजीकरण हुआ। इन बच्चों को ट्राई साइकिल, बैसाखी और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण दिए जाएंगे।

गुरुवार को शिविर के दौरान सभी बच्चों के यूआईडी कार्ड की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम में मनोचिकित्सक डॉ. विनोद पाल मौजूद रहे। दिव्यांग कल्याण कार्यालय से वरिष्ठ सहायक विनय कुमार रावत, सियाराम और पंकज कुमार उपस्थित थे। समाज कल्याण के सहायक विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने शिविर का नेतृत्व किया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा, सहकारिता के सहायक विकास अधिकारी आशीष वर्मा और विशेष शिक्षक संतोष भारती भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## कोर्ट ने अपहरण के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**गांव में मंचा हड़कंप**

फतेहपुर कोतवाली इलाके के कंधा गांव में मुकदमा आदेश होने की खबर पहुचते ही हड़कंप मच गया। जो लोग यह चर्चा बनाये थे कि नेताजी ने मामला दबवा दिया अब वही लोग गांव से फरार है। घटना की ईमानदारी से विवेचना हुई तो इस घटना के खुलासा में कई छुपे चेहरे सामने आएंगे।

बहन की शादी के दिन घर से अचानक गायब हुए युवक की लाश अगले दिन सुबह रेलवे लाइन किनारे मिलने के मामले में ढाई माह बाद कोर्ट फतेहपुर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। यह घटना सुढियामऊ स्थित कंधा गांव की है। मृतक का भाई मो. जीशान ने बताया कि बीती 21 अप्रैल को छोटी बहन की शादी थी मृतक भाई नूरुद्दीन ने दिन में समारोह को जिम्मेदारी से सम्पन्न कराया। साम को दो बाइक से गांव के तीन युवक आये और नूरुद्दीन को जरूरी काम कहकर बुला ले गए। सुबह रेलवे लाइन किनारे युवक का शव बरामद हुआ जिसके सर के पीछे गहरी चोट लगी थी। पीड़ित परिवार ने हत्या की तहरीर फतेहपुर से लेकर पुलिस अधीक्षक तक दी लेकिन मुकदमा को हादसे की शक्ल देकर दर्ज नही किया गया। पीड़ित परिवार तहरीर में स्पस्ट तौर पर लिखता रहा की भाई की हत्या गांव की एक लड़कीं के चक्कर मे हुई है। बाकायदा पुलिस को इसके सारे सबूत उपलब्ध कराए । लेकिन मर्डर के पीछे एक बड़ी सियासी ताकत ने पुलिस की कलम उठने नही दी देर रात तक युवक के मोबाइल पर अज्ञात लोगों ने बात की धमकी भरे लहजे में रिकार्डिंग मिली इतना सब कुछ होने के बाद गरीब अपना मुकदमा लिखवाने में कामयाब नही हो पाया। उधर बदमाशो ने हत्या को हादशा दिखाने की कोसिस में रेलवे किनारे फेंक दिया। पीड़ित जीशान ने बताया कि कही सुनवाई न होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के शिवा इंसाफ पाने का कोई दूसरा रास्ता नही बचा था। अधिवक्ता मो. उमर मुखतार ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 173 (4) के तहत कोर्ट नम्बर 18 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने थानाध्यक्ष फतेहपुर को प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों के आधार पर समुचित व्यक्तियों के विरूद्ध समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में करीब एक सैकड़ा विकास कार्यों के प्रस्ताव



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** विकास खण्ड सभागार में गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। जिसमें 75 ग्राम पंचायत के करीब एक सैकड़ा विकास कार्यो के प्रस्ताव लिये गये। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार किया गया।एडीओ आइएसबी मनोज कुमार ने बैठक का संचालन करते हुये पिछली बैठक की कार्ययोजना को पढ़ कर सुनाया।बीडीओ मुनेश चंद्र ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में राज्य वित्त योजना में करीब 3 करोड रुपए तथा केंद्रीय वित्त आयोग से करीब तीन करोड़ 14 लाख की धनराशि विकास कार्यों के लिये उपलब्ध है। बैठक में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, विभिन्न पेंशन एवं अनुदान योजनाएं, कृषि रक्षा ईकाई समेत अन्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनके क्रियान्वयन पर विचार किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मौर्या, एडीओ श्रीकांत मिश्रा, जयसिंह, वीडीओ दिलीप मिश्रा, शैलेन्द्र भारतीय, आकाश शुक्ला, बीएमएम अरविन्द सोनी, भोला राजपूत, निर्मल कुमार, प्रतिभा यादव, सुरेश रावत, मनोज कुमार समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधान व कर्मचारी मौजूद रहे।

## उन्नाव में तीन वाहनों की टक्कर, बस पलटी, पिकअप क्षतिग्रस्त, 17 यात्री घायल, ट्रक चालक हुआ फरार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

पीटीसी काली मिट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत एफ-84 के पास गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक, मुर्गी दाने से लदी एक पिकअप ने प्राइवेट बस को तेज रफ्तार ट्रक टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्राइवेट बस सड़क किनारे पलट गई, जिसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में लगभग 17 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस व एम्बुलेंस को दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस बल और कई एम्बुलेंस पहुंचीं। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल सीएचसी सफीपुर और सीएचसी फतेहपुर 84 में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बता दे कि घटना के



बाद सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से जल्द ही यातायात व्यवस्था दोबारा सुचारु कर दी गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली गई, जिससे मार्ग पूरी तरह से साफ कराया गया। इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी (सीओ) सफीपुर मधुप नाथ मिश्रा ने बताया कि पिकअप की टक्कर से हादसा हुआ है। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट को महामहिम राज्यपाल को संबोधित सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




उन्नाव जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सरकार संवैधानिक मूल्यों की हत्या कर रही है शिक्षा का अधिकार अधिनियम यह कहता है कि पड़ोसी विद्यालय में छात्र पढ़े 5000 विद्यालयों को मर्ज करने से छोटे-छोटे छात्र कहां पढ़ने जाएंगे इस तरीके से जहां गरीब का बच्चा शिक्षा से वंचित रह जाएगा वही सीधे-सीधे शिक्षा का अधिकार अधिनियम विरखंडित होगा ।कांग्रेस जनों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से जुलूस में चलकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया और आग्रह किया कि हमारे ज्ञापन की मूल प्रति महामहिम को प्रेषित कर दी जाए मजिस्ट्रेट ने आश्वस्त करते हुए कहा कि ज्ञापन मूल रूप में महामहिम को भेज दिया जाएगा ज्ञापन देने वालों में शहर अध्यक्ष फैज फरुकी, उपाध्यक्ष हनुमत सिंह चंद्र प्रकाश शुक्ला छून्ना, अनुराग सिंह अजय गौतम, अमरेंद्र सिंह, कफनधारी, अमन कनौजिया, शेरशाह, रइस अहमद, अनीस बाबू आदि रहे।

## पीएम मोदी का घाना की संसद में संबोधन, बोले, यहां की धरती लोकतंत्र की भावना से भरी हुई

# मेरा आना सौभाग्य की बात: पीएम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। एक्रॉ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना की संसद को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है। पीएम ने कहा, घाना जी20 का स्थायी सदस्य बना। यह भारत की प्रेसीडेंसी में मुमकिन हुआ। भारत की फिलॉसफी ह्यूमैनिटी फर्स्ट है। हम सभी के खुश रहने में यकीन रखते हैं। हमें घाना में एक ऐसा देश दिखाई देता है, जो साहस के साथ हर चुनौती का बहादुरी से सामना करता है। मोदी ने कहा, भारत के कई गौरव भरे क्षण में अफ्रीका जुड़ा है। भारत ने जब चंद्रयान के चांद के साउथ पोल पर लैंड किया, तो उस दिन भी मैं अफ्रीका में था। आज जब एक भारतीय एस्ट्रोनॉट मानवता के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्पेस स्टेशन में है, मैं एक बार फिर से यहां हूं। यह सामान्य संयोग नहीं है। पीएम मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक विदेश यात्रा पर हैं। इस दौरान वे 5 देशों में जाएंगे। घाना उनका पहला पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को घाना का सर्वोच्च सम्मान द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना दिया गया था। दोनों देशों ने 4 अलग-अलग समझौते भी साइन किए। 2 जुलाई को सर्वोच्च सम्मान मिलने के बाद पीएम मोदी ने कहा था, घाना से सम्मानित होना मेरे के लिए गर्व की बात है। इससे पहले उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया। मोदी ने कहा कि भारत और घाना आतंकवाद को मानवता का दुश्मन मानते हैं और इसके खिलाफ मिलकर काम करेंगे। मोदी ने कहा, यह युद्ध का समय नहीं है, बल्कि बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए समस्याओं का हल होना चाहिए। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र में सुधारों पर एकमत हैं। इसके साथ ही दोनों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई। पीएम मोदी ने कहा, भारत और घाना के बीच व्यापार 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है और अगले 5 साल में इसे दोगुना करने टारगेट है। उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा को भारत आने का न्योता दिया।



### दोनों देशों में 4 एमओयू साइन हुए

- दोनों देशों ने चार महत्वपूर्ण समझौते पर साइन किए। विदेश मंत्रालय के सचिव दम्मू रवि ने बताया कि ये समझौते दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।
- **पहला समझौता–** विदेश मंत्रालय लेबल पर जॉइंट कमीशन बैठक की स्थापना करना।
- **दूसरा समझौता–** पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देश एक्सपर्ट्स की ट्रेनिंग और एक्सपीरियंस शेयर करेंगे।
- **तीसरा समझौता–** कल्चरल एक्टिविटी से जुड़ा है, जिससे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- **चौथा समझौता–** स्टैंडर्ड सेटिंग (प्रोडक्ट और सर्विस के लिए गुणवत्ता नियम तय करना) करना, जिससे आर्थिक सहयोग बढ़ेगा।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें...

- भारत, घाना को फिनटेक में सहयोग देगा और यूपीआई के जरिए डिजिटल लेन-देन का एक्सपीरियंस शेयर करेगा।
- भारत घाना के युवाओं के लिए आईटीईसी और आईसीसीआर स्कॉलरशिप को दोगुना करेगा और फीड घाना प्रोग्राम में मदद करेगा।
- भारत, घाना आर्मी की ट्रेनिंग, समुद्री सुरक्षा, डिफेंस सप्लाई और साइबर सिक्योरिटी में मिलकर काम करेगा।
- भारत जन औषधि केंद्र के जरिए घाना के लोगों को सस्ती और भरोसेमंद हेल्थ सर्विस देगा।
- वैक्सीन बनाने, डिफेंस और सिक्योरिटी में मदद और साइबर सुरक्षा में भी आपसी सहयोग बढ़ाएंगे।
- भारत घाना के युवाओं की वोकेशनल एजुकेशन के लिए, एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाएगा।

### मोदी को 21 तोपों की सलामी दी गई

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को अफ्रीकी देश घाना पहुंचे। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने राजधानी एक्रॉ में एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी को 21 तोपों की सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मोदी होटल पहुंचे, जहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। होटल के बाहर भारतीय वेशभूषा में पहुंचे स्कूली बच्चों ने मोदी को संस्कृत में श्लोक सुनाया। इसके बाद उन्होंने घाना के राष्ट्रपति के साथ राजधानी अक्कारा के जुबली हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की।

### भारत ने घाना को 6 लाख कोविड वैक्सीन दी थी

भारत और घाना अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे के मजबूत समर्थक रहे हैं। दोनों देश गुटनिरपेक्ष आंदोलन के सदस्य हैं और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों में मिलकर काम करते हैं। घाना ने भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के दावे का समर्थन किया है। जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और अन्य वैश्विक मुद्दों पर दोनों देश एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने घाना को वैक्सीन और चिकित्सा मदद दी थी। भारत ने घाना को 6 लाख कोविड वैक्सीन दी थी।

# दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर बैन हटा

## मनजिंदर सिंह सिरसा ने ईओएल नियमों की गिनाईं कमियां

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर लगा बैन हटा लिया गया है। इसे लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखा और राजधानी में एक जुलाई से लागू हुए एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) वाहनों के नियमों की कमियां गिनाईं। साथ ही उन्होंने पुरानी गाड़ियों को फ्यूल न देने के निर्देश पर रोक लगाने को कहा। दरअसल, दिल्ली में %एंड ऑफ व्हीकल% वाहनों के नियमों के तहत की जा रही पुरानी गाड़ियों की जब्ती पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अभी इस नियम को इंप्लीमेंट नहीं कर रहे हैं। गाड़ियों को उम्र के हिसाब से नहीं, बल्कि पॉल्यूशन स्तर के हिसाब से बंद किया जाएगा। इस पर सरकार काम कर रही है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पत्र लिखकर डायरेक्शन नंबर 89 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने को कहा है, जिसके तहत दिल्ली में एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) वाहनों को फ्यूल देने से मना किया गया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि हम सीएक्यूएम से आग्रह करते हैं कि डायरेक्शन नंबर 89 के क्रियान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, जब तक कि ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) प्रणाली पूरे एनसीआर में एकीकृत नहीं हो जाती। हमें विश्वास है कि दिल्ली सरकार के चल रहे बहुआयामी प्रयासों से वायु गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार आएगा। मनजिंदर सिंह सिरसा ने मीडिया से बातचीत कर कहा कि उन्होंने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पत्र लिखकर दिल्ली में एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) वाहनों को ईंधन न देने के निर्देश पर रोक लगाने को कहा है। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें बताया है कि जो ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए गए हैं, वे मजबूत सिस्टम नहीं हैं और उनमें अभी भी कई खामियां हैं। तकनीकी गड़बड़ियां, सेंसर का काम न करना और स्पीकर का खराब होना, ये सभी कमियां हैं। इसे अभी तक एनसीआर डेटा के साथ एकीकृत नहीं किया गया है। यह हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेटों (एचएसआरपी) की पहचान करने में सक्षम नहीं है। हमने यह भी कहा कि गुरुग्राम, फरीदाबाद और गाजियाबाद और बाकी एनसीआर में अभी तक ऐसा कानून लागू नहीं किया गया है।

### लोगों ने क्या कहा

एक वाहन मालिक ने बातचीत के दौरान कहा कि दिल्ली के लिए सरकार जो कदम उठा रही है, वह अच्छे हैं। वाहनों से होने वाला प्रदूषण बहुत ज्यादा है, इसलिए उठाए जा रहे कदम अच्छे हैं। अगर वाहन पुराना है, तो नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे आगे आएं। इसी तरह के कदम सभी मेट्रो शहरों में उठाए जाने चाहिए।

### क्या है यह नया नियम?

दरअसल, अप्रैल 2025 में कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया था कि 1 जुलाई से सभी एंड ऑफ लाइफ (ईओएल) यानी तय उम्र पार कर चुकी गाड़ियों को फ्यूल देना बंद किया जाए।

# मोदी सरकार का पर्यावरण संरक्षण पर रिकॉर्ड भरोसेमंद नहीं: जयराम रमेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संचार महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर मोदी सरकार का रिकॉर्ड भरोसा नहीं जगाता कि इन मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा या समाधान होगा। पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने बताया कि देशभर के 150 से ज्यादा सामाजिक संगठनों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपनी चिंताओं को रखा है।

### कांग्रेस नेता ने सरकार पर लगाए आरोप

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि इन संगठनों ने पांच मुख्य मुद्दे उठाए हैं। इनमें पहला है पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का यह बयान, जिसमें उन्होंने वन अधिकार अधिनियम, 2006 को प्रमुख वन क्षेत्रों के नष्ट होने का कारण बताया है।



इसके अलावा, कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार संसद और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को जंगलों पर कब्जे के बारे में कानूनी रूप से गलत आंकड़े देती रही है। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि जून 2024 में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी द्वारा एक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत देशभर के टाइगर रिजर्व से करीब 65,000 परिवारों को हटाने की योजना है।

### नियमों से जंगलों की गुणवत्ता और मात्रा पर पड़ा असर

जयराम रमेश ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने यह भी मुद्दा उठाया कि पिछले 10 वर्षों में जंगलों की कटाई के लिए वन अधिकार अधिनियम को गलत तरीके से जिम्मेदार ठहराया गया है। इसके अलावा, उन्होंने 2023 में संसद में पारित किए गए 'वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980' में संशोधन और उसके बाद बनाए गए 'वन संरक्षण एवं संवर्धन नियम, 2023' पर भी सवाल उठाए।

### आदिवासी और अन्य समुदायों के लिए ये जरूरी: रमेश

कांग्रेस नेता ने कहा, ये मुद्दे आदिवासी और जंगलों में रहने वाले समुदायों के लिए बेहद जरूरी हैं, क्योंकि उनकी आजीविका इन क्षेत्रों से जुड़ी है। साथ ही, ये देश की पारिस्थितिकीय सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की अब तक की कार्यशैली से यह भरोसा नहीं होता कि इन गंभीर मुद्दों पर किसी तरह की चर्चा या समाधान की कोशिश की जाएगी।

# पूर्व सांसद शांतनु सेन को विदेशी डिग्री का दावा करना पड़ा महंगा, बंगाल मेडिकल काउंसिल ने किया निलंबित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद और प्रसिद्ध डॉक्टर शांतनु सेन को दो साल के लिए निलंबित कर दिया। उन पर अपने चिकित्सकीय अभ्यास के दौरान विदेशी मेडिकल डिग्री का प्रमाणित दावा किए बिना उल्लेख करने का आरोप है। बता दें कि सेन को पिछले साल मेडिकल काउंसिल से नामित सदस्य के रूप में हटा दिया गया था। जब उन्होंने आरजी कर अस्पताल में हुए दुष्कर्म-हत्या मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाए थे। काउंसिल के अध्यक्ष सुदीप्तो रॉय ने कहा, शांतनु सेन को निलंबित किया गया है क्योंकि वह अपनी विदेशी डिग्री के उल्लेख को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। उन्होंने केवल एक प्रमाणपत्र दिखाया लेकिन यह साबित करने के लिए कोई और दस्तावेज नहीं पेश कर सके कि क्या ऐसी डिग्रियों का इस तरह से अभ्यास के दौरान उल्लेख किया जा सकता है। रॉय के अनुसार, सेन को 3 जुलाई को काउंसिल के सदस्यों के सामने पेश होने को कहा गया था, जिसके बाद निलंबन का आदेश जारी किया गया। जब इस बारे में शांतनु सेन से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें काउंसिल से अब तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। लेकिन उन्होंने पहले ही मीडिया को इसकी जानकारी दे दी है। शांतनु सेन ने आरोप लगाया, राज्य मेडिकल काउंसिल का रवैया प्रतिशोधात्मक है। वे मेरे प्रैक्टिस करने के अधिकार और मेरी वैध मेडिकल डिग्री का उल्लेख करने के अधिकार को नहीं छीन सकते। कई अन्य डॉक्टर भी, जिन्होंने विदेशी संस्थानों से वैध डिग्री प्राप्त की है। सेन ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी विदेशी डिग्री के पंजीकरण के लिए मेडिकल काउंसिल को 10,000 रुपये शुल्क के रूप में जमा किया है और एक लिखित आवेदन भी दिया है। उन्होंने कहा, जैसे ही मुझे निलंबन पत्र मिलेगा, मैं अपने व्यक्तिगत अधिकार, सम्मान और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए आवश्यक कानूनी कदम ज़रूर उठाऊंगा। गौरतलब है कि शांतनु सेन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य हैं। इससे पहले उन्हें टीएमसी से निलंबित कर दिया गया था और पार्टी ने आरजी कर कांड के मामले में प्रशासन की आलोचना करने और जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन को समर्थन देने पर उन्हें फटकार भी लगाई थी।

# गुजरात में कांग्रेस-आप की राहें जुदा, केजरीवाल बोले, अकेले लड़ेंगे चुनाव, शुरू किया नया अभियान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच अब कोई गठबंधन नहीं है। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अहमदाबाद में यह साफ किया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन इंडिया केवल लोकसभा चुनावों के लिए बना था, अब उसका कोई अस्तित्व नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी 2027 में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से उतरेगी और इस बार जनता के पास भाजपा और कांग्रेस के अलावा एक मजबूत विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस से हमारा गठबंधन होता तो उन्होंने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर उपचुनाव क्यों लड़ा? कांग्रेस ने आप को हराने की कोशिश की ताकि भाजपा को इसका फायदा मिले सके। गौरतलब है कि हाल ही में विसावदर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में आप नेता गोपाल इटालिया ने भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,000 से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इस नतीजे से आप को गुजरात में एक मजबूत विकल्प के तौर पर उभरने का मौका मिला है।

### कांग्रेस पर भाजपा की 'बी टीम' होने का आरोप

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने पिछले 30 साल में गुजरात को बर्बाद कर दिया और कांग्रेस ने विपक्ष की भूमिका निभाने में नाकामी दिखाई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ दिखावे की लड़ाई लड़ती है और पर्दे के पीछे भाजपा की मदद करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जरिए भाजपा हर चुनाव जीतती है। कांग्रेस और भाजपा की मिलीभगत अब जनता समझ चुकी है।

# मुरादनगर पुलिस की लुटेरे बाप-बेटे की जोड़ी से मुठभेड़

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में पुलिस ने देर रात एक सनसनीखेज मुठभेड़ में लुटेरे बाप-बेटे की जोड़ी को धर दबोचा। इस दौरान मुख्य अभियुक्त उमर को पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसके पिता शाहिद को कांबिंग ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस, लूटी गई ज्वेलरी और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है। मुरादनगर थाना क्षेत्र में देर रात पेरिफेरल अंडरपास पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान, दुहाई गांव की ओर से दो बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो वे कन्नौजा रोड की ओर तेजी से मोटरसाइकिल भगाने लगे। भागने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें घेर लिया। पुलिस को अपने को घिरता देख, उमर ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें उमर के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने तत्काल उसे काबू में लिया और मौके से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक जोड़ी कान के कुंडल और घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की। घायल उमर को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने इसके बाद क्षेत्र में कांबिंग ऑपरेशन चलाया, जिसके दौरान उमर के पिता शाहिद पुत्र अख्तर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अभियुक्त ग्राम कल्लूगाड़ी, थाना मसूरी, जनपद गाजियाबाद के निवासी हैं।

# डीएम कार्यालय स्थिति पार्क में नवाज़ का विरोध, एसीपी को दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल गाजियाबाद का प्रतिनिधिमंडल आज डी. एम कार्यालय के परिसर में स्थित पार्क में मुस्लिमों द्वारा खुले में नमाज पढ़ने के खिलाफ सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर से मिला, विश्व हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष आलोक गर्ग ने कहा कि विहिप डीएम परिसर पार्क में खुले में नमाज़ अदा करने का पुरजोर विरोध करता है ,अगर यहां नमाज पढ़ना बंद नहीं हुआ तो बजरंग दल के कार्यकर्ता भी कल इसी स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।''सार्वजनिक स्थलों पर जबरन नमाज पढ़ने पर मनाई है तो यह लोग कैसे डीएम परिसर में नमाज पढ़ सकते हैं ,जिला प्रशासन कहां सोया है,या फिर यह सब कार्य जिला प्रशासन के अनुमति से हो रहा है, विश्व हिंदू परिषद गाजियाबाद इस प्रकरण का खुला विरोध करता है,इस दौरान उपस्थित रहे विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया, महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख अश्विनी शर्मा, बजरंग दल महानगर संयोजक प्रबल गुप्ता, राजनगर एक्सटेंशन के अध्यक्ष निखिल त्यागी, अमित चौधरी साथ रहे!

**Maa Sharda Mahavidyalaya**
Suithakalan, Shahganj, Jaunpur
**REQUIRED**
for D.El.Ed.(BTC) Course
**PRINCIPAL-01**
**LECTURER**
Foundation in Education (01)
Humanities & Social Science (01)
Maths (01), Language (01)
Fine Arts/Performing Arts (01)
**INSTRUCTOR-01**
Health & Physical Education
Qualification & Experience as per the norms of SCERT/NCTE/ State Govt. of U.P.
Send your resume within 15 days at hr.maasharda@gmail.com
**7235090000**

# पुलिस विभाग और जिला प्रशासन मिलकर कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न करायेंगे: रविन्दर

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

- हर कांवड़िये की सेवा, सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है
- कांवड़ यात्रा से सम्बंधित कार्यों को करने हेतु अंतिम क्षण का इंतजार ना करें: दीपक मीणा

पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद जे.रविन्दर गौड़ और जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों के समन्वय समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान गाजियाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग पर ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में कांवड़ यात्रियों एवं जनता को होने वाली समस्याओं, सुरक्षा एवं असुविधाओं से अवगत कराया गया। जिसमें उनके द्वारा विशेषत- कुछ जगह सड़कों को गड्ढ़ामुक्त कराने, जलभराव होने वाल क्षेत्रों में जलनिकासी की व्यवस्था करवाने, कई जगह पर पहले की अपेक्षा अतिरिक्त मोबाईल टॉयलेट लगवाने, अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था बढ़ाने, विशेष जगहों पर सुरक्षा की दृष्टि से ट्रांसफार्मरों की कवरिंग करवाने, लटकी हुई विद्युत तारों को ऊंचा करवाने, आवश्यकतानुसार एवं दुर्घटनाग्रस्थ स्थलों के दृष्टिगत नई जगहों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने, बैरिकेडिंग को आवश्यकतानुसार मजबूत लगवाने, कांवड़ मार्ग से नशे की दुकाने हटवाने, मीट शॉप हटवाने, सीसीटीवी लगवाने, गुलर आदि के वृक्ष हटवाने जिससे कांवड़ यात्रियों को समस्या ना हो, झाड़ियां साफ करवाने, पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम की गुणवत्ता की जांच करते हुए लगवाने, मोदीनगर तहसील के पास बम्बा ,छोटा हरिद्वार,गंग नहर में सुरक्षा एवं सावधानी की दृष्टि से मजबूत बैरिकेडिंग करवाना, कांवड़ मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र करवाने या कांवड़ यात्रा की व्यवस्था के अनुरूप करवाना साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान सफाई व्यवस्था को सही रखने सहित अन्य बिन्दुओं पर क्षेत्रवार चर्चा हुई। इस दौरान पीडब्लूडी, जल निगम, विद्युत विभाग, सम्बंधित अधिशासी अभियंताओं, स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका अधिकारियों ने कहा कि 11 जुलाई से पूर्व ही सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जायेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि हम सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए कांवड़ यात्रा के दौरान सफाई-व्यवस्था, पेयजल, मोबाईल टॉयलेट आदि की व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखेंगे। पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सफाई हेतु समय निर्धारित करते हुए कांवड़ मार्ग को स्वच्छ बनाकर रखेंगे। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद जे.रविन्दर गौड़ द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पुलिस विभाग और जिला प्रशासन मिलकर कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न करायेंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान रात्रि के समय हर वाहन चालक की एल्कोमीटर टेस्ट करें जिससे कि कोई दुर्घटना ना होने पाएं। ड्यूटी के दौरान शालीनता और सकारात्मकता के साथ अपने दायित्वों को निभायें। हर कांवड़िये की सेवा, सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना है कि जब तक आपका कोई रिपेलेसमेंट नहीं आता तब तक आप अपनी ड्यूटी पर बने रहें। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि कांवड़ यात्रा से सम्बंधित कार्यों को करने हेतु अंतिम क्षण का इंतजार ना करें, सभी कार्यों और व्यवस्थाओं को पहले से ही पूर्ण कर लें। कांवड़ मार्ग को गड्ढ़ामुक्त बनाते हुए विद्युत व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था का कार्य पूर्ण करते हुए कांवड़ मार्ग को सुन्दर बनायें। सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत विभाग विद्युत खम्भों पर लगभग 5 फीट तक प्लास्टिक से कवरिंग करें। कांवड़ मार्ग से झाडियां आदि की सफाई करते हुए जल निकासी के उचित प्रबंध करें। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी समन्वय बनाते हुए कार्य करें। बैठक में पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून-व्यवस्था पुलिस अधिकारी एवं जिला प्रशासन से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम सिटी विकास कश्यप, सभी उपजिलाधिकारी, सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)